श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 31 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 127, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





भारतीय हॉकी टीम का अजेय अभियान जारी 17

जल्द रिलीज होगी सनी लियोनी की कोटेशन गैंग 18


# मनु ने दूसरा पदक जीतकर रचा इतिहास

पेरिस ओलंपिक-2024

शेटराउ, एजेंसी



● सरबजोत के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य जीता

आत्मविश्वास से भरी मनु भाकर ने स्वतंत्रता के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया, जिन्होंने सरबजोत सिंह के साथ पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में दक्षिण कोरिया को हराकर कांस्य पदक जीता।

इससे पहले मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य जीता था। तोक्यो ओलंपिक में मनु पिस्टल में खराबी आने के कारण फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी थीं लेकिन यहां दो पदक जीतकर उन्होंने हर जख्म पर मरहम लगा दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, हमारे निशानेबाजों ने हमें गौरवान्वित करना जारी रखा है। ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत बेहद खुश है।

# वायनाड में भूस्खलन से 123 की मौत, 128 घायल

वायनाड (केरल), एजेंसी

● सेना, नौसेना और एनडीआरएफ बचाव अभियान में जुटीं

● केरल सरकार ने की दो दिनी राजकीय शोक की घोषणा

केरल के पर्वतीय वायनाड जिले में मंगलवार तड़के कई जगहों पर भारी बारिश के बाद हुईं भूस्खलन की घटनाओं में 123 लोगों की मौत हो गई तथा 128 लोग घायल हुए हैं। सैकड़ों लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि भूस्खलन की घटनाएं मंगलवार तड़के हुईं जिससे अपने घरों में सो रहे लोगों को बचने का मौका भी नहीं मिल पाया। भूस्खलन ने तबाही के निशान छोड़े हैं। कई मकान जमींदोज हो गए, नदियां उफान पर हैं और कई पेड़ उखड़ गए हैं। सेना, नौसेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के बचाव दल खराब मौसम के बीच पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। पीड़ितों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कई एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।



वायनाड में भूस्खलन के बाद बचाव कार्य में जुटे कर्मचारी। ● एजेंसी

इससे पहले, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बताया था कि वायनाड में भूस्खलन के बाद अब तक 93 शव बरामद हो चुके हैं। 128 लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। 34 शवों की पहचान की जा चुकी है। इनमें से 18 शव मृतकों के परिवारों को सौंप दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लोगों फंसे होने या बह जाने की आशंका है और हम बचाव कार्य जारी रखेंगे। केरल सरकार ने प्रदेश में दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्य सचिव वी. वेनू द्वारा जारी अधिसूचना में 30 और 31 जुलाई को राजकीय शोक घोषित किया गया है।

### प्रधानमंत्री ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को संकट से निपटने के लिए केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वायनाड में कुछ जगहों पर भूस्खलन की खबर से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजन को खोया है और जो घायल हुए हैं, मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री विजयन से बात कर भूस्खलन प्रभावित वायनाड के हालात का जायजा लिया।

## एक नजर

### बम की धमकी, सोमनाथ एक्सप्रेस को रोका गया

**फिरोजपुर।** जम्मू और राजस्थान के बीच चलने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस में बम की सूचना मिलने के बाद, उसे मंगलवार को पंजाब के फिरोजपुर जिले में एक रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। सोमनाथ एक्सप्रेस जम्मू तवी और राजस्थान में भगत की कोठी के बीच चलती है। एसएसपी सौम्या मिश्रा ने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर दावा किया गया कि सोमनाथ एक्सप्रेस में बम है। जिसके बाद ट्रेन को कासू बेगू स्टेशन पर रोक दिया गया।

### विस्फोटक सहित दो कट्टर नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली जब उन्होंने विस्फोटक सामग्री के साथ दो सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया। अधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने यह गिरफ्तारी दुरनदरभा के जंगलों से की है। गिरफ्तार नक्सली जगरगुंडा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। उनके पास से मिले विस्फोटक को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### ईडी ने की बंगाल में 10 जगहों पर छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो नेताओं के आवासों समेत अन्य मिलों और कार्यालयों को मिलाकर कुल 10 स्थानों पर एक साथ छापेमारी अभियान चलाया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले की चल रही जांच का हिस्सा है। केंद्रीय बलों के साथ ईडी अधिकारियों ने राजरहाट, बारासात, बशीरहाट, भांगर और देगंगा में छापेमारी की।

### बैंक धोखाधड़ी : पूर्व सांसद के खिलाफ चार्जशीट

**नागपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में यहां एक अदालत में पूर्व सांसद ईश्वरलाल जैन और उनके बेटे व पूर्व विधान पार्षद मनीष जैन सहित आभूषण की तीन कंपनियों तथा उनके प्रवर्तकों के खिलाफ अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) दाखिल की है। धन शोधन निवारण अधिनियम से संबंधित मामलों की विशेष अदालत में केंद्रीय जांच एजेंसी ने 26 जुलाई को अभियोजन शिकायत दाखिल की थी।

# 12,209 करोड़ से होगा विकास

**अनुपूरक बजट वर्ष 2024-25** | प्रस्तावित बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का 1.66 %

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● औद्योगिक विकास, युवाओं के कौशल विकास और रोजगार पर विशेष फोकस

● परिवहन विभाग को नई बसें खरीदने के लिए एक हजार करोड़ रुपये का बजट

**अमृत विचार :** विधानसभा में पेश गए 12 हजार 209 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट से प्रदेश के विकास और युवाओं के रोजगार को पंख लगेंगे। इसमें औद्योगिक विकास, परिवहन, ऊर्जा और गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए भी धनराशि का इंतजाम किया गया है। राज्य सरकार विकास कार्यों के लिए 7981.98 करोड़ और राजस्व मद में 4227.94 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसका आकार इस वर्ष के मूल बजट का 1.66 प्रतिशत है। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में बजट प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। योगी ने सदन में प्रश्न प्रहर के दौरान सपा सदस्यों के सवालों पर तीखा हमला बोला। अकबरपुर मामले में गरीबों को ठगने वाले भूमाफिया और महिला सुरक्षा के सवाल पर समाजवादी पार्टी को गंभीर खतरा ठहराया।



विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश करते वित्तमंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

**284 राजकीय इंटर कॉलेजों में बनेगी लैब :** माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत 284 राजकीय इंटर कॉलेजों में लैब की स्थापना के लिए 28.40 करोड़, 1040 राजकीय इंटर कॉलेज में आईसीटी लैब के लिए 66.82 करोड़ की व्यवस्था की गई है। संस्कृति विभाग की योजनाओं के लिए 74.90 करोड़, अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए 53.85 करोड़ दिए हैं। इनमें आवासीय एवं अनावासीय भवनों के रखरखाव पर 2.79 करोड़ खर्च होंगे।

**कृषि विभाग को 100 करोड़, आबकारी को 50 करोड़ :** वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी विभाग के लिए 50 करोड़, कृषि विभाग के लिए 100 करोड़, गृह विभाग के लिए 20 करोड़, न्याय विभाग के लिए 49.50 करोड़, पर्यटन विभाग के लिए 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय एकीकरण के लिए 18.69 लाख, वित्त विभाग के लिए 1.18 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

**योगी के साथ केशव ने लगाए ठहाके :** मुख्यमंत्री आवास पर हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री की भावपूर्ण मुलाकात लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को सुकून देने वाली रही। योगी के साथ केशव प्रसाद मौर्य ठहाके लगाते दिखे। जबकि ब्रजेश पाठक भी प्रशन्नचित नजर आए।

### औद्योगिक विकास के लिए सर्वाधिक साढ़े सात हजार करोड़

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा के पटल पर अनुपूरक बजट को रखते हुए कहा कि अनुपूरक बजट में 7500 .81 करोड़ औद्योगिक विकास, 2000 करोड़ ऊर्जा विभाग, एक हजार करोड़ परिवहन विभाग को नई बसें खरीदने के लिए बजट प्रस्तावित किया है। नगर विकास विभाग की अमृत योजना की सहायता के लिए 600 करोड़, कौशल विकास मिशन के अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 200 करोड़, ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम के लिए 100 करोड़ का प्रस्ताव है।

### चचा को गच्चा देने पर सदन में लगे ठहाके

सदन में दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष के बहाने 'आपने चचा को गच्चा दे ही दिया..' कहकर सपा नेता शिवपाल यादव की चुटकी लेते हुए ठहाके लगवाए। योगी ने कहा कि चचा बेचारा हमेशा ही ऐसे ही मार खाता है। उनकी नियति ही ऐसी है, क्योंकि भतीजा (अखिलेश यादव) हमेशा भयभीत रहता है। जवाब में शिवपाल सिंह यादव ने कटाक्ष किया कि हम तीन वर्ष आपके संपर्क में भी रहे, गच्चा तो आपने भी दिया। यही वजह रही कि चुनाव में सपा आगे हो गई और आप गच्चा खा गए। आपके उपमुख्यमंत्री भी आपको फिर गच्चा देंगे।' उधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी तंज कसा कि उन्होंने (योगी ) दिल्ली वालों को गच्चा दिया है।

# अब नकल माफिया पर कसेगी नकेल, आजीवन कारावास तक की सजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● उप्र सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण विधेयक पारित

**अमृत विचार :** अब परीक्षाओं में पेपरलीक होने पर सख्त कानून के तहत कार्रवाई होगी। दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास तक की सजा होगी। विधानसभा में मंगलवार को उप्र सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण विधेयक 2024 पारित हो गया। इसके अलावा कई और विधेयक पारित हुए।

पारित विधेयक में परीक्षा में नकल व पेपर लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई का प्रावधान है। न्यूनतम दो साल से लेकर उम्रकैद तक का प्रावधान है जबकि न्यूनतम 50 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगेगा। परीक्षा संचालित कराने वाले एजेंसी व उसके संचालकों की जिम्मेदारी तय करने के साथ ही गड़बड़ी पर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई के कड़े प्रावधान किए गए हैं। दोषियों की संपत्तियां भी जब्त की जा सकेंगी।

### धर्म परिवर्तन संशोधन विधेयक पारित

विधानसभा में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक-2024 पारित हो गया। इसे सोमवार को पेश किया गया था। इसमें पहले से अपराधों में सजा जहां दोगुनी तक बढ़ा गई है, वहीं नए अपराध भी शामिल किए गए हैं। नए प्रावधानों के तहत धोखे, कपट, बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तन कराने व शादी करने पर अब तीन से 10 साल की जेल व 25 हजार रुपये जुर्माना होगा। पहले एक से पांच साल जेल व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा थी। नाबालिग, महिला (एससी-एसटी) के साथ अपराध पर अब पांच से 14 साल की जेल व एक लाख रुपये जुर्माना और अवैध ढंग से सामूहिक धर्म परिवर्तन कराने पर सात से 14 वर्ष की जेल और एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

# अलग नहीं हैं देश व धर्म : भागवत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, चोटीपुरा में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि देश और धर्म अलग नहीं हैं। जब से दुनिया बनी है, तब से सनातन धर्म है। धर्म का लक्ष्य सत्य को पाना है। धर्म प्राण ही हमारा देश है। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का जवाब दिया।



चोटीपुरा गांव में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते मोहन भागवत। ● अमृत विचार

● दुनिया के निर्माण से ही है सनातन धर्म, सत्य को पाना धर्म का लक्ष्य

● श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल के कार्यक्रम में शामिल हुए संघ प्रमुख

संघ प्रमुख बतौर मुख्य अतिथि कन्याओं के उपनयन संस्कार समारोह सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संघ के विस्तार में महिलाओं की अहम भूमिका है। पुरुषों को बड़ा बनाने वाली महिलाएं हैं। राष्ट्रीय सेविका समिति के तहत महिलाएं संघ के लिए कार्य कर रही हैं। महाविद्यालय की सभ्यता से खुश भागवत ने कहा कि नई शिक्षा नीति को लागू करने वालों को यहां व्यवस्थाएं देखनी चाहिए। केंद्रीय संस्कृत महाविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास वरखेड़ी ने गुरुकुल की छात्राओं की प्रशंसा की। महाविद्यालय की आचार्य डॉ. सुमेधा ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया।

# अधिक पंजीकरण शुल्क नहीं ले सकतीं बार काउंसिल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि राज्य बार काउंसिल विधि स्नातकों का वकील के रूप में पंजीकरण करने के लिए अत्यधिक शुल्क नहीं ले सकतीं। पीठ ने कहा कि राज्य बार काउंसिल और बार काउंसिल ऑफ इंडिया संसद द्वारा निर्धारित राजकोषीय नीति में परिवर्तन या संशोधन नहीं कर सकतीं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि सामान्य एवं एससी-एसटी श्रेणी के विधि स्नातकों का वकीलों के रूप में पंजीकरण के लिए क्रमशः 650 रुपये और 125 रुपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जा सकता।

# डीसीएम से भिड़ी कार, तीन युवकों की मौत, चौथे की हालत नाजुक

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

**अमृत विचार :** सीबीगंज इलाके में दिल्ली हाईवे पर मथुरापुर गांव के पास मंगलवार रात करीब 10 बजे कार और डीसीएम की आमने-सामने टक्कर हो गई। कार के परखचे उड़ गए और उसमें बैठे शाही के लमकन गांव के तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। चौथे युवक को नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लमकन गांव के कामरान, जुनैद, ताजीम और सोनू किसी काम से बरेली आए थे और रात को घर लौट रहे थे। शहर से निकलते ही सीबीगंज इलाके में सामने से डीसीएम ने कार को टक्कर मार दी। दोनों वाहनों की गति काफी तेज होने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने कार में बैठे जुनैद को तो निकाल लिया लेकिन कामरान, ताजीम और सोनू को कार काटकर निकालना पड़ा लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद डीसीएम का चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। जुनैद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी भी हालत नाजुक बताई जा रही है। एसपी सिटी राहुल भाटी और सीओ संदीप सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

● सीबीगंज इलाके में बरेली-दिल्ली हाईवे पर हादसे के बाद लगा जाम

● शाही के गांव लमकन से बरेली आए चारों युवक देर रात लौट रहे थे घर

# मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतरे, दो लोगों की मौत, 22 घायल

● खड़ी मालगाड़ी को टक्कर मारने के बाद बेपटरी हुए डिब्बे, जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त को सौंपी

रांची, एजेंसी

झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में मंगलवार तड़के मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना तड़के पौने चार बजे दक्षिण-पूर्व रेलवे (एसईआर) के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत जमशेदपुर से लगभग 80 किलोमीटर दूर बड़ाबम्बू के पास हुई।



बेपटरी हुए डिब्बों को ट्रैक से हटवाते रेल कर्मचारी। ● एजेंसी

सरायकेला-खरसावां के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतरकर दूसरी पटरी पर जा गिरा। इसी पटरी पर आ रही हावड़ा-मुंबई मेल की मालगाड़ी के डिब्बे से टक्कर हो गई। चक्रधरपुर के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने कहा कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त हादसे की जांच करेंगे। रेलवे ने मृतकों के परिजन को 10-10 लाख, गंभीर घायलों को पांच-पांच लाख और मामूली घायलों को एक-एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

**मौसम का बदला मिजाज** | सिर्फ एक वर्ष में वैश्विक पारा 0 .01 डिग्री सेल्सियस बढ़ा, करीब सौ साल में ग्लोबल वार्मिंग में 1 .5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि

# वैश्विक गर्मी ने तोड़ डाले पिछले सारे रिकॉर्ड

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** मौसम के बदलते मिजाज और तेजी से बढ़ते ताप से मौसम के जानकारों के माथे से पसीना टपकने लगा है। महज एक साल में औसत ग्लोबल वार्मिंग ने 0.01 डिग्री सेल्सियस बढ़ गई है। देखने मे यह भले ही मामूली प्रतीत हो रहा हो, लेकिन इतना खतरनाक है कि इसकी गंभीरता को शायद ही कोई आम इंसान समझ सके।

करीब सौ साल में ग्लोबल वार्मिंग में तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। यह औसत तापमान है। 100 सालों में दुनिया के कुछ हिस्सों में कहीं औसत 1 से 10 डिग्री सेल्सियस पारा बढ़ा है तो माइनस में रहने वाले क्षेत्रों में भी वृद्धि दर्ज की गई है। यह बेहद खतरनाक है। इस वर्ष 21 जुलाई की गर्मी ने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ डाले। यह पृथ्वी पर वर्ष का ही नही बल्कि अतीत का भी सबसे गर्म दिन रहा। मौसम विशेषज्ञ हैरान हैं। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री पर रोकने के लिए 2015 में विश्व के देशों के बीच अनुबंध हुआ था। मगर 9 साल बीतने के बाद भी इसे कम करने के उपाय कारगर साबित नहीं हुए। यह चिंताजनक ही नहीं बल्कि अत्यंत गंभीर मसला है। इस सदी के अंत तक वैश्विक औसत ताप को हमें 2 डिग्री सेल्सियस पर रोकना होगा और कोशिश इसे डेढ़ डिग्री से कम करने की हो, लेकिन कम न भी कर सकें तो निर्धारित लक्ष्य पर तो विराम लगाना सुनिश्चित करना ही पड़ेगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो भविष्य के पीढ़ियां हमें कोसेंगी ही नहीं बल्कि धरती का दुश्मन समझेंगी। विकास के नाम पर्यवारण का सत्यानाश किया जा रहा है। पर्यवारणविद यही मानते हैं। वास्तव में विकास हमें किस गर्त में धकेल रहा है, इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल नहीं है, मगर समझना आमजन के बस से बाहर है। दुनिया के सभी देशों के प्रमुखों को आगे आकर भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी कोई सार्थक हल निकल पाएगा। सी3एस के जारी आंकड़े के अनुसार इस वर्ष 21 जुलाई को औसत वैश्विक तापमान 17.09 डिग्री सेल्सियस रहा। गत वर्ष जुलाई 2023 में 17.08 रिकार्ड किया गया था। सिर्फ एक वर्ष के अंतराल में .01 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि बेहद चिंताजनक ही नहीं खतरनाक भी है। इससे पूर्व 2016 में वैश्विक औसत तापमाम 16.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इस आंकड़े से विश्व के पर्यवारण को समझा जा सकता है।



### कोपर्निकस जलवायु परिवर्तन सेवा की रिपोर्ट

कोपर्निकस जलवायु परिवर्तन सेवा ने ताजा आंकड़े जारी किए हैं। यह संस्था 1940 से पृथ्वी के जलवायु पैटर्न पर नज़र रख रही है। इस संस्था को सी3एस के नाम से भी जाना जाता है। सी3एस के मुताबिक 21 जुलाई कम से कम 20वीं सदी की शुरुआत के बाद से पृथ्वी पर सबसे गर्म दिन का नया रिकॉर्ड है। साथ ही पिछले 13 महीनों के तापमान में भी खासा अंतर प्रदर्शित किया है।

## एक नजर



जत्थे के साथ कांवड़ लाने जाते पूर्व मंत्री।

### पूर्व मंत्री कांवड़ लेने रवाना

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना का जत्था कांवड़ लाने बृजघाट के लिए रवाना हुआ। कृष्णा विहार में शिव मंदिर में पूजन के बाद भोलेनाथ के जयकारे के साथ जत्था रवाना हुआ। इस वर्ष लगभग 50 कांवड़िए रामपुर से रवाना हुए। पूर्व मंत्री लगभग 45 वर्ष से लगातर कांवड़ ला रहे हैं। उनके पुत्र विकास सक्सेना भी 1992 से उनके साथ कांवड़ ला रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ विकास सक्सेना, अंकित सक्सेना, सारांश सक्सेना, प्रेमपाल यादव, प्रेम पाल लोधी, निखिल ठाकुर, यश सक्सेना करण सिंह लोधी भी गए हैं।

### तीन ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए हरिद्वार-बीकानेर समेत तीन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाएगा। तीन अगस्त से 31 अगस्त तक ट्रेनें अतिरिक्त कोचों के साथ चलेंगी। न्यू जलपाई गुड़ी एक्सप्रेस-उदयपुर सिटी (19601-02) तीन से 31 अगस्त तक ट्रेन में एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लगेगा। इसी तरह बीकानेर-हरिद्वार एक्सप्रेस 14717-18 में 2 अगस्त से 31 अगस्त तक एक थर्ड एसी व स्लीपर समेत दो कोच और ट्रेन बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस (14887-88) में एक अगस्त से 31 अगस्त तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगा। ऋषिकेश श्रीगंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन दो अगस्त से एक सितंबर तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच के साथ चलेगी।

### डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में आज आ सकता फैसला

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में बुधवार को फैसला आ सकता है। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी आदि में गंज थाने मुकदमे दर्ज कराए थे। इनमें से कुछ में फैसला आ चुका है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में आज फैसला आ सकता है।

# नौकर-दामाद ने ही रची थी लूट की साजिश

## 4.30 लाख रुपये बरामद, प्लाईवुड व्यापारी के नौकर ने दी थी थाने में सूचना

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** अमरोहा जनपद के तहसील हसनपुर निवासी प्लाईवुड कारोबारी के नौकर से चार लाख तीस हजार रुपये नकदी लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। दरअसल नौकर ने रकम का थैला अपने दामाद को देकर लूट की फर्जी कहानी रची थी। पुलिस ने नौकर व उसके दामाद को गिरफ्तार कर 4 लाख 30 हजार रुपये की नकदी भी बरामद कर ली।

हसनपुर में पेंट व प्लाईवुड के थोक कारोबारी शिवम अग्रवाल का नौकर गांव डगरौली निवासी जयपाल सिंह सोमवार को बदायूं, मुरादाबाद व संभल के दुकानदारों से उधार में दिये गये सामान का पैसा वसूल कर लाने के लिए गया था। रात नौ बजे जयपाल ने मालिक शिवम व कैला देवी थाना पुलिस को सूचना देकर बताया कि संभल गवां मार्ग पर बाइक सवार बदमाश उसे धक्का देकर नकदी लूटकर ले गये। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि लूट की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र व सीओ अनुज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया तो नौकर जयपाल शक के दायरे में आया। कड़ाई से पूछताछ पर जयपाल ने सच उगल दिया। जयपाल ने बताया कि ज्यादा रकम देखकर उसके मन में लालच आ गया और उसने अपने दामाद कमल निवासी बिजनपुर थाना आदमपुर को बुलाकर नकदी वाला बैग उसे देने के बाद पुलिस व मालिक को लूट की झूठी सूचना दे दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम ने कमल को गिरफ्तार किया तो उसने 4 लाख 30 हजार नकदी से भरा बैग भी पुलिस को बरामद करा दिया।



पुलिस गिरफ्त में लूट की कहानी रचने वाला नौकर, साथ में उसका दामाद व जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ● अमृत विचार

### सिर पर खुद मारी चोट जिससे सच्ची लगे कहानी

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि जयपाल ने अपने सिर पर खुद चोट मारी और फिर बताया कि बदमाशों ने लूटपाट के दौरान धक्का मारने से उस चोट लगी है। जयपाल ने समझा था कि चोट लगी होगी तो उसकी बात पर सभी यकीन कर लेंगे लेकिन पुलिस ने चौबीस घंटे में नौकर जयपाल के झूठ की पोल खोलकर मामले का खुलासा कर पूरी रकम बरामद कर ली है।

### 25 साल से कर रहा था नौकरी, फिर भी कर दी मालिक से गद्दारी

**संभल, अमृत विचार :** हसनपुर निवासी पेंट व प्लाइवुड कारोबारी शिवम अग्रवाल को नौकर जयपाल पर बड़ा भरोसा था। वह उसे नौकर नहीं बल्कि घर के सदस्य की तरह रखते थे। जयपाल पिछले 25 साल से शिवम अग्रवाल के यहां काम कर रहा था। भरोसा होने की वजह से ही शिवम अग्रवाल ने जयपाल को पैसा वसूली के काम पर रखा था। उन्हें नहीं पता था कि 25 साल तक साथ काम करने के बाद भी जयपाल उनके साथ गद्दारी कर देगा।

# अस्पताल में डिलीवरी के दौरान महिला व बच्चे की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, संभल



**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला रायसत्ती में अपंजीकृत अस्पताल में डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान जच्चा बच्चा की मौत हो गई। डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने हंगामा किया। हालात देख डॉक्टर अस्पताल छोड़कर मौके से भाग गया। परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। हालांकि महिला व बच्चे का पोस्टमार्टम कराने को परिजन तैयार नहीं हुए। परिजनों का कहना है कि आशा ने ही प्रसूता को निजी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कबीर की सराय निवासी फहीम की गर्भवती पत्नी फूलजहां को सोमवार की दोपहर में प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजनों का कहना है कि घर पहुंची आशा कार्यकत्री यासमीन ने फूलजहां को रायसत्ती में स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां नॉर्मल डिलीवरी नहीं होने पर डॉक्टर ने देर रात 11 बजे प्रसव कराने के लिए फूलजहां का ऑपरेशन शुरु किया तो महिला के साथ ही पेट में बच्चे की भी मौत हो गई। महिला व बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देखकर डॉक्टर स्टाफ सहित अस्पताल से रफू चक्कर हो गया। सूचना मिलने पर मौके पुलिस भी पहुंची और फूलजहां के शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा, लेकिन परिजनों ने मना कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर फूलजहां का शव परिजनों को सौंप दिया। फूलजहां के पति फहीम ने पुलिस को तहरीर निजी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि तहरीर मिली है। परिजनों ने महिला के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

- हालात देख डॉक्टर अस्पताल छोड़कर भागा, परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर
- परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

### आशा कार्यकत्री पर लगाया आरोप

**संभल, अमृत विचार :** आशा कार्यकत्रियों को गर्भवती महिलाओं को समय समय पर टीकाकरण, देखभाल व प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल लाने की जिम्मेदारी मिली हुई है। जिसके लिए सरकार की ओर से आशा कार्यकत्री को प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है, लेकिन अधिक रुपयों के चक्कर में आशा कार्यकत्री गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल न पहुंचाकर निजी अस्पताल में भर्ती करा रही हैं। सोमवार की रात कबीर की सराय निवासी फहीम ने आशा कार्यकत्री पर गर्भवती पत्नी फूलजहां प्रसव के लिए नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला रायसत्ती में स्थित न्यू केयर निजी अस्पताल में भर्ती कराने का आरोप लगाया। यहां ऑपरेशन के दौरान प्रसूता व उसके बच्चे की मौत हो गई।

# प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई स्थापित करें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सभी खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत को पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान की मदद से व्यक्तिगत शौचालयों की सुविधा से वंचित पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। 19 अगस्त तक व्यक्तिगत शौचालय का धन उनके खातों में भेजने को कहा।

जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की उपस्थिति में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे स्वच्छता के कार्यों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के ओडीएफ प्लस, मॉडल ग्रामों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने, एक माह में प्रत्येक घर से कम से कम 30 रुपये तथा दुकानों व प्रतिष्ठानों से कम से कम 50 रुपये प्रति माह यूजर चार्ज लेने के निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक घर में शौचालय निर्माण के साथ ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन पर भी विशेष रूप से फोकस करना है, ताकि जिले के सभी गांव को मॉडल गांव बनाया जा सके।

जिलाधिकारी ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई स्थापित करने के निर्देश दिए। कहा कि ग्राम पंचायत सिंगर खेड़ा विकासखंड सैदनगर में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई 15 दिन में तैयार हो जानी चाहिए। वहां सिंगल यूज प्लास्टिक प्रक्रिया से आय के स्रोत विकसित किए जाएं। उन्होंने ग्राम पंचायत किरा विकासखंड शाहबाद में निर्मित बायोगैस प्लांट पर रिफिलिंग यूनिट लगाकर गैस सिलेंडर विक्रय करने के निर्देश दिए। बैठक में ब्लॉक प्रमुख चमरौआ, मिलक, जिला विकास अधिकारी, पंचायत राज अधिकारी सहित सभी खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

## छह अगस्त तक रद रहेंगी 18 जोड़ी ट्रेनें

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पिछली सात जुलाई से रेल मंडल के रोजा में रिमॉडलिंग का काम चल रहा है। प्री-एनआई के बाद गुरुवार से नॉन इंटरलॉकिंग का काम शुरू होगा। इसके चलते यूपी-बिहार से गुजरने वाली 18 जोड़ी ट्रेनें छह अगस्त तक रद रहेंगी। जबकि कई प्रमुख ट्रेनें काशी विश्वनाथ, लखनऊ-चंडीगढ़ इंटरसिटी, बरेली-बनारस 31 जुलाई से रद होने लगेंगी। जबकि कुंभ और उपासना एक्सप्रेस को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। बरेली-लखनऊ के बीच रोजा स्टेशन के रिमॉडलिंग में एनआई का काम शुक्रवार से शुरू होगा।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मेजर वर्क के चलते रेलवे ने मुरादाबाद-लखनऊ रूट की प्रमुख ट्रेनों के संचालन में व्यापक फेरबदल किया है। एक अगस्त से रोजा में एनआई वर्क शुरू होगा। इसके चलते कई प्रमुख ट्रेनों को अगले करीब एक हफ्ते के लिए रद किया गया है। उन्होंने बताया कि एनआई के लिए प्रमुख गाड़ियों का संचालन रोका गया है। कुछ गाड़ियां रद तो कुछ को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। एनआई के चलते इस दौरान ट्रेनों को देरी से चलाया जाएगा।

# एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में बिना अनुमति घुसा संदिग्ध व्यक्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम के पीलीकोठी स्थित एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) भवन के डेटा सेंटर में मंगलवार को एक व्यक्ति बिना अनुमति व प्रयोजन के घुस गया। जिससे डेटा सेंटर की गोपनीयता प्रभावित होने से सवाल खड़ा हो गया है। इसको देखते हुए सिविल लाइंस थाने में आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई है।

एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में स्पष्ट आदेश है कि बिना अनुमति व प्रयोजन के प्रवेश निषेध है। इसके बाद भी सतवीर सिंह नामक व्यक्ति बिना अनुमति प्रवेश कर गया और डेटा सेक्योरिटी व आईसीसीसी सेंटर की गोपनीयता प्रभावित कर दी। रिसेप्शन पर भी उसे नहीं रोका गया। डेटा सेंटर में संदिग्ध व्यक्ति के घुसने की जानकारी पर सभी सन्न रह गए। इसकी जानकारी मिलने पर मंडलायुक्त व स्मार्ट सिटी मिशन लिमिटेड के अध्यक्ष आन्जनेय कुमार सिंह के आदेश पर संदिग्ध व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने के लिए सिविल लाइंस थाने में कार्यालय स्तर से तहरीर दी गई। इसके अलावा डेटा सेंटर में उपस्थित परियोजना प्रबंधक एलटीटीएस लिमिटेड देवेश अठाले को सतवीर सिंह को बिना प्रयोजन व अनुमति के प्रवेश कराने पर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने उनसे स्पष्टीकरण तलब किया। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। सतवीर भाजपा से जुड़ा बताया जा रहा है।

### शिविर में 17 आपत्तियों का निस्तारण, 21 लाख से अधिक कर वसूला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम के हर जोन में मंगलवार को जीआईएस सर्वे से संबंधित आपत्तियों की सुनवाई और निस्तारण के लिए शिविर लगा। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह की मौजूदगी में इन शिविरों में 57 आपत्तियां आईं जिनमें से 17 का मौके पर निस्तारण कराकर 21,53,175 रुपये का कर वसूला गया। शिविर में पार्षद सुरेंद्र विश्नोई, क्षेत्रीय कर अधीक्षक व जोनल कार्यालय के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक ने रामगंगा नदी किनारे बसी बस्तियों को उजाड़ने का उठाया मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रामगंगा नदी के किनारे बसे लोगों के घर गिराने को नोटिस देने के मामले ने तूल पकड़ लिया। मंगलवार को लखनऊ में चल रहे विधानसभा सत्र में मुरादाबाद देहात क्षेत्र के विधायक रामगंगा नदी के पास हजारों घरों को बचाने की पैरवी की है। उन्होंने 50 साल से गंगा किनारे बसे लोगों के घर निगम द्वारा अवैध बताने की बात को सदन में गलत ठहराते हुए जांच कराने की मांग की है। हालांकि विधानसभा में भाजपा नेता ने मामले को पहले नोटिस नहीं दिए जाने की बात कहकर रोकना चाहा। लेकिन विधायक नासिर कुरैशी ने अपनी बात जारी रखी।

मंगलवार को लखनऊ में चल रहे विधानसभा सत्र में मुरादाबाद देहात विधानसभा क्षेत्र के विधायक नासिर कुरैशी ने जिले के सबसे ज्वलंत मुद्दा को उठाया। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद में बह रही पावन रामगंगा नदी के किनारे 70 प्रतिशत आबादी बसी है। जिसमें प्राचीन काली माता का मंदिर और जामा मस्जिद होने का हवाला देने के साथ चक्कर की मिलक, बंगला गांव, दसवां घाट, नबाबपुरा, लालबाग, वारसी नगर, जामा मस्जिद, बरबलान रामगंगा के किनारे 50 हजार से अधिक लोग सालों से रह रहे हैं। जिन्हें अब नगर निगम अवैध बताकर गिराने का नोटिस दे चुका है।

उन्होंने सदन के सभापति से इसकी जांच कराने की मांग करते हुए इस कार्रवाई को रोकने की मांग की। इससे पहले सांसद रुचि वीरा ने भी रामगंगा किनारे बसी बस्तियों को उजाड़ने की कार्रवाई में सरकार पर भेदभाव करने का आरोप लगाया था।

# बापू मॉल की पांच दुकानों का हुआ आवंटन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बापू मॉल के प्रथम तल पर बनी 149 दुकानों में से पांच दुकानों का आवंटन पहले दिन हुआ। नीलामी में 15 लोगों ने प्रतिभाग किया। सभी ने एक-एक लाख रुपये के हिसाब से 15 लाख रुपये का प्रीमियम जमा किया। नीलामी 31 जुलाई और एक अगस्त तक होनी हैं।

नगर पालिका परिषद में दोपहर करीब एक बजे से अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी की देखरेख में नीलामी हुई। इसमें शहर के दुकानदार और व्यापारियों ने भाग लिया। इसमें 149 दुकानों की बोली का लक्ष्य रखा गया। लेकिन मंगलवार को नीलामी बोली कुछ खास असर नहीं दिखा सकी। पहले दिन पांच दुकानों का ही आवंटन हो सका। अभी भी 143 दुकानें खाली हैं। व्यापारियों की मांग पर पालिका ने किराया 60 रुपये से घटाकर 30 रुपये स्कवायर फिट कर दिया है। इसके बाद भी व्यापारियों ने दुकानों के आवंटन में रुचि नहीं दिखाई।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पहले दिन प्रथम तल की पांच दुकानों का आवंटन हुआ है। बोली में 15 लोगों ने प्रतिभाग किया। बोली 31 जुलाई और एक अगस्त को भी होगी। इस अवसर पर संपत्ति प्रभारी अफजल समीर, कार्यवाहक अध्यक्ष कर अधीक्षक शमीम अहमद, राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार, निर्माण खंड के अवर अभियंता उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।



नगर पालिका के सभागार में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

- नगर पालिका के सभागार में तीन दिन चलेगी नीलामी की प्रक्रिया

## पनवड़िया की 21 दुकानों को आरडीए ने किया सील

**रामपुर, अमृत विचार :** पनवड़िया चौराहे पर 21 दुकानों को रामपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने सील कर दिया। प्रशासनिक कार्रवाई से दुकानदारों में खलबली मची रही। दो दिन पहले ही यहां के दुकानदारों को पालिका प्रशासन की ओर से नोटिस दिए गए थे।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा 25 जुलाई को 21 दुकानदारों को दिए गए नोटिस में कहा था कि वार्ड नंबर एक स्थित पनवड़िया चौराहे के पास बंजर भूमि पर दुकानों का निर्माण करा लिया गया है। तहसील सदर की आख्यानुसार इस जगह दुकानों का निर्माण अवैध है। यह जमीन गाटा संख्या 256/2 है। मंगलवार को तहसीलदार केके चौरसिया, डिप्टी कलेक्टर विकास कुमार रामपुर प्राधिकरण की टीम के साथ पनवड़िया पहुंचे। इसके बाद उन्होंने दुकानों पर आरडीए की सील लगाई दी।

# ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट अनिवार्य : संतोष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मंडल स्तर का ट्रायल 13 एवं 14 अगस्त को होगा

**अमृत विचार :** प्रभारी जिला क्रीडा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय चयन, ट्रायल शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में नौ अगस्त को प्रातः 10 बजे से किए जाएंगे।

ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को फिजिकल एवं स्किल टेस्ट देना अनिवार्य है। सभी विभागाध्यक्ष व कार्यालय अध्यक्ष से अपने अधीनस्थ कार्यरत इच्छुक अधिकारियों, कर्मचारियों व खिलाड़ियों को चयन/ट्रायल में भाग लेने के लिए निर्देशित करें। परिषद, बोर्ड, नगर निगम, पंचायत, पुलिस विभाग के कर्मचारी, अध्यापक, सहायक अध्यापक ट्रायल में भाग नहीं ले सेकेंगे। जिला, मंडल एवं प्रदेश स्तरीय सिविल सर्विसेज चयन/ट्रायल कार्यक्रम के अनुसार टेनिस, वॉलीबॉल, तैराकी, बास्केटबॉल, बैडमिन्टन, टेबिल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन एंड बेस्टफिजिक, एथलेटिक्स, फुटबॉल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, पावरलिफ्टिंग, क्रिकेट एवं हाकी का जिला स्तरीय ट्रायल नौ अगस्त को शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में होगा। मंडल स्तर का ट्रायल 13 एवं 14 अगस्त को होगा। प्रदेश स्तर का ट्रायल 22 एवं 23 अगस्त को होगा।

टेनिस का ट्रायल प्रयागराज, वॉलीबॉल का बस्ती, तैराकी का लखनऊ, बास्केटबॉल का वाराणसी, बैडमिन्टन का मुरादाबाद, टेबिल टेनिस का अयोध्या, कबड्डी का सहारनपुर, शतरंज का लखनऊ, कुश्ती का गोरखपुर, पावरलिफ्टिंग का आगरा, क्रिकेट का कानुपर एवं हाकी का ट्रायल रायबरेली में किया जायेगा।

**प्रदर्शन** मॉक जेल की सलाखों के पीछे खड़े होकर किया विरोध प्रदर्शन

# केजरीवाल की रिहाई को सड़कों पर उतरे इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय आह्वान पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई को लेकर इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी सड़कों पर उतर गए। उन्होंने भाजपा के खिलाफ नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कई महीनों से शराब घोटाले के नाम पर राजनैतिक षडयंत्र के तहत गिरफ्तार करके जेल में रखा गया है। आज तक उनके खिलाफ कोई भी सबूत ईडी व सीबीआई कोर्ट में नहीं रख सकी है। उनकी लोकप्रियता से परेशान होकर आम आदमी पार्टी को खत्म करने की कोशिश में भाजपा जुटी है।

बरेली गेट स्थित आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को कार्यकर्ता एकत्र हुए। इसके बाद इंडिया गठबंधन ने कलक्ट्रेट की ओर कूंच किया तो पुलिस ने कार्यालय को छावनी में तब्दील कर दिया। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ मॉक जेल की सलाखों के पीछे खड़े होकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

इसमें उनका कहना था कि अरविन्द केजरीवाल का दोष इतना ही है कि वह जनता के हित में दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा जैसे क्षेत्र में लगातार बेहतरीन कार्य कर रहें हैं। इसलिए आम आदमी पार्टी की देश में लोकप्रियता बढ़ रही है। कहा कि अरविंद केजरीवाल के साथ विपक्ष के हर उस नेता को भाजपा अपनी ईडी व सीबीआई के माध्यम से टारगेट कर रही है जो जनहित के मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से उठाते हैं। राष्ट्रपति से मांग की कि गिरफ्तारी को तुरंत खारिज करके उन्हें ससम्मान रिहा किया जाए। स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें इलाज की मुकम्मल व्यवस्था दी जाए।




जिला कार्यालय पर प्रदर्शन करते इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### विरोध प्रदर्शन करने में यह रहे शामिल

प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला, समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारक एवं किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार ताजिंद्र सिंह विर्क, आप के जिलाध्यक्ष अंसार अहमद, चेयरमैन के पति मामून शाह खां, सांसद के प्रतिनिधि हाजी अय्यूब, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य एआईसीसी मुतिउर्रहमान खां बब्लू, कांग्रेस के जिला प्रवक्ता सिफत अली खान, रुहेलखंड प्रांत के उपाध्यक्ष आसिफ मियां, प्रांत सचिव जुल्फिकार अली तुर्क, जिला महासचिव डॉ. जफर, रजनीश शर्मा, संजीव पांडे, राजीव गुप्ता, सभासद बशीर अहमद, शकील अंसारी, तारिक खां, हबीब अहमद, आरिफ सिकंदर राजू, सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू, मुईन खां, रविंद्र भाटिया, राजीव यादव, राम सिंह मौर्य, सचिन कुमार, अंसब नजील, आयुष जौहरी, हिदायत अली, राशिद अली, इब्ने अली, शैजी शाहवेज, अदील मियां, समीना बी, फायजा बी, शाहीन बी, रज़िया बी, आलमगीर, अजय सिंह, काशिफ खां, अब्दुल समद, अजीम खां, माजिद खां, वासिफ खां, शकील अहमद, जाकिर अली, आलिम अली, बशीर अहमद, शरीफ अहमद, महेश सैनी, आदित्य शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रुद्राक्ष पहनते ही महिला की मानसिक हालत बिगड़ी

संवाददाता, ढबारसी (अमरोहा)

- ग्रामीणों ने कार सवार छह साधुओं को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

**अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में साधुओं ने एक महिला को संकट मुक्ति के लिए रुद्राक्ष दे दिया। रुद्राक्ष पहनते ही महिला की मानसिक हालत बिगड गई। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने कार सवार छह साधुओं को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है।

कोकापुर गांव में मंगलवार दोपहर कार सवार छह साधु घूम रहे थे। इस बीच गांव निवासी शीला पत्नी राकेश खेत पर काम करके घर लौट रही थीं। रास्ते में उसे साधु मिल गए। साधुओं ने शीला पर संकट बताते हुए रुद्राक्ष धारण करने की सलाह दी। कहा कि इसके धारण करने से संकट दूर हो जाएगा और परिवार में शांति बनी रहेगी। महिला साधुओं की बातों में आ गई और रुद्राक्ष धारण कर लिया। तभी महिला की हालत बिगड गई और बहकी बहकी बातें करने लगी। महिला की हालत देखकर ग्रामीणों ने साधुओं को पकड़ लिया। उन्होंने साधुओं को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस साधुओं को लेकर थाने पहुंची और उनकी तलाशी ली, लेकिन उनके पास कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। बाद में ग्रामीण भी थाने पहुंच गए और उन्होंने महिला की हालत ठीक बताकर साधुओं के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने साधुओं को छोड़ दिया। ढबारसी चौकी प्रभारी चांदवीर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन तलाशी के दौरान साधुओं के पास से आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बाद साधुओं को छोड़ दिया गया।

## छात्र से बाइक साफ कराने का वीडियो वायरल

**पटवाई, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालय में गुरुजी द्वारा छात्र से बाइक साफ कराने का वीडियो मंगलवार को सामने आया है। यह वीडियो विकास खंड शाहबाद के गांव पोहपपुर के प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा है। इसमें गुरुजी छात्रों से पंखा झलवाते दिख रहे हैं। जबकि कुछ छात्र उनकी बाइक साफ कर रहे हैं। हेड मास्टर ज्योति ने बताया कि वह मैटरनिटी लीव पर हैं।

मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें विद्यालय परिसर में खड़ी गाड़ी को छात्र कपड़े से साफ कर रहा है। किसी ग्रामीण ने इस वीडियो को बनाया है।

वीडियो में छात्र अपना नाम व शिक्षक की गाड़ी को साफ करने की बात कह रहा है। शाहबाद के खंड शिक्षा अधिकारी फोटूलाल ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
ISO Registration
• 12A Registration
• 80G Registration
• Nielit Registration
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• Labour Department Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी। छिटपुट बारिश का अनुमान है।

31.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:35 | सूर्यास्त 07:07

श्री माधव
आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
healthy Eye is the main source of your strength.

डॉ. उपमा अवस्थी
एम.एस ऑफ्थैल्मोलॉजी जी.एस.वी.एम. कानपुर पूर्व फेलो इन फेको (श्रॉफ आई, दिल्ली) पूर्व फेलो इन विट्रयो-रेटीना (दिल्ली) पूर्व विट्रियो रेटीना कंसलटेन्ट सी.एल. गुप्ता, मुरादाबाद यू.पी.एम.सी. रजि. नं. 56677
ओ.पी.डी.समय
सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
श्री माधव आई सेन्टर
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG 14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

**एक नजर**

## टावर से बैट्रियां चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिलायंस कंपनी के टावर से बैट्रियां चोरी हो गई। मेरठ के मंगलपांडे नगर निवासी राहुल कुमार रिलायंस कंपनी में तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रिलायंस कंपनी के टावर एकता विहार में लगे हुए हैं। 29 जुलाई की रात में चोर टावर से तीन बैट्री चोरी करके ले गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 315 वाहनों के पंजीकरण निलंबित किए गए

## परिवहन विभाग ने 190 स्कूली वाहन, 45 रोडवेज व 75 प्राइवेट बसों पर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग ने बिना फिटनेस के संचालित वाहनों पर सख्ती कर दी है। अंतिम नोटिस के बाद विभाग की ओर से पंजीयन निलंबित किया जा रहा है। जिसमें 190 स्कूली, छोटे-बड़े वाहनों के अलावा उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम से संबंधित बसें और निजी ट्रांसपोर्टरों की 125 बसों का पंजीकरण निलंबित कर दिया है। तीन महीने के भीतर फिटनेस नहीं कराने पर इन वाहनों का पंजीकरण निरस्त हो जाएगा।

कई जिलों में हुए सड़क हादसों में क्षतिग्रस्त बसों की सरकार के निर्देश पर जांच कराई गई। विभागीय जांच में बसें बिना फिटनेस के चलती मिलीं। जिनमें कई बसें उम्रदराज होने के बाद भी सड़कों पर दौड़ रही थीं और हादसे का शिकार हो गईं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) आन्जनेय कुमार ने बताया कि सरकार ने अब ऐसे में बिना फिटनेस चलने वाले वाहनों के पंजीयन तुरंत निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें 2-2 साल से बिना फिटनेस के सड़कों पर फर्राटा भरने वाले छोटे-बड़े वाहनों का पंजीकरण निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इन सभी वाहनों को विभाग की ओर से एक साल से हर तीन महीने पर फिटनेस कराने के लिए नोटिस दिए जा रहे थे। वाहन स्वामियों के मोबाइल पर भी वाहन फिटनेस से संबंधित मैसेज भेजे गए थे। ऐसा न कराने वाले 190 स्कूली वाहनों का पंजीकरण निलंबित कर दिया गया है। जिसमें 105 बसें और 85 छोटे वाहन हैं। वहीं रोडवेज में चल रही निगम की 45 बसों और प्राइवेट तौर पर ट्रांसपोर्ट में लगी 75 बसों का पंजीकरण निलंबित हुआ है। उन्होंने बताया कि इन सभी वाहनों को निलंबन के तीन महीने के भीतर फिटनेस कराना होगा, ऐसा नहीं होने पर पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।


आरटीओ कार्यालय पर वाहनों की फिटनेस चेक करते आर आई। ● अमृत विचार

### जिले में अब तक पंजीकृत वाहनों की संख्या

| | |
|---|---|
| स्कूली वाहन | 600 |
| रोडवेज की बसें | 308 |
| अन्य प्राइवेट बसें | 593 |

### फिटनेस कराने के लिए जरूरी प्रमाण पत्र

☞ वाहन का बीमा सर्टिफिकेट
☞ वाहन के प्रदूषण का प्रमाण पत्र
☞ गाडी का गियर बाक्स, ब्रेक, इंजन ऑयल, लाइट, फायर की एनओसी व आग बुझाने का उपकरण, टायर, हार्न, सीट बेल्ट, गाड़ी का बॉडी व पेंट आदि होने के बाद ही गाड़ी फिटनेस होने लायक होती है। इन सब खर्च से बचने के लिए वाहन स्वामी फिटनेस नहीं कराते। यह सब देखने के बाद फिटनेस प्रमाण पत्र दिया जाता है।

> वाहन स्वामी इन सब चीजों को अपडेट करके नहीं रखते। जिसके कारण बाद में उन्हें फिटनेस कराने में परेशानी आती है। एक साल की फिटनेस फीस 800 रुपये है। लेकिन फिटनेस से पहले बाकी प्रमाणपत्र पूरे करने होते हैं। इनके बिना फिटनेस नहीं हो सकती।
>
> **-हरिओम सिंह,** आरआई संभागीय परिवहन विभाग

# जिला विद्यालय निरीक्षक ने दिए छह शिक्षकों के वेतन रोकने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **छात्र नामांकन में शिक्षकों द्वारा बरती गई थी लापरवाही**

**अमृत विचार:** छात्र नामांकन कार्य में लापरवाही बरतने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने छह शिक्षकों का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि जनपद के अलग-अलग विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाचार्यों को एक जुलाई को नवीन संचालित विद्यालयों के संचालन के लिए अधिकृत करते हुए अधिकाधिक संख्या में छात्र नामांकन कराने के लिए निर्देश दिया था। 30 जुलाई को कार्यालय में छात्र नामांकन की प्रगति की समीक्षा के लिए हुई बैठक में पता चला कि इन सभी शिक्षकों का नामांकन संतोषजनक नहीं है। इसलिए इन सभी शिक्षकों का वेतन रोका जाता है।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जिन शिक्षकों का वेतन रोका गया, उनमें गांव नमैनी गद्दी के राजकीय हाईस्कूल की प्रभारी प्रधानाचार्य रूचि चौधरी, गांव रामूवाला गणेश के राजकीय इंटर कालेज के प्रभारी प्रधानाचार्य अनिल कुमार यादव, गांव महमूदपुर माफी के राजकीय हाईस्कूल की प्रभारी प्रधानाचार्य रेखा चौहान, गांव सिहाली माला के राजकीय हाईस्कूल के प्रभारी प्रधानाचार्य अविनाशा रत्तना, गांव सहरिया राजकीय हाईस्कूल के प्रभारी प्रधानाचार्य भुवनेश कुमार व गांव गक्खरपुर के राजकीय हाईस्कूल के प्रधानाचार्य आकाश कुमार पाल शामिल हैं।

## ग्रामीणों ने एमडीए कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को दिल्ली रोड स्थित मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय पर भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। उन्होंने 11 गांवों की 1250 हेक्टेयर भूमि पर नई टाउनशिप बसाने के लिए जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई रोकने की मांग की। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय में दिया। जिसमें मांग की गई कि शीघ्र मुआवजा दिया जाए वरना अधिग्रहण की कार्रवाई रोक दी जाए। इस दौरान शशिबाला, प्रभा यादव, उमा यादव, ऊषा रानी, स्वाति, बीना यादव, रीता यादव, नरेंद्र पाल, कृष्णपाल, संतराम सैनी, कैलाश सैनी व अशोक यादव शामिल रहे।

# हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को लाल धाम मंदिर रामपुर रोड के सामने नेशनल हाईवे जाम कर दिया। उन्होंने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देते हुए रामपुर दोराहा से जीरो प्वाइंट दलपतपुर तक मार्ग सही करने की मांग रखी।

इसमें राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि संपूर्ण भारत में इस समय कांवड़ यात्रा चल रही है। इस प्रकार की यात्रा हिंदू समाज के लिए और हिंदू धर्म के लिए अति आवश्यक है। परंतु वर्तमान में मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन महानगर में नहीं हो रहा है।

आरोप लगाया कि जिला प्रशासन के अधिकारी महानगर के अंदर कांवड़ यात्रा के मुख्य मार्ग पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। रामपुर दोराहा से जीरो प्वाइंट दलपतपुर तक का मार्ग बरेली रामपुर के कांवड़ियों के निकलने का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग में इतने गहरे-गहरे गड्ढे हैं कि अगर उसमें कांवड़ियों के वाहन का पहिया आ जाए तो निश्चित ही कोई बड़ा हादसा हो सकता है। मार्ग पर लाइट की भी व्यवस्था नहीं है। पूरे मार्ग पर अंधेरा है। राष्ट्रीय बजरंग दल विभाग महामंत्री गौरव सैनी ने कहा कि कांवड़ यात्रा का मार्ग पूर्ण रूप से सुव्यवस्थित होना चाहिए। साथ ही मार्ग में पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था होनी चाहिए। मार्ग में बीच में बहुत सी जगह पर बैरिकेडिंग खुला हुआ है। जिनको बंद किया जाना चाहिए।



पुलिस अधिकारी को ज्ञापन देते अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी।

**मांग**

● **रामपुर दोराहा से जीरो प्वाइंट दलपतपुर तक मार्ग सही कराएं**

● **पदाधिकारी बोले-मुख्यमंत्री के आदेशों का नहीं हो रहा पालन**

# हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से घर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार दोपहर हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से एक घर में आग लग गई। जिससे स्टोर रूम में रखा फर्नीचर और कपड़े जलकर रख हो गए। पड़ोस के लोगों ने बिजली आपूर्ति बंद करवाकर अपने घरों से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। घर में मौजूद सभी चारों सदस्यों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग की घटना से मकान मालकिन का हजारों का नुकसान हो गया है।

थाना सिविल लाइंस स्थित चंद्रनगर कृष्णा कॉलोनी में संजो देवी के मकान समेत कई मकानों से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। संजो देवी कपड़ों की सिलाई करती हैं। उन्होंने अपने मकान की छत पर एक स्टोर रूम बना रखा है। जिसमें वह सिलाई को आने वाले कपड़े और फर्नीचर रखती है। संजो देवी ने बताया कि मंगलवार दोपहर घर में उनके अलावा बहू सीमा पत्नी राजेश, पोता आशीष तोमर और आशीष की पत्नी सोनी मौजूद थीं। इसी दौरान हाईटेंशन लाइन से चिंगारी उठी और स्टोर रूम में आग लग गई। आग की लपटें निकलने पर आस पड़ोस के लोग अपने-अपने मकानों की छतों पर पहुंच गए और शोर मचा दिया। इसी बीच घर में मौजूद सभी लोग बाहर निकल आए। जिसके बाद लोगों ने अपने घरों की छतों से पाइप से पानी की बौछार डालकर आग पर काबू पाया लिया। इसी दौरान दमकल विभाग के कर्मचारी भी गाड़ी लेकर मौके पर पहुंच गए। लेकिन उससे पहले ही आग बुझ चुकी थी। संजो देवी ने बताया कि एक साल पहले भी इन तारों की वजह से घर में आग लगी थी। तब बिजली विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही तार हटा लिए जाएंगे, लेकिन अब तक तार नहीं हटा गए हैं। आग की घटना से उनका हजारों का नुकसान हुआ है और घर की बिजली आपूर्ति भी बंद हो गई है।

इस संबंध में एसडीओ राणा प्रताप ने बताया कि पूरे चंद्रनगर में लोगों ने हाइटेंशन लाइन के नीचे मकान बना रखे हैं। इन लोगों को नोटिस भी भेजा गया है। यह लोग पोल भी नहीं लगाने देते हैं। अब इनको पोल लगाने के लिए राजी किया गया है। विभाग यहां पर 13 मीटर के पोल लगाएगा। जिससे यहां इनको और ज्यादा सुरक्षा दी जा सके। फाल्ट के कारण क्षेत्र में आपूर्ति बाधित हुई थी। तुरंत टीम ने जाकर वहां काम किया और आपूर्ति सुचारू की।


चंद्रनगर में घर में उठती आग की लपटें।


आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल के कर्मी। ● अमृत विचार

**हादसा**

● **एक साल पहले भी लग चुकी है आग, हजारों का हुआ नुकसान**

● **पीड़ितों ने की हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग**

**हर्ष** महानगर में शूटरों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बांटी खुशियां, मनु भाकर को दूसरे पदक पर दी बधाई

# मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जीत का शूटरों ने मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय शूटर मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचते हुए देशवासियों को एक बार फिर झूमने का मौका दिया। उन्होंने भले ही पेरिस में मिश्रित जोड़ी में सरबजोत सिंह के साथ कांस्य पदक जीता हो, लेकिन इस पदक की धमक देश में भी है। महानगर के शूटरों ने भी इस जीत का जश्न मनाया। खिलाड़ियों के साथ अन्य खेल प्रशंसक भी इस जीत का जश्न मनाते नजर आए। सभी ने दोनों शूटरों की सराहना की। मनु भाकर को उनके दूसरे पदक के लिए शुभकामनाएं दी।

भारत की 22 वर्षीय युवा शूटर मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के बाद 10 मीटर एयर पिस्टल की मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। मिश्रित टीम में मनु के साथ सरबजोत सिंह रहे। भारत को दूसरा पदक मिलते ही महानगर में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने इस जीत की खुशी मनाई।

खेल प्रशंसकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। शूटरों ने इस जीत को ऐतिहासिक बताया। कहा कि यह जीत भारतीय शूटरों के लिए नया अध्याय लिखेगी। मनु के इस प्रदर्शन को हमेशा याद रखा जाएगा।



मनु भाकर और सरबजोत सिंह के पदक जीतने पर खुशी मनाते शूटर व अन्य।

> यह जीत हमारे लिए बहुत खास है। इससे हम सभी शूटरों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस जीत को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है।
>
> **-कुशाग्र,** शूटर



> मैंने अभी कुछ समय पहले ही खेलना शुरू किया है। हमारे कोच हमेशा ओलंपिक की वीडियो दिखाकर प्रेरित करते हैं।
>
> **-अभिराज,** शूटर



> यह जीत देश के शूटरों के लिए बहुत अहम है। इससे खिलाड़ियों में नई ऊर्जा आएगी। मैं भी देश के लिए ओलंपिक में पदक जीतना चाहता हूं।
>
> **-रूद्र,** शूटर



> मनु भाकर और सरबजोत की जोड़ी ने कमाल कर दिया। उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर सभी भारतीय को झूमने का मौका दिया है।
>
> **-मुकुल टंडन,** शूटिंग कोच



## गाली देने का विरोध करने पर युवक को पीटा, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिना वजह गाली देने का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव मुड़िया मलूकपुर निवासी रघुवीर ने गांव के ही अजय के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें रघुवीर ने बताया कि सोमवार रात लगभग 9:30 बजे वह घर के बाहर टहल रहा था। आरोप लगाया कि उसी दौरान अजय ने गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपी ने मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। थाना मूंढापांडे प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बच्चों के विवाद में किसान दंपति से की जमकर मारपीट, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के अंतर्गत बच्चों के विवाद में दबंगों ने किसान को घेर कर उसके ऊपर हमला कर दिया। इतना ही नहीं पत्नी बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। शिकायत पर मूंढापांडे थाना पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव वीरपुर थान निवासी किसान सालिम के भाई सफरुद्दीन उर्फ नन्हे ने बताया कि सोमवार दोपहर को सालिम के बच्चों का पड़ोसी के बच्चों से विवाद हो गया। उस समय गांव के ही एक युवक ने बच्चों को समझाकर झगड़ा शांत करा दिया। सफरुद्दीन के अनुसार उसके बाद शाम को उनका भाई सालिम खेत से चारा लेकर लौट रहा था। तभी आरोपी आसिम, उसके चचेरे भाई रियाजुल, फरीद और पप्पू ने लाठी-डंडे लेकर उसे घेर लिया। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए सालिम के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। उसकी पत्नी परवीन बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जिसके बाद घायल सालिम और उसकी पत्नी को लेकर परिवार के लोग थाने पर पहुंचे और तहरीर दी। घायल सालिम को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में थाना मूंढापांडे प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में आज



☞ गांधी नगर पब्लिक स्कूल में म्यूजिकल इवेंट सुबह 9 :30 बजे।

☞ इनरव्हील क्लब आफ मुरादाबाद एसेंस की ओर से तीज फेस्टा होटल ग्रैंड विलेज में 3 :30 बजे।

☞ जीविका बचाओ आंदोलन समिति की सभा कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह 10 :00 बजे।

## एक नजर

### निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित करें कोचिंग सेंटर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली में कोचिंग सेंटर में हुई घटना के बाद जनपद में शिक्षा विभाग की ओर से सभी कोचिंग सेंटरों को नोटिस भेजकर मानकों को पूरा करने का आदेश दिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि जनपद में संचालित सभी कोचिंग सेंटरों के संचालक निर्धारित किए गए मानकों को पालन करें।

### शासन ने विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को दिए हैं तीन दिन में कड़ी कार्रवाई करने के आदेश

# महानगर में बेसमेंट में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर व जिम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** देश की राजधानी दिल्ली में बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की मौत के बाद प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य में बेसमेंट में अवैध रूप से संचालित प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। महानगर में भी अलग-अलग स्थानों में बेसमेंट में कोचिंग सेंटर, जिम, कंप्यूटर सेंटर चल रहे हैं। जिनके खिलाफ अभी कोई सख्ती नहीं हुई।

दिल्ली की घटना के बाद शासन ने प्रदेश में अवैध तरीके से बने बेसमेंट के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है। आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश की ओर से सभी विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष, विशेष क्षेत्र प्राधिकरणों के अध्यक्ष और विनियमित क्षेत्रों के अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वे अपने यहां जांच कर देखें कि बेसमेंट नक्शे के मुताबिक बने हैं या नहीं। अगर बेसमेंट में पार्किंग के अलावा कुछ और संचालित होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करे।

मंगलवार को अमृत विचार की टीम ने महानगर के कई स्थानों पर इसकी पड़ताल की तो कई जगह बड़ी संख्या में ऐसे कॉम्प्लेक्स मिले हैं, जहां बेसमेंट में पार्किंग व स्टोर के लिए नक्शा पास कराया गया, लेकिन वहां दुकानें बना ली गई। साथ ही कई अन्य प्रकार से व्यावसायिक उपयोग किए जा रहे हैं। महानगर के कई स्थानों पर बेसमेंट में कोचिंग सेंटर, कंप्यूटर सेंटर, जिम व दुकानें संचालित हो रही हैं। जहां हादसा होने पर एंबुलेंस आदि नहीं पहुंच सकती हैं।




डिप्टी गंज स्थित एक कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में चल रहा कंप्यूटर सेंटर। ● अमृत विचार

"हमारी टीम द्वारा महानगर का सर्वे कर कॉम्प्लेक्सों को चिह्नित किया जा रहा है। एक-दो दिन में बैठक करेंगे। जिसके बाद जहां नियमानुसार बेसमेंट संचालन नहीं हो रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ऐसे बेसमेंट को सील कराया जाएगा।

–शैलेष कुमार, उपाध्यक्ष, एमडीए

### कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में बनी हैं दुकानें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के गुरहट्टी चौराहे पर ताड़ीखाना की ओर थोड़ा आगे चलने पर एक कॉम्प्लेक्स में दुकान संचालित हो रही हैं। वहीं जेल रोड पर भी कॉम्प्लेक्स की बेसमेंट में दुकानें हैं। जिसमें भी जलभराव की स्थिति हो जाती है। इसके अलावा वहीं महानगर के रेती स्ट्रीट में भी एक कॉम्प्लेक्स की बेसमेंट में दुकानें चल रही हैं। जबकि इस इलाके में हर समय भीड़ रहती है। काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहते हैं। दूसरी ओर बुध बाजार में पुलिस चौकी से थोड़ी ही दूर एक बड़ा कॉम्प्लेक्स बना है। जिसकी बेसमेंट में दुकानें संचालित हो रही हैं।

### पीलीकोठी व रामगंगा विहार में संचालित हो रहे जिम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह अमृत विचार की टीम महानगर के पीलीकोठी चौराहे पर पहुंची तो वहां पीलीकोठी से पीएसी की ओर बढ़ते ही बाईं ओर बने कॉम्पलेक्स के बेसमेंट में जिम संचालित होता मिला। बेसमेंट में बने जिम का रास्ता मात्र दो फिट चौड़ा था, जो काफी संकरा है। वहीं दूसरी ओर रामगंगा विहार एमआईटी के थोड़ी दूर ही एक कॉम्प्लेक्स में जिम संचालित हो रहा है।

### डिप्टी गंज चौराहे के पास बेसमेंट में चल रहे कंप्यूटर सेंटर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के डिप्टीगंज चौराहे से जब स्टेट बैंक की ओर चलेंगे तो वहीं दाहिनी ओर एक कॉम्प्लेक्स बना है। जिसके बेसमेंट में दो कंप्यूटर सेंटर संचालित हो रहे हैं। दोनों कम्प्यूटर सेंटर बेसमेंट में चल रहे हैं, इनके मेन गेट काफी छोटे हैं। अगर इनमें कोई घटना होती है तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# आस्था में भोले का दम, हर ओर गूंज रहा बोल बम, बोल बम

### सावन में शिवभक्त कांवड़ियों को न धूप-बारिश और न ही सड़क के गड्ढों की कोई परवाह, उन्हें तो बस भोले का ही सहारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जैसे भोले बाबा वैसे ही उनके भक्त, निडर और अपनी फक्कड़ी में मस्त। शिवभक्तों की आस्था में दम है तो जुबां पर हर पल बोल बम, बोल बम का जोश। भोलेनाथ की भक्ति की धुन में नाचते गाते कांवड़ियों की असीम शक्ति का ही रंग इन दिनों हर ओर दिख रहा है। नंगे पांव में पड़े छाले न तो उनको दर्द दे रहे हैं और न उनके मंजिल पर पहुंचने की राह में स्थायी अड़चन बन रहे हैं।

22 जुलाई से शुरू हुए कांवड़ माह में हर ओर बस बोल बम, हर हर महादेव का जयघोष है तो भगवा रंग में रंगे कांवड़ियों का जत्था अपने गंतव्य की ओर अथक कदमों से पल-पल आगे बढ़ता जा रहा है। कोई सावन के सोमवार को जलाभिषेक के लिए हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लाने के लिए सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा वाहनों से कर रहा है तो कोई नंगे पांव कंधे पर कांवड़ लिए भोले का जयकारा लगाते हुए 2 अगस्त को शिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए कदम आगे बढ़ा रहा है।

मंगलवार को कांठ रोड पर जिलाधिकारी आवास से आगे हरिद्वार से लौट रहे कांवड़ियों के कई जत्थे दिखे। संभल जिले के बहजोई के कांवड़िये संजू और संजय राणा जत्थे के साथ हरिद्वार से लौटकर कांठ रोड होते बहजोई वापस लौटते समय मिले। अमृत विचार ने जब उनसे बात की तो बताया कि 23 जुलाई को कांवड़ यात्रा में हरिद्वार गंगाजल भरने जत्थे के साथ गये थे। 27 को पहुंचे और अब वापसी हो रही है। एक अगस्त को बहजोई पहुंचेंगे और 2 अगस्त को सावन महीने की शिवरात्रि पर गंगाजल से अपने आराध्य भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि भोलेनाथ की कृपा से रास्ते में भले ही कंकड़ पत्थर धंसे और भी कठिनाई आईं लेकिन भोले बाबा के दम से बोल बम, हर हर महादेव का जयघोष करते ही सब दुख गायब हो जाता है।



हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार



संजय राणा



संजू

## शिवरात्रि के लिए गंगाजल ला रहे भोले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सावन की शिवरात्रि के लिए कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल भरकर लाने शुरू हो गए हैं। इन दिनों महानगर की सड़कों पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ गई है। कांठ रोड हो या दिल्ली रोड दोनों जगह डीजे की धुन पर कांवड़ियां नाचते गाते अपने मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। कांवड़िये शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक करेंगे।

सावन के दूसरे सोमवार पर जलाभिषेक के बाद अब शिवरात्रि पर शिवालयों में जलाभिषेक किया जाएगा। 2 अगस्त को शिवरात्रि हैं। जिसकी धमक अभी से महानगर की सड़कों पर देखने को मिल रही है। तड़के से ही महानगर की सड़कों पर बम-बम भोले के जयकारे गूंजने शुरू हो गए हैं। पूरा दिन कांठ व दिल्ली रोड से कांवड़ियों के जत्थे गुजरते रहे।

कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट से कांवड़ में गंगाजल लेकर शिवालयों की ओर बढ़ रहे हैं। रामपुर, बदायू, बरेली, मिलक, संभल समेत अन्य शहरों के जत्थे मंगलवार को हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर कांठ रोड से गुजरे। इस दौरान पैर में घुंघरू, तन पर भगवा वस्त्र और उसमें लिखा ओम माहौल को भक्तिमय बना रहा था। आगे-आगे डीसीएम, ट्रैक्टर-ट्राली पर डीजे पर भोले बाबा के भजन बज रहे थे और पीछे कांवड़ियों के जत्थे मंजिल की ओर बढ़ रहे थे।



"मैं 2002 से लगातार भोले बाबा की कांवड़ ला रहा हूं। बीच में दो साल कोविड में कांवड़ नहीं ला पाया। मैंने कभी भोलेनाथ से कुछ नहीं मांगा। बिन मांगे ही उन्होंने सब कुछ दिया है।

–नन्हें सिंह, रामपुर



"मेरी यह पहली कांवड़ यात्रा है। इतना आनंद मैंने इससे पहले कभी महसूस नहीं किया। विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ। भोलेनाथ ने यह दिन मुझे दिखाया। इसके लिए शुक्रगुजार हूं।

–आकाश, मिलक



"भोलेबाबा की कांवड़ लाने का अपना अलग ही आनंद है। मैं काफी लंबे समय से कांवड़ ला रहा हूं। अब तक 10 कांवड़ ला चुका हूं। प्रभु ने सभी मनोकामना पूरी की हैं।

–अंकुल सिंह, मिलक



"हमारा जत्था हरिद्वार से 27 जुलाई को चला था। हम 2 अगस्त को भोलेनाथ का गंगाजल से अभिषेक करेंगे। मेरी प्रार्थना है कि पूरे विश्व में हिंदुत्व और भारत की पहचान बने।

–पवन सिंह, रामपुर



पौधरोपण करते क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## क्लब पदाधिकारियों ने रोपे औषधीय पौधे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस की ओर से मंगलवार को अगवानपुर पेपर मिल चौराहे पर 101 औषधीय, फल व फूल देने वाले पौधे रोपे गए।

क्लब के अध्यक्ष सागर राय ने बताया कि क्लब की ओर से 2100 पौधे रोपे जाएंगे। साथ ही इनकी देखभाल की जाएगी। संजय सिंघल ने बताया कि रोपित पौधों के समुचित संरक्षण की व्यवस्था कराई गई है।

क्लब के प्रशिक्षक विवेक गोयल ने कहा कि रोपित पौधों की दो साल के शिशु की तरह देखभाल करनी चाहिए। रश्मि गोयल ने कहा कि क्लब को जो भूमि रिक्त मिली है। उसको पौधारोपण द्वारा हरा भरा व दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करेगा।

# निगम के शिविर में कांवड़ियों को कराया भोजन

- डिस्पोजल व कटलरी का प्रयोग न कर स्टील के बर्तनों में परोसा भोजन प्रसाद
- कांवड़ियों ने नगर निगम की पहल को सराहा, प्लॉस्टिक का प्रयोग न करने का संकल्प लिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम व उसकी कार्यदायी संस्था एआईआईएलएसजी की टीम ने कांवड़ यात्रा के दौरान वार्ड 43 में कांवड़ियों के लिए शिविर में भंडारा कराया। इसमें जीरो वेस्ट का संदेश देकर डिस्पोजल के प्लास्टिक थाली व गिलास की बजाय स्टील के बर्तनों में भोजन प्रसाद वितरित किया गया। इसकी सराहना कांवड़ियों ने भी की।

नगर निगम व कार्यदायी संस्था से जुड़े लोगों ने शिविर में भोजन का वितरण कांवड़ियों को किया। उनकी सेवा कर अपना फर्ज निभाया। वार्ड के पूर्व पार्षद मंगल सिंह सैनी और कार्यदायी संस्था के सुपरवाइजर परमजीत सिंह ने अपनी टीम के साथ आने वाले शिवभक्तों का शिविर में स्वागत किया और सभी को जलपान और भोजन कराया। स्टील के बर्तनों में भोजन प्रसाद वितरित करने पर कांवड़ियों ने इस पहल की सराहना की। भक्तों को स्वच्छता का महत्व बताया गया। कहा गया कि स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी ने संकल्प लिया कि प्लास्टिक के गिलास व अन्य बर्तनों का प्रयोग नहीं करेंगे। इसकी जगह पत्तल और स्टील का बर्तन प्रयोग करेंगे।



निगम की ओर से लगे शिविर में भोजन करते कांवड़िये। ● अमृत विचार

**भोलानाथ कॉलोनी में पैमाइश के लिए पहुंची निगम की टीम:** उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में निगम की टीम भोलानाथ कॉलोनी में पैमाइश कर अतिक्रमण को चिह्नित करने पहुंची। यहां निगम की भूमि व अन्य सार्वजनिक जगह पर किए गए अवैध निर्माण की पैमाइश टीम ने कराई। वहीं अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन दल के सदस्यों ने टाउनहाल से लेकर चौमुखा पुल और अमरोहा गेट तक भ्रमण किया। यहां मंगलवार का बाजार नहीं लगने दिया। सड़क पर भवन प्रतिष्ठान स्वामियों द्वारा किए अतिक्रमण को भी टीम ने हटवाया। चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा न करें। अन्या सामान जब्त कर जुर्माना भी वसूला जाएगा। इस दौरान प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही व अन्य मौजूद रहे।

**आयोजन** | सेमिनार में मंडल के 200 लाभार्थियों को टूल-किट वितरित

# माटीकला रोजगार का माध्यम ही नहीं एक कला है

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मिट्टी से हम सभी का पुराना नाता है। माटीकला सिर्फ रोजगार का माध्यम ही नहीं है बल्कि एक कला है। यह बातें जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने मंगलवार को पंचायत भवन सभागार में उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा आयोजित एक दिवसीय मंडल स्तरीय माटीकला सेमिनार एवं निशुल्क टूल किट कार्यक्रम के दौरान कही।

मुख्य अतिथि डॉ. शेफाली सिंह व विशिष्ट अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर सेमिनार व टूल वितरण कार्यक्रम का आरंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जो सौंदर्य मिट्टी के बर्तनों में है, जो खुशबू इन मिट्टी के बर्तनों में चाय पीने में आती है, खाना खाने में आती है, पानी पीने में आती है, वह चीनी मिट्टी के बर्तन, कांच के बर्तन एवं स्टील के बर्तनों में कतई नहीं आती है। उन्होंने कहा कि माटीकला बोर्ड इसके लिए बधाई का पात्र है जो माटीकला से जुड़े लोगों की कला को और निखार रहा है। उनके उत्पादों को जन-जन तक पहुंचाने में सहायक साबित हो रहा है। कार्यक्रम में रविन्द्र देव, फाईन आर्टस विशेषज्ञ, विवेकानन्द माटीकला विशेषज्ञ और हरीश प्रजापति द्वारा माटीकला से संबंधित विषय पर व्याख्यान दिया गया।

कार्यक्रम में मंडल के सभी जिलों के 200 लाभार्थियों को निशुल्क टूल किट वितरित किए गए। जिसमें मुरादाबाद के 25, रामपुर के 40, बिजनौर के 50, संभल के 40 तथा अमरोहा के 45 लाभार्थियों को टूल किट प्राप्त हुआ। इस दौरान परिक्षेत्र ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज गुप्ता, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रामपुर भूपेन्द्र सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमरोहा गजेंद्र सिंह, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बिजनौर कुंवर सेन, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संभल सत्यवीर सिंह व मंडल के माटीकला से जुड़े लोग उपस्थित रहे।



लाभार्थियों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ .शेफाली सिंह व विभाग के अधिकारी।



बैठक को संबोधित करते आयोजक अरशद जॉनी। ● अमृत विचार

## 28 अगस्त को होगी गायन प्रतियोगिता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर के रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में जॉनी मुरादाबादी फाउंडेशन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आयोजकों ने जॉनी मुरादाबादी की याद में होने वाली गायन प्रतियोगिता की तैयारियों पर चर्चा की।

बैठक में फाउंडेशन के अध्यक्ष अरशद जॉनी ने बताया कि संस्था 28 अगस्त को आवाज की दुनिया के जाने-माने फनकार जॉनी मुरादाबादी की याद में गायन प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। जिसके लिए 16 अगस्त को गायकों का ऑडिशन रखा गया है। जो गायक ऑडिशन में पास होंगे तो वह 22 अगस्त को सेमीफाइनल में प्रतिभाग करेंगे। जिसके बाद 28 अगस्त को ग्रांड फाइनल होगा। जिसमें गायन प्रतियोगिता का मुख्य विजेता चुना जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गायन प्रतियोगिता में 16 साल से 60 वर्ष तक की आयु के लोग हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए निशुल्क फार्म उपलब्ध किए जाएंगे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।



BRACHYTHERAPY
24 Channel



PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### बच्ची से खेत में अश्लील हरकत का वीडियो वायरल

**मैनाठेर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र में एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें बुजुर्ग एक बच्ची से अश्लील हरकत कर रहा है। वीडियो में है कि आरोपी बुजुर्ग धार्मिक स्थल के नजदीक बच्ची को खेत में बुलाकर उससे अश्लील हरकत कर रहा है। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आसिम पर रिपोर्ट दर्ज की है। मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव निवासी आसिम का बच्ची से अश्लील हरकत करने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित बच्ची की मां की शिकायत पर आरोपी आसिम पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### प्रिंट रेट से अधिक पर शराब की बिक्री करने का आरोप

**मैनाठेर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के ईसागढ़ में प्रिंट रेट से अधिक पर बीयर बेचने की भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिकायत की। महमदपुर माफी के ईसागढ़ में शराब के ठेके पर ठेकेदार सरकारी रेट से अधिक रेट पर शराब की बिक्री करते हैं। लोगों को मजबूरी में 10 से 30 रुपये अधिक पर बीयर खरीदनी पड़ती है। शिकायत करने पर ठेकेदार झगड़े पर उतारु हो जाते हैं। मंगलवार को धर्मपाल सिंह, राहुल, राकेश, अमरपाल, मस्तराम आदि ने बीयर के ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए बताया कि बीयर सरकारी रेट पर 130 रुपये की है। लेकिन यहां मनमानी करते हुए ठेकेदार 150 रुपये की बीयर की कैन दे रहे हैं। चेयरमैन के प्रतिनिधि मंगलसेन सैनी ने भी शिकायत की थी लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई।

### उमस भरी गर्मी में बिजली ने किया परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मंगलवार को उमस भरी गर्मी में बिजली गुल रहने से लोग परेशान रहे। आशियाना कॉलोनी में में रात को बिजली घंटों गुल रही। इस दौरान गर्मी में लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। मंगलवार को भी एक तरफ जहां लोग भीषण गर्मी व उमस से बेहाल रहे वहीं घंटों बिजली गुल रहने से परेशानी और बढ़ गई। आशियाना कालोनी में रात करीब 8.50 बजे बिजली गुल हो गई। जिससे लोग परेशान हो गए। लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। जेई शिवकुमार मौर्या ने बताया कि आशियाना कालोनी में कहीं फाल्ट हो गया है। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। कर्मचारी पेट्रोलिंग पर गए हैं। जैसे ही फाल्ट मिलता है। उसे तुरंत ठीक कराकर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### गांव में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन की बैठक

# ओडीएफ मॉडल के रूप में 354 ग्राम चयनित, गांवों में कराएं नियमित सफाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में सीडीओ सुमित यादव, एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र व अन्य।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 योजना के अंतर्गत जिला स्वच्छ भारत मिशन समिति की बैठक हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित 457 ग्रामों के लिए प्राप्त क्रेडिट लिमिट के संबंध में चर्चा की गई।

जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि ओडीएफ मॉडल के रूप में अब तक 354 ग्राम चयनित किया जा चुके हैं। ऐसी ग्राम पंचायतें जहां आवंटित धनराशि के सापेक्ष विकास कार्य नहीं कराए जा सके हैं उनके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों में नालियों का निर्माण बेहतर तरीके से होना चाहिए जिससे गांव में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। सभी ग्राम पंचायत सचिवों के पास नालों की भौतिक स्थिति और जल निकास व्यवस्था की पूरी जानकारी रहनी चाहिए।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद को व्यक्तिगत शौचालय के लिए प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष 2078 लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की प्रथम किस्त जारी की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से साफ सफाई व्यवस्था होनी चाहिए। जगह-जगह डस्टबिन स्थापित कराए जाएं तथा लोगों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाए। ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवरों को आकर्षण का केंद्र बनाया जाए इसके लिए पैदल पथ सहित अन्य जरूरी कार्य कराए जाएं। जिससे अमृत सरोवर जल संग्राहक के साथ-साथ आमजन की सुविधा के लिए भी महत्वपूर्ण बन सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव सहित अन्य अधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### जिले में 80,000 घरेलू कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जनपद स्तर पर गठित कमेटी के सदस्य एवं वेंडरों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजना अधिकारी नेडा और विद्युत विभाग के अधिकारी भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रभावी कदम उठाएं। यह योजना सौर ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। बताया गया कि जिले में 80,000 घरेलू कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी कैंप लगाएंगे। इन शिविरों योजना के अंतर्गत पंजीकरण प्रक्रिया और आमजन को योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा दिए जाने वाले अनुदान और लाभ के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के अंतर्गत आच्छादित उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के सापेक्ष विद्युत बिलों की समस्याओं का भी एक सप्ताह के भीतर समाधान होना चाहिए। विद्युत विभाग द्वारा लगवाए गए नेटमीटर की बारीकियों के बारे में भी लाइनमैन को प्रशिक्षण प्रदान करे जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिल सके। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र, अधीक्षण अभियंता विद्युत और परियोजना अधिकारी नेडा आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत सचिव और एडीओ पंचायत का विवाद पहुंचा कोतवाली

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : बिलारी ब्लॉक के एडीओ पंचायत व महिला ग्राम पंचायत सचिव के बीच चल रहा झगड़ा अब थाने तक पहुंच गया है।

पंचायती राज विभाग में बिलारी एडीओ पंचायत और महिला ग्राम पंचायत सचिव के बीच चल रहा विवाद बिलारी कोतवाली पहुंच गया है। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव खुद को अनजान बता रहे हैं। बिलारी ब्लॉक में तैनात महिला ग्राम पंचायत सचिव सविता यादव ने एडीओ पंचायत देवेश कुमार पर रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी देने व मोबाइल फोन पर परेशान करने के आरोप तहरीर दी है। वहीं एडीओ पंचायत देवेश का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिव ने विकास कार्यों की धनराशि का भुगतान सरकार के गेटवे पोर्टल से हटकर किया है। जिसकी शिकायत डीपीआरओ और खंड विकास अधिकारी से की गई थी। अब वह झूठे आरोप लगाकर रही हैं।

# एमआर व मेडिकल संचालक चला रहे थे नशे का गोरखधंधा, दवाएं बरामद

### कटघर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, फरार की तलाश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पुलिस लाइन में खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एमआर व मेडिकल स्टोर संचालक नशे का गोरखधंधा संचालित कर रहे थे। मंगलवार को एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने इस मामले का खुलासा किया। वहीं कटघर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नशे की प्रतिबंधित दवाइयां बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेशकर जेल भेजा है। जबकि तीसरा आरोपी अभी फरार है।

मंगलवार को पुलिस लाइन में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह ने प्रेसवार्ता कर नशे का गोरखधंधा चलाने वाले गिरोह का खुलासा किया। एसपी सिटी ने बताया कि एसएसपी सतपाल अंतिल के आदेश पर नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सोमवार रात मुखबिर की सूचना पर कटघर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार और दस सराय चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह की टीम ने कर्बला कब्रिस्तान में मझोला के चाऊ की बस्ती निवासी लक्ष्मी नारायण और जयंतीपुर निवासी शाहनवाज को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास जो बैग थे, उससे पुलिस ने भारी मात्रा में नशे के लिए इस्तेमाल की जाने वाली गोलियां, इंजेक्शन, कैप्सूल और सीरप और एक बाइक बरामद की। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी लक्ष्मी नारायण मूल रूप से कटघर के भदौरा का रहने वाला है और वहीं लक्ष्मी नाम से मेडिकल स्टोर चलाता है। वर्तमान में वह मझोला के लाइनपार चाऊ की बस्ती में रहता है। जबकि दूसरा आरोपी शाहनवाज मझोला के जयंतीपुर गली नंबर तीन मंदिर वाली गली में रहता है। पूर्व में शाहनवाज दवा कंपनी में एमआर रह चुका है। वहीं से उसे दवाओं के बारे में अच्छी जानकारी हो गई थी। पूछताछ में पुलिस को बताया कि शाहनवाज गलशहीद के भूड़ा के चौराहे से शाहरुख नाम के युवक से नशीली दवाइयां खरीद कर मेडिकल स्टोर वालों को सप्लाई करता है। जिसके बाद मेडिकल स्टोर वाले उसे महंगे दामों पर स्कूली छात्रों व नशा करने वाले अन्य लोगों को बेचते हैं। लक्ष्मी नारायण ने बताया कि वह भी शाहनवाज से दवाइयां खरीद कर अपने मेडिकल स्टोर से बेचता था। सोमवार रात वह दवाइयों की सप्लाई लेने ही पहुंचा था, इसी बीच पुलिस ने दबोच लिया। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी लक्ष्मीनाराण और शाहनवाज को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। जबकि फरार साथी शाहरुख की तलाश की जा रही है।

### ठगी के पीड़ितों के 16.92 लाख रुपये वापस कराए

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए तीन लोगों के साइबर थाना और साइबर सेल ने 16 लाख 92 हजार 907 रुपये वापस कराए हैं। पीड़ितों ने पुलिस का आभार जताया है।

साइबर क्राइम के नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र निवासी युवती को ठगों ने खुद को एनसीबी का अधिकारी बताकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया था। बाद में उसके मोबाइल को हैक कर खाते से पांच लाख रुपये और पांच लाख रुपये लोन कराकर कुल 10 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। युवती की शत प्रतिशत रकम साइबर थाना पुलिस ने वापस करा दी। उर्मिला पांडेय नाम की महिला को भी साइबर ठगों ने मुम्बई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर उनके खाते से आठ लाख 49 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। उसमें से चार लाख दो हजार 907 रुपये साइबर थाना पुलिस की टीम ने वापस करा लिया है। इसी तरह मझोला के एमडीए कालोनी निवासी राजीव कुमार से ओएलएक्स पर कार बेचने का झांसा देकर साइबर ठग ने 2.90 लाख रुपये ठग लिए थे। साइबर सेल के प्रभारी मोहित चौधरी की टीम ने राजीव का पूरा पैसा वापस करा दिया है।

# पशुओं को चारा खिलाने के दौरान बरतें सावधानी : डीएम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए सभी गो आश्रय स्थलों व पशुपालकों को रखना होगा ध्यान

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बारिश के दौरान पशुओं को संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए जिले के सभी गो आश्रय स्थलों और पशुपालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि बारिश में आर्द्रता बढ़ने से पशुओं को दिए जाने वाले चारा, भूसा और दाने में फंगस लग जाता है। इसके सेवन से पशुओं में फंगस पनपता है और उनकी आंतों में इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थलों और पशुपालकों को पशुओं को चारा देने के दौरान बारिश को देखते हुए सावधानियां बरतने के लिए एडवाइजरी जारी की है। बताया कि खेतों में उपलब्ध ज्वार का हरा चारा नीचे से न काटा जाए। ज्वार की फसल पर तीन से चार बार बारिश हो चुकी हो उसके बाद ही ज्वार पशुओं को खिलाई जाए, क्योंकि बरसात से पूर्व ज्वार की छोटी फसल में हाइड्रोसेनिक एसिड नाम का जहर पाया जाता है जिसके सेवन से पशुओं की मृत्यु भी हो सकती है। ऐसे खेत जिनमें बोए गए हरे चारे पर कीटनाशक दवा व यूरिया का छिड़काव किया गया हो उन खेतों का हरा चारा पशुओं को तब तक न खिलाया जाया जब तक कीटनाशक का असर समाप्त न हो जाए। ऐसे खेत जिनमें जलभराव है उन खेतों से लाकर हरा चारा पशुओं को न खिलाएं। क्योंकि कई दिनों तक पानी में डूबे रहने के कारण हरे चारे में कीटाणु उत्पन्न हो जाते हैं। बरसात के दौरान भंडारित भूसे के भीगने से फंगस बहुत जल्दी पनपती है। फंगस लगे भूसे के सेवन से पशुओं की आंतों में संक्रमण फैल जाता है। इसलिए भीगे हुए भूसे को पशुओं को न खिलाएं। भूसे में फंगस का संक्रमण हुआ है या नहीं इसकी पहचान भूसे को हाथ में लेकर मुट्ठी में बंद करने के दौरान हो सकती है। यदि मुट्ठी खोलने पर भूसा बिखर जाए तो भूसा पशुओं को खिलाने योग्य है और अगर भूसा मुट्ठी बंद करने के दौरान आपस में चिपक जाए तो भूसे में फंगस लगा हुआ है। ऐसा भूसा को पशुओं को बिल्कुल न खिलाएं।

# योगासन में अभिषेक, मनीष रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जनपद स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को केजीके इंटर कॉलेज में हुआ। इसमें जीजी हिंदू इंटर कॉलेज, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सुरजन नगर, आरआर इंटर कॉलेज बिलारी और राजकीय हाई स्कूल कुचावली के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसमें जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के छात्रों का सराहनीय प्रदर्शन रहा।

प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरारी लाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व उनका उत्साहवर्धन कर किया। प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में हर्ष ने प्रथम और सुहेब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ही गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सुरजन नगर के विद्यार्थी रहें। जबकि जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के ऋषभ राघव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के तीनों छात्र अभिषेक ने प्रथम, रोहन सागर ने द्वितीय और अयान सुधाकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के ही मनीष राघव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान चयनकर्ता वीर सिंह, खिलेंद्र सिंह, भोजराज सिंह रहें। इससे पहले जनपदीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी देते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन केजीके इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा शिक्षक दीपक कुमार गोला ने किया। इस अवसर पर रणविजय सिंह, गीतांजलि दक्ष, दीपक चंद्र, पुष्पेश मिश्रा, राजेश कुमार, ओमपाल, श्रीपाल सिंह, सर्वेंद्र सिंह, जय गोपाल और सुरेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

### दबंगों ने घर के बाहर खड़ी महिला को पीटा, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत दबंगों ने महिला के साथ मारपीट की। पीड़िता ने हमलावरों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मझोला क्षेत्र के लोधीपुर जवाहर नगर निवासी महिला खुशनुमा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ी थी। इसी बीच मोहल्ले का दिलशाद, फरत, जाहिद, शमीम, निजाम, इकराम, मोहम्मद जैद, मोहम्मद सालिम पुरानी रंजिश में लाठी-डंडों से मारपीट कर रहे थे। इस बीच पीड़िता ने मारपीट करने से मना किया तो दिलशाद, फरत, जाहिद व शमीम ने उसके साथ मारपीट कर डली। पीड़िता खुद को बचाकर अपने घर में भागी तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। जिसमें महिला घायल हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जनपद में रस्साकसी खेल को बढ़ावा देने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में वैसे तो सभी खेलों को वरीयता दी जाती है। लेकिन, फिर भी कुछ खेल गुमनामी में हैं। इन्हीं में से एक रस्साकसी भी है। इस खेल को जनपद में नई पहचान दिलाने के लिए संघ के अधिकारी प्रयासरत हैं। इसी क्रम में पहली बार जनपद की टीम किसी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। इस खेल से ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए संघ प्रयास कर रहा है।

जिला रस्साकसी संघ के सचिव शाहवेज शाहवेज अली ने बताया कि इस खेल को जनपद में पहचान दिलाने में अभी समय लगेगा। हम पहला बार किसी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जा रहे हैं। इसके लिए बहुत उत्साहित हूं। यह प्रतियोगिता 6 से 8 अगस्त तक आगरा में आयोजित होने जा रही है। इसमें टीम का चयन ट्रायल्स के आधार पर किया गया है। आने वाले समय में संघ खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने के लिए जनपद स्तर पर भी प्रतियोगिता आयोजित करेगा। साथ ही स्कूलों में इस खेल का प्रचार किया जाएगा। जिससे इस खेल को जनपद में नई पहचान मिल सके। अभी इस खेल के बारे में लोगों को ज्यादा जानकारी नहीं है। इसके कोच भी उपलब्ध नहीं हैं। इसके लिए संघ सभी स्कूलों के पीटीआई को समय-समय पर खेलों की बारीकियों को सिखाने के लिए कार्यशाला का आयोजन करेगा। हाल ही में एमपीएस में ऐसी ही कार्यशाला का आयोजन हुआ था। जिसमें बहुत से पीटीआई ने प्रतिभाग कर इस खेल की बारीकियां सिखीं। उम्मीद है कि पहली बार प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जा रही जनपद की टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। साथ ही इस प्रतियोगिता से बहुत कुछ सीखकर आगे बढ़ेगी।



रस्साकसी को हर स्कूल तक पहुंचाने का हमारा प्रयास है। जिससे बच्चों की इस खेल के प्रति रूचि बढ़े। स्पोर्ट्स स्टेडियम में भी इस खेल का प्रचार प्रसार किया जाएगा।
–**शाहवेज अली**, सचिव, जिला रस्साकसी संघ



मैंने इस खेल को अभी ज्यादा नहीं खेला है। हाल ही में इसे खेलना शुरू किया है। मुझे अब यह खेल बहुत अच्छा लगने लगा है। मैं अब इस खेल में अपना भविष्य बनाना चाहता हूं।
–**मोहम्मद समीर**, खिलाड़ी



रस्साकसी खेलने का अपना एक अलग ही आनंद है। इसमें सिर्फ रस्सी खींचने के लिए जोर नहीं लगाना होता। इसमें सही टैक्निक और सही समय पर सही फैसला लेना बहुत मायने रखता है।
–**मो. बिलाल**, खिलाड़ी



पहली बार इस खेल के माध्यम से किसी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। इसके लिए बहुत उत्साहित हूं। आगे भी इसी खेल को खेलना पसंद करूंगा। साथ ही देश के लिए मेडल जीतूंगा।
–**शहयान खान**

**कार्यक्रम** | प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत क्षयरोगियों को पंचायत भवन सभागार में पोषण पोटली वितरित की गई

# क्षयरोग के उन्मूलन में सभी निभाएं अपनी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित करने के बाद उनके साथ मौजूद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, जिपं अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, जिलाधिकारी अनुज सिंह।

**अमृत विचार:** पंचायत भवन सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। जिसमें गुड़ सत्तू, चना, मूंगफली आदि खाद्य सामग्री रखी गई थी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हम लोगों को क्षयरोगियों का मनोबल बढ़ाना है। उनको नियमित रूप से दवा का सेवन करने को प्रोत्साहित करना है।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि क्षयरोग के बचाव में सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। जिसको क्षयरोग है या नहीं है इसके उन्मूलन में सभी महत्वपूर्ण रूप से भागीदारी निभाएं। कहा कि टीबी का वैक्टीरिया हवा में उपस्थित है जैसे ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, यह वैक्टीरिया शरीर पर असर दिखाना शुरू कर देता है। ऐसे मरीजों को अच्छा खान-पान व परहेज पर ध्यान देना चाहिए। अपने आसपास टीबी के लक्षण से ग्रसित लोगों को चिह्नित कर उन्हें उपचार दिलाने में मदद करें।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि टीबी से लड़ने में मरीज एवं मरीजों के केयरटेकरों की विशेष भूमिका होती है। अच्छे खान-पान पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। आज इस कार्यक्रम में लगभग 200 पोषण पोटलियों का वितरण किया गया है। क्षयरोगियों से अपील है कि दवाओं का सेवन नियमित रूप से करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने क्षयरोग के लक्षण बताकर कहा कि यह एक संक्रामक बीमारी है। यह माइक्रो बैक्टीरिया ट्यूबरक्लोसिस से फैलता है। दो हफ्ते की खांसी, बलगम आना, बलगम में खून आना, सीने में दर्द होना, सोते समय पसीना आना, भूख कम लगना, वजन कम होना, शरीर के किसी अंग में गांठ होना इसका लक्षण है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एनके कुरैचया ने संक्रमण से बचाव के लिए कहा कि खांसते व छींकते समय मुंह पर कपड़ा रखें। बलगम इधर उधर न थूकें। डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव कुमार बेलवाल ने परिवार के सदस्यों से भी सावधानी बरतने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीव कुमार बेलवाल व डॉ. मुहम्मद जावेद ने किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, एडी हेल्थ रितु कात्याल, एसीएमओ डॉ. भारत भूषण, प्रमोद कुमार, अमित भटनागर, चंद्र शेखर सिंह, मनीष जैन, मनोज कुमार, मनोज कुमार राणा, अमित गुप्ता, शांतनु पांडेय, मनीष कुमार, रघुवीर सिंह, डॉ. अंजू भूषण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मांगें पूरी न होने पर धरने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कलेक्ट्रेट के सामने धरना देते सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग के सदस्यों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर 22 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया।संगठन के जिला सचिव काविन्द्र सिंह ने धरने को संबोधित करते हुए कहा एक वर्ष से सरकार हमारी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। इसका नतीजा अच्छा नहीं होगा। इसके बाद सिंचाई मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा। मांग पूरी न होने पर प्रमुख अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उप्र के कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी।

जिला सचिव काविन्द्र सिंह ने बताया कि हम 22 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले एक साल से संघर्ष कर रहे हैं। इसके बारे में प्रमुख अभियंता परियोजना सिंचाई एवं जल संसाधन को कई बार जानकारी दे चुके हैं। हमने 22 से 27 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर विरोध जताया था। लेकिन कोई असर नहीं हुआ। सरकार पर आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर के विभिन्न सेवा संबंधित प्रकरण और अभियंता से सहायक अभियंता पर पदोन्नति, स्थायीकरण, ज्येष्ठता निर्धारण, पूर्व विभाग की सेवाएं जोड़ में, विकलांगता दर्ज करने सहित कई समस्याओं का वर्षों से समाधान नहीं किया जा रहा है। इस मौके पर इंजीनियर रविन्द्र कुमार, एसपी सिंह, अमित कुमार,अरविंद कुमार, दिनेश कुमार,पवन कुमार कुमुद राजपूत मौजूद रहे।

## एक नजर

### उप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की तैनाती

**छजलैट, अमृत विचार :** काफी समय से उप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊमरी कलां में चिकित्सक की नियुक्ति न होने पर नागरिकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था। अब यहां डॉ. शोएब की शासन द्वारा नियुक्ति कर दी गई है। जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जताई है।

### मशीनों की मरम्मत के चलते बाधित रहेगी आपूर्ति

**कांठ, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र पर मशीनों की मरम्मत के चलते बुधवार सुबह 10 बजे से लगभग शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को बिजली घर पर टाउन फीडर और तहसील फीडर की मशीनों की मरम्मत और सर्विस का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए मुरादाबाद से टीम यहां पहुंचेगी। इस टीम द्वारा मशीनों की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस कारण आज नगर की बिजली सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बन्द रहेगी।

### गोकशी की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**डिलारी, अमृत विचार :** मंगलवार को ढकिया में गोकशी की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख वहां से साजिद भागने लगा, जो वहीं गिरकर चोटिल हो गया। गोकशी की फर्जी सूचना को लेकर ग्रामीणों और पुलिस में तीखी नोकझोंक हुई। दोनों तरफ से हाथापाई की नौबत आ गई। घटना से वहां अफरातफरी मच गई। थाना प्रभारी प्रदीप सेहरावत ने बताया कि किसी ने नगर में गोकशी की सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची। गोकशी की सूचना फर्जी पाई गई। जिसकी वीडियो बना ली गई है।

### नदी से शव बरामद

**कांठ, अमृत विचार :** रामगंगा नदी में सड़ा गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्राम पांयदापुर के पास रामगंगा नदी में शव मिलने से आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और गांव वालों के सहयोग से शव को नदी से बाहर निकलवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहचान की कोशिश की जा रही है।

मुरादाबाद की खबरें पेज 14 पर भी

# शेरकोट को हरा ढकिया सेमीफाइनल में

## मुरादाबाद एवं भोजपुर की टीमें भी पूल मैच जीतकर अगले राउंड में पहुंची

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** ढकिया में आयोजित पहले प्योर विलेज वॉलीबाल टूर्नामेंट में मुरादाबाद, ढकिया, भोजपुर, भायपुर ने अपने-अपने पूल के मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। शेष सेमीफाइनल और फाइनल मैच बुधवार को होंगे।

मंगलवार को वॉलीबाल टूर्नामेंट में नौ टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आरंभ नगर पंचायत अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन और पूर्व ब्लाक प्रमुख सैय्यद मुजाहिद हुसैन ने वॉलीबाल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी असलम जावेद के साथ किया। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में भायपुर ने सम्भल को 25-22, 23-25, 25-22 और दूसरे तीसरे और चौथे मुकाबले में मुरादाबाद ने ढकिया को 25-23, 15-25, 25-19 से, चौधरी क्लब ढकिया ने शेरकोट को 25-16, 25- 17 से, भोजपुर ने मुरादाबाद स्टेडियम को 25-22, 23-25, 25-23 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब तक के सभी मैचों में टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।


वॉलीबाल टूर्नामेंट में विजेता टीम के खिलाड़ी व आयोजक। ● अमृत विचार

- मुरादाबाद ने ढकिया को 25-23, 15-25, 25-19 से हराया

ढकिया के खेल मैदान में देर रात तक हजारों दर्शक मैच का आनंद लेते रहे।

मैचों के निर्णायक अप्पू, अजीम, मौनिश अंसारी और शकील अहमद रहे। टूर्नामेंट की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी असलम जावेद ने की। इस अवसर पर सलीम, आसिफ चौधरी, शौकीन, अन्ना, आफताब, रिजवान, नावेद, आकिब, इस्तकार डीलर, फाकिर अली, मुहम्मद हसन, सईद अहमद उर्फ तोला पधान, मतलूब, नसीम अहमद, नईम अहमद, नन्हे मलाई, फिरासत आदि वरिष्ठ खिलाड़ी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## महामंत्री ने आर्य समाज पर लगाए गंभीर आरोप

**कांठ, अमृत विचार :** आर्य समाज के महामंत्री ने कार्यकारिणी पर आरोप लगाते हुए जिला प्रतिनिधि सभा को ज्ञापन दिया है।

आर्य समाज के महामंत्री तिलक राम ने प्रेसवार्ता में बताया कि वर्तमान कार्यकारिणी आर्य समाज की संपत्ति को हड़पना चाहती है। आर्य उप प्रतिनिधि सभा मुरादाबाद द्वारा पहले ही कांठ के प्रधान सुशील मणि गुप्ता की कार्यकारिणी को भंग कर दिया था, वह आदेश अब भी जारी है। इसके पश्चात भी सुरेश चौहान व अन्य पदाधिकारी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिना आर्य उप प्रतिनिधि सभा मुरादाबाद की स्वीकृति के किसी को भी पद से हटाना न्याय संगत नहीं है। तिलक राम ने बताया कि कानूनी तौर पर वह महामंत्री हैं। उन्होंने अपील की है कि आर्य समाज के सदस्य बनें। जो लोग आर्य समाज की संपत्ति को हड़पना चाहते हैं उनका विरोध करें। इस मौके पर अशोक कुमार आर्य, सतपाल सिंह आर्य, तिलकराम आर्य, संजीव आर्य, ओमकार आर्य, सतपाल सिंह, दीवान आर्य, राजेंद्र आर्य, कुलदीप आर्य आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### हाईवे पर भोले के जयकारों की गूंज


कांवड़ ले जाते भोले के भक्त।

**कांठ, अमृत विचार :** भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल भरकर मंजिल की ओर बढ़ रहे कांवड़ियों की मंगलवार को संख्या अधिक दिखाई दी। हाईवे पर पूरा दिन हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से क्षेत्र का वातावरण शिवमय हो गया। इन दिनों मुरादाबाद हरिद्वार हाईवे पर कांवड़ियों के जत्थे गुजर रहे हैं। मंगलवार को भी दिन भर कांवड़ियों की वापसी होती रही। वहीं कांवड़ियों के कई जत्थे गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार रवाना हुए। नगर क्षेत्र में कांवड़ियों के जलपान और आराम करने के लिए जगह जगह कांवड़ सेवा शिविर भी लगाए जा रहे हैं। जिससे कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।


शिव पुराण से पहले कलश यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### शिव पुराण से पहले निकाली कलश यात्रा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में शिवपुराण से पहले कलश यात्रा निकाली गई। इसका जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। मंगलवार को पंडित नितिन भारद्वाज ने विधि विधान से कलश यात्रा का आरंभ किया। कलश यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र पहन सिर पर जल का कलश रख भगवान शिव और पार्वती की आराधना करती चल रही थीं। वहीं अन्य श्रद्धालु डीजे, ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान शिव का जयघोष कर रहे थे। कलश यात्रा रामपाल द्वार, सरकारी अस्पताल रोड, नंगलिया रोड, वीआईपी कॉलोनी, रतुपुरा मोड होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना कर कलश स्थापित कराए गए। बाद में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार शर्मा, वेद प्रकाश सिंह, अक्षय गौड़, मास्टर तन्नू सिंह, वेद प्रकाश सिंह, प्रियंका यादव, गीता शर्मा, प्रमोद देवी, शांति देवी, संतोष देवी आदि ने भाग लिया।


अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में लगे रोजगार मेले में मौजूद अभ्यर्थी।

### योग्य अभ्यर्थियों के लिए अवसरों की कमी नहीं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में सेवा योजन कार्यालय मुरादाबाद के सहायक निदेशक डॉ. सुशील कुमार के नेतृत्व में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की 15 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिरुद्ध चौहान निदेशक अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र रहे। कार्यक्रम में अनिरुद्ध चौहान ने बताया कि आज का समय गुणवत्ता का है। यदि योग्य पात्र होंगे तो अवसर की कहीं कमी नहीं है। इस दौरान डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप युवाओं के हित में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें क्षेत्र के युवा रोजगार मेले का लाभ उठा सकें। रोजगार मेले में 700 से अधिक युवाओं ने विभिन्न कंपनियों के साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं को करियर काउंसिलिंग भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई।


मजलिस को खिताब करते मौलाना हुसैन। ● अमृत विचार

### बेइल्म अहलेबैत का चाहने वाला नहीं हो सकता : मौलाना हुसैन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** जिला बस्ती के हल्लौर से तशरीफ लाए मौलाना सय्यद गुलाम हुसैन ने कहा कि अहलेबैत का चाहने वाला इल्म से दूर नहीं हो सकता और जाहिल व्यक्ति अहलेबैत का चाहने वाला नहीं हो सकता है। इल्म के बगैर अहलेबैत की मंजिलत को नहीं पहचाना जा सकता है। मुहल्ला काजियान स्थित इमामबाड़ा शोहदा ए कर्बला में आयोजित खमसा ए सज्जादिया की तीसरी मजलिस को खिताब करते हुए सय्यद मौलाना गुलाम हुसैन ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन और अहलेबैत ने अपने किरदार के जरिए इस्लाम फैलाया। यजीद ने भी कर्बला में इल्म को मिटाना चाहा। लेकिन हजरत इमाम हुसैन के नेजे पर कटे सिर ने कुरआन की तिलावत करके दुनिया को पैगाम दिया कि तुम अहलेबैत के सिर को तन से जुदा कर सकते हो लेकिन खुदा की तरफ से जो इल्म अहलेबैत को मिला है वह नहीं मिटा सकता। कहा कि इल्म हासिल करने की कोई उम्र नहीं होती है। इससे पहले गुलाम मेंहदी रिजवी ने मर्सिया पढ़ा और रजा अस्करी रिजवी ने नोहा ख्वानी की।

# विधायक ने लगाया कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी का आरोप

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** विधानसभा के मानसून सूत्र के दौरान सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने कई सवाल उठाए। विधायक ने जल जीवन मिशन के तहत बिछाई जा रही पानी की पाइप लाइनों की गुणवत्ता, पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों के मरम्मत कराने, मुरादाबाद में नए राजकीय स्कूलों में खराब शिक्षण व्यवस्था को लेकर सवाल किए।

मंगलवार को विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने विधानसभा के सत्र के दौरान कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने से गांवों की सड़कें खराब हो चुकी हैं। वहीं, ठेकेदारों द्वारा पाइप लाइन की गुणवत्ता और ओवरहेड वाटर टैंक की गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। इन सभी की जांच कराई जाए। कहा कि उनके क्षेत्र में इंडिया


विधानसभा में बोलते बिलारी विधायक फहीम इरफान।

मार्का हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। जिस कारण जनता को दूषित पानी पीना पड़ रहा है। इसके अलावा विधायक ने मुरादाबाद जनपद में नए राजकीय हाईस्कूल में अध्यापकों की नियुक्ति न होने से शिक्षण कार्य प्रभावित होने की बात कही, और बताया कि स्कूलों में फर्नीचर न होने पर बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विधायक ने बताया कि इस पर तत्काल जांच के आदेश कर दिए गए हैं।

## बाइक सवार और बेटे पर हमले में रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** बाइक सवार पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक नामजद और अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला कायस्थान निवासी इमरान पुत्र गोरे खां ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपने दो वर्षीय बेटे को बाइक से घूमा रहा था। तभी नौशाद पुत्र महबूब खान ने उसकी बाइक को हाईवे पर हाथ देकर रोक लिया। जब उसने बाइक रोकी नौशाद ने चाकू से उसके सिर पर वार किया। उसने जब अपना सिर बचाने की कोशिश की तो चाकू बाइक पर बैठे उसके बेटे के सिर में लगा। जिससे वह घायल हो गया। तब वह अपनी और अपने बेटे की जान बचाकर वहां से भागा तो दो अज्ञात लोग नौशाद के साथ उसकी बाइक को पकड़ने के लिए पीछे भागे। तब वह वहां से भागकर थाना पहुंचा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चालक-परिचालक ने नकदी और जेवर से भरा पर्स लौटाया

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** निजी बस के चालक और परिचालक ने महिला का जेवर और नकदी से भरा पर्स लौटा दिया। महिला डिलारी क्षेत्र से बिलारी में दवा लेने आई थी।

डिलारी थाना क्षेत्र के गांव काजीपुरा निवासी सैलून संचालक मोहम्मद इरफान की पत्नी खैरुल निशा बिलारी में दवा लेने आई थी। घर पर किसी के न होने के कारण वह जेवर और नकदी पर्स में रखकर अपने साथ ले आई थी। मंगलवार को महिला मुरादाबाद से बिलारी जाने वाली नॉन स्टॉप बस में दोपहर के समय सवार हुई और कुंदरकी में उतर गई। लेकिन जेवर और नकदी से भरा पर्स बस में ही छूट गया। बस में बिलारी के रुस्तमनगर सहसपुर निवासी चालक मोहम्मद नदीम व परिचालक मोहम्मद इस्लाम थे।


चालक मोहम्मद नदीम व परिचालक मोहम्मद इस्लाम।

दोनों को पर्स पड़ा मिला तो उन्होंने पर्स संभाल कर रख दिया। इस बीच खैरुल निशा वहां आई और रोती बिलखती बस के बारे में पूछताछ कर रही थी। नदीम ने महिला को बुलाया कहा कि पर्स उसकी बस में था। उसने महिला के सामने ही पर्स खोला तो उसमें जेवर भरे हुए थे, नकदी गिनी तो 5100 रुपये थे। वीडियो बनाकर पर्स महिला को सौंप दिया। नदीम के सगे भाई मोहम्मद शमी नगर पालिका में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं।

# बच्चों को 14 अगस्त को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

संवाददाता, छजलैट

**स्वास्थ्य**

- विकास खंड भीकनपुर में कृमि मुक्ति दिवस मनाने के लिए हुई बैठक में दी जानकारी

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग व विकास खंड के तहत कृमि मुक्ति दिवस बनाने के लिए बैठक की गई। जिसमें सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योजना बनाई गई।

खंड विकास अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. राजीव चौधरी ने बताया कि कृमि मुक्ति अभियान के तहत 14 अगस्त को 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी, यदि फिर भी बच्चे शेष बचते हैं तो उनको दोबारा दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई बच्चा यदि किसी रोग से ग्रस्त है तो उसको दवाई नहीं खिलाई जाएगी। चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आशा, आंगनबाड़ी, कार्यकत्री शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग की टीम कार्य करेगी और प्रचार प्रसार के लिए सभी गांव व नगर स्तर पर प्रयास किया जाएगा ताकि सरकार द्वारा जो लक्ष्य ब्लॉक छजलैट को 168113 गोलियां का दिया गया वह पूरा हो।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी, संयुक्त खंड विकास अधिकारी गिरीश, उप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. राजीव चौधरी, बीएमसी यूनिसेफ रेखा रानी, प्रमोद सिंह आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## मंडलीय प्रतियोगिता के लिए अंकुल का चयन

**छजलैट, अमृत विचार :** केजीके इंटर कॉलेज मुरादाबाद में मंगलवार को जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में राजकीय हाईस्कूल कुचावली के कक्षा 10 के छात्र अंकुल ने खेल शिक्षिका गीतांजली के मार्गदर्शन में प्रदर्शन किया और मंडल स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए अंडर-17 आयु वर्ग में अपना स्थान पक्का किया। प्रतियोगिता का आरंभ केजीके इंटर कॉलेज मुरादाबाद के प्रधानाचार्य और जिला क्रीड़ा सचिव वंशबहादुर ने किया। निर्णायक के रूप में वीर सिंह, भोजराज एवं खिलेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक गोला, गीतांजली दक्ष, दिग्विजय सिंह, दीपक चंद्र आदि का विशेष योगदान रहा। राजकीय हाईस्कूल कुचावली के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने छात्र अंकुल की सफलता पर गीतांजली दक्ष और अंकुल को बधाई दी और मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी।

# छात्र-छात्राओं की हाजिरी प्रेरणा एप से लगाएं शिक्षक : एसडीएम

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** एसडीएम ने प्रेरणा एप के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश शिक्षकों को दिए। एसडीएम ने दो विद्यालयों का भी निरीक्षण किया।

मंगलवार को एसडीएम अजय कुमार मिश्रा ने कंपोजिट विद्यालय कासमपुर का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी ली। विद्यालय में प्रेरणा एप से छात्र-छात्राओं की उपस्थिति लगाई जा रही है या नहीं इसके बारे में शिक्षक-शिक्षिकाओं से पूछा। कासमपुर के कंपोजिट विद्यालय में कुल 268 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिनमें से 171 छात्र-छात्राएं मौजूद मिले। एसडीएम अजय कुमार मिश्रा ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वह छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। इसके साथ उन्होंने विद्यालय के बच्चों से भी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।


विद्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम अजय कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

- एसडीएम ने विद्यालय के बच्चों से भी पढ़ाई के बारे में पूछा

इसके बाद गढ़ी विद्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को निर्देश दिए कि प्रेरणा एप से ही छात्र छात्राओं की हाजिरी लगाएं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ाएं और छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से गांव में जागरूकता अभियान चलाकर सभी बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**आयोजन** — सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सास-बेटा, बहू सम्मेलन आयोजित

# सीएचसी में स्वास्थ्य योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सास-बेटा, बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें लाभार्थियों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।

मंगलवार को सम्मेलन में लाभार्थियों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं परिवार नियोजन के साधनों के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान सम्मेलन में लाभार्थियों द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा किए गए सवालों के सही जवाब देने पर पुरस्कार दिया गया। सास बहू सम्मेलन में परिवार नियोजन के स्थायी साधन, अस्थायी साधन, महिला नसबंदी, पुरुष नसबंदी, छाया अंतरा एवं परिवार नियोजन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। सम्मेलन में कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि ऑपरेशन से प्रसव करने की सुविधा एवं नार्मल प्रसव की सुविधा के साथ-साथ एंबुलेंस से लाने एवं ले जाने की सेवा निशुल्क उपलब्ध है। प्रसव लाभार्थियों को निशुल्क भोजन की सुविधा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध है तथा परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधन अपनाने के लिए समस्त सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। सम्मेलन में रेशमा बजाहत, अनिल कुमार, आरती, बृजरानी, सुधा, रश्मि, राहुल, आदि उपस्थित रहे।


सम्मेलन के दौरान सीएचसी बिलारी में मौजूद दंपति और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

- सम्मेलन में परिवार नियोजन के उपायों की जानकारी दी
- सवालों के सही जवाब देने पर पुरस्कार भी दिए गए

## तीन भाइयों के घरों से लाखों की चोरी, मंदिर से घंटा चुराया

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** गांव बढ़ेरा में एक रात में तीन घरों में चोरी से सनसनी फैल गई। गांव निवासी किसान मेहंदी और असगर, हामिद तीनों सगे भाई अपने घर के बरामदों में परिवार के साथ सो रहे थे। रात में किसी समय चोरों ने मेहंदी के घर को निशाना बनाया। यहां से चोरों ने जेवर और 30000 की नकदी साफ कर दी। असगर के घर से भी जेवर और नकदी चुराई। वहीं, हमीद के घर से चोर आभूषण और नकदी ले गए। सुबह जागने पर तीनों परिवार को चोरी की जानकारी हुई। घर का सामान इधर-उधर देख तीनों भाई दंग रह गए। तीनों भाइयों के घरों से करीब 10 लाख रुपये की चोरी हुई।

वहीं, गांव महमूदपुर लाल स्थित शिव मंदिर से घंटा भी चोरी हुआ। घटना उस समय की है जब पुजारी रात को अपने घर गया हुआ था। मंदिर से चोर 25 किलो का पीतल का घंटा चुरा कर ले गए। पीड़ितों ने थाना डिलारी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा राजेश कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द चोरी की घटनाओं का खुलाया किया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

# उमस भरी गर्मी से सरकारी स्कूलों में सात छात्र-छात्राएं हुए बेहोश

## शिक्षकों में मची खलबली, पानी छिड़क कर होश में लाकर अस्पताल पहुंचाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को उमस भरी गर्मी सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए भारी पड़ गई। जिले के अलग-अलग स्कूलों में पढ़ाई करते समय सात बच्चे बेहोश होकर गिर गए। इससे शिक्षकों में खलबली मच गई। बच्चों के चेहरे पर पानी के छींटे मारकर उठाया। इसके बाद हाथ के पंखे से हवा की गई। परिजनों को बुलाकर उन्हें अस्पताल भेजा गया।

उमस भरी गर्मी से लोग परेशाान हैं। मंगलवार को भी काफी गर्मी रही। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे गर्मी बर्दाश्त नहीं कर सके और बेहोश होकर गिरने लगे। जिले के सभी ब्लाकों में बच्चों के बेहोश होने के फोटो वायरल हो गए। बच्चों के बेहोश होने से शिक्षकों में खलबली मच गई। उन्होंने पानी के छींटे मारकर होश में लाने के बाद परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बच्चों को अस्पताल पहुंचाया।

### बच्ची के बेहोश होने से मचा हड़कंप


स्कूल में बेहोश हुई सिदरा।

**टांडा, अमृत विचार :** मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर में कक्षा तीन की छात्रा सिदरा बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। शिक्षकों ने बच्ची के चेहरे पर ठंडे पानी के छींटे मारे और हाथ के पंखे से हवा की। तब बच्ची कुछ देर बाद होश में आ गई। बाद में उसे घर भेज दिया गया। ब्लॉक सैदनगर के ग्राम पहाड़पुर निवासी छह वर्षीया सिदरा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन की छात्रा है। मंगलवार की दोपहर सिदरा गर्मी के कारण कक्षा में बेहोश होकर गिर पड़ी। शिक्षकों ने तुरंत छात्रा के चेहरे पर पानी छिड़का। कुछ समय बाद उसे होश आ गया। सूचना पर छात्रा के पिता भी स्कूल पहुंच गए। शिक्षकों ने बच्ची को उनके साथ घर भेज दिया।

### छात्रा बेहोश होकर जमीन पर गिरी

**मिलक, अमृत विचार :** कक्षा में पढ़ाई कर रही छात्रा अनु अचानक जमीन पर गिरकर बेहोश हो गई। इससे क्लास में हड़कंप मच गया। शिक्षक ने छात्रा के मुंह पर पानी छिड़का और उसे होश में लाये। पानी पिलाकर उसे राहत दिलाई। उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनिया जदीद में तैनात शिक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि उमस भरी गर्मी से कक्षा सात की छात्रा अनु बेहोश हो गई। उसके माता-पिता को बुलाकर उसे घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी से बच्चों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इसके कारण बच्चे बेहोश हो रहे हैं। शासन-प्रशासन को चाहिए कि स्कूलों के समय में परिवर्तन करें। जिससे बच्चे भीषण गर्मी के दुष्प्रभाव से बच सकें।

> मंगलवार को सभी अधिशासी अभियंता को पत्र भेजे गए हैं कि स्कूल खुलने का समय सुबह आठ से दो बजे तक है। दो दिन से बच्चे स्कूलों में बेहोश हो रहे हैं। इसलिए बिजली सुबह आठ से दो बजे तक न काटी जाए।
>
> -राघवेंद्र सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी

### बच्चों पर भारी पड़ रही हैं अव्यवस्थाएं


छात्रा जोया व शानिब। ● अमृत विचार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे गांव गंगापुर बहांपुर स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में भीषण गर्मी के चलते कक्षा एक के छात्र आयुष की नाक से अचानक खून निकलने लगा। इससे शिक्षक घबरा गए। उन्होंने आनन-फानन में छात्र के सिर पर पानी गिराया। इससे उसकी नाक से खून बहना बंद हो गया। शिक्षक अभी इससे उबर भी नहीं पाए थे कि कक्षा सात में पढ़ने वाली नशरा बी अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। इससे स्कूल में हड़कंप मच गया। शिक्षकों ने छात्रा को हाथ के पंखे से हवा करके पानी पिलाया। इसके बाद दोनों बच्चों के अभिभावकों को बुलाया गया। बाद में दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रधानाध्यापक सुरेश सक्सेना ने बताया कि दर्जनों बच्चे वायरल बुखार से पीड़ित हैं। विद्यालय के बंद कक्षों में बैठने वाले छात्र-छात्राओं पर भीषण गर्मी का प्रकोप अधिक देखने को मिल रहा है। बीईओ मजरूहल इस्लाम ने बताया कि बिजली कटौती के कारण स्कूलों में पंखे तक नहीं चल पा रहे हैं। इसके अलावा भोट के तालकपुर में जोया और शानिब भी बेहोश हो गए थे। उन्हें भी अस्पताल भेजा गया।

### शिक्षक और अनुचर भी गर्मी से हुईं बेहोश

**रामपुर, अमृत विचार :** सरकारी स्कूल में तैनात एक शिक्षिका और अनुचर भी गर्मी में बेहोश होकर गिर गई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। घाटमपुर के कंपोजिट स्कूल में तैनात अनुचर बेहोश होकर गिर गई। स्टाफ ने पानी छिड़कर होश में लाने के बाद उन्हें अस्पताल भिजवाया। इसके अलावा पीएस पट्टी अशोकपुर में तैनात शिक्षिका बीना कुमारी भी बेहोश हो गईं। उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

### कक्षा पांच का छात्र हुआ बेहोश

**सैदनगर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत इमरता निवासी अंकुश प्राथमिक विद्यालय इमरता में कक्षा पांच का छात्र है। मंगलवार की दोपहर अंकुश गर्मी के कारण कक्षा में बेहोश होकर गिर पड़ा। शिक्षकों ने तुरंत उसके चेहरे पर पानी छिड़का। कुछ समय बाद छात्र को होश आ गया। सूचना पर छात्र के पिता भी स्कूल पहुंच गए। बताया जाता है कि छात्र संख्या के अनुपात में विद्यालय में छात्रों के बैठने के लिए कक्षों की संख्या कम है। अभिभावकों ने कक्षों की संख्या बढ़ाने तथा स्कूल के समय में परिवर्तन करने की प्रधानाध्यापक से मांग की है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि होश में आने पर छात्र को पिता के साथ घर भेज दिया गया।

### संविलियन विद्यालय में छात्रा हुई बेहोश

**शाहबाद, अमृत विचार :** मंगलवार संविलियन विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा बेहोश हो गई। विद्यालय में ही छात्रा को प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद परिजन उसे अपने साथ घर ले गए। मामला संविलियन विद्यालय कूप का है। मंगलवार दोपहर कक्षा आठ की छात्रा छाया पानी पीने गई थी। वापस क्लास में आई तो अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। वह सीट पर लेट गई और बेहोश हो गई। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार मेहरा व अन्य अध्यापक कक्षा में पहुंचे और उसके चेहरे पर ठंडे पानी की छींटे मारकर होश में लाया गया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि भीषण गर्मी की वजह से छात्र-छात्राओं को दिक्कत हो रही है। इस गर्मी भी पंखे भी काम नहीं कर रहे हैं।

### गर्मी से बेहोश हुआ कक्षा चार का छात्र

**स्वार, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला चक स्वार निवासी रजावुल हसन का 12 वर्षीय बेटा फैजुल प्राथमिक विद्यालय प्रथम में कक्षा चार का छात्र है। मंगलवार को कक्षा में पढ़ते समय अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ा। स्कूल के स्टाफ ने बेहोश छात्र को हवा कर पानी की छींटे मारे। इसके बाद भी छात्र को होश नहीं आया तो आनन-फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी गई। हालत में सुधार न होने पर परिजन फैजुल को घर ले गए। विद्यालय के इंचार्ज माजिद हुसैन ने बताया कि छात्र बेहोश हो गया था। हालत में सुधार होने पर परिजन उसे घर ले गए।

## एक नजर

### छेड़खानी व मारपीट में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**सैफनी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने उसकी पुत्री से छेड़खानी करने और मारपीट करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि सोमवार को उसकी पुत्री सड़क किनारे गोबर डालने गई थी। तभी उसके बेटे को किसी ने बताया कि रास्ते में गांव का ही लोकुश उसकी पुत्री से अश्लील हरकत करते हुए खींचकर ले जा रहा है। इस पर उसका बेटा मौके पर पंहुचा तो आरोपी उसकी बेटी के साथ गायब था। उसने शोर मचाया तो आरोपी का भाई सुमित और चुहिया वहां आ गए और उसके साथ मारपीट करने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लोकुश व सुमित समेत तीन लोगों के खिलाफ छेड़खानी तथा मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि 1596 परिषदीय विद्यालयों का समय आठ से दोपहर दो बजे तक है। इस समय उमस भरी गर्मी है। इसके कारण छात्रों एवं शिक्षकों के साथ रोजाना कुछ अप्रिय हो रहा है। कई विद्यालयों में बिजली की भी व्यवस्था नहीं है। इसलिए स्कूलों का समय 7 :30 से 12 :30 तक किया जाए।

### जिलाधिकारी को भेजा पत्र

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल ने जिलाधकारी को भेजे पत्र में कहा है कि एक कमरे में 60 से 80 बच्चे बैठ रहे हैं। इससे बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। बिजली सुबह नौ बजे तक आती है। छुट्टी का समय दो बजे का है। गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन को स्कूलों का समय सुबह 7 :30 से दोपहर 12 :30 बजे तक करना चाहिए। इस दौरान विद्युत आपूर्ति भी सुचारु होनी चाहिए। पत्र पर जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता के भी हस्ताक्षर हैं।

### बदला जाए स्कूलों का समय

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। इसमें कहा है कि परिषदीय विद्यालय प्रात: आठ से दो बजे तक संचालित हो रहे हैं। वर्तमान में भारी उमस भरी गर्मी पड़ रही है। अधिकांश विद्यालयों में बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं है। इसके कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। कई विद्यालयों से छात्र-छात्राओं के बेहोश होने की सुचनाएं मिली हैं। इसलिए स्कूलों समय बदला जाए।

## धार्मिक स्थल को लेकर दोनों पक्ष फिर आए आमने-सामने

संवाददाता, बिलासपुर

- अपनी शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे दोनों पक्षों के लोग

**अमृत विचार :** धार्मिक स्थल प्रकरण को लेकर चले आ रहे विवाद में एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के लोग अपनी-अपनी शिकायतें लेकर कोतवाली पहुंच गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पसियापुरा स्थित धार्मिक स्थल का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोजाना कोई न कोई नया विवाद पुलिस-प्रशासन के सामने आ जाता है। कार्यवाहक सेवादार के इधर-उधर पलटी मारने की वजह से मामला और भी चर्चित हो गया है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने की वजह से प्रशासन भी शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील कर रहा है।

मंगलवार को कार्यवाहक सेवादार देवेंद्र सिंह फौजी दर्जनभर लोगों के साथ कोतवाली पहुंचे। वहीं दूसरा पक्ष भी अपनी शिकायत लेकर प्रभारी निरीक्षक से मिला। फौजी पक्ष ने आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष रोजाना कोई न कोई हथकंडा अपनाते हुए झगड़ा कर रहा है। दूसरे पक्ष का कहना है कि उन्हें बिना वजह फंसाया जा रहा है। एसडीएम ने इस मामले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को समझा दिया है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। प्रशासन धार्मिक स्थल प्रकरण पर नजर रखे हुए है।

## शिक्षकों ने बीएसए को बताईं समस्याएं

**रामपुर, अमृत विचार :** एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिशन के जिलाध्यक्ष राम बहादुर के नेतृत्व में शिक्षक बीएसए से मिले। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालयों के आरक्षित वर्ग के प्रधानाध्यापकों को 10 वर्ष की सेवा पूरी करने पर भी चयन वेतनमान स्वीकृत न करने की जानकारी दी। एसोसिशन ने पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रकिया शुरू करने सम्बन्धी शासनादेश एवं शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों का हवाला भी दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्याओं का संज्ञान लेते हुए निस्तारित करने का विश्वास दिलाया। ज्ञापन देने वालों में रमेश पाल सिंह, वीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, ज्ञान प्रकाश गौतम, प्रेम चंद, अजय पाल सिंह, अशोक बाबू, कन्हई लाल, सरदीप गौतम, मुरारीलाल सागर, जबर सिंह, जंग बहादुर आदि शामिल रहे।

## राहत कार्य में लगे 26 लोग सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


राहत कार्य में शामिल लोगों को सम्मानित करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मिलक के ग्राम करीमगंज में हुई घटना में राहत एवं बचाव कार्य में लगे 26 लोगों को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने उनके साहस और समर्पण भाव के लिए 11 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी बताया कि 26 जुलाई को 18 माह की बच्ची ओमसुधा पुत्री देवेंद्र कुमार पानी के तेज बहाव में बहकर तालाब में डूब गई थी। जिला प्रशासन, पुलिस, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्थानीय लोगों, आपदा मित्रों, ब्लॉक व नगर पालिका मिलक के सफाई कर्मचारियों, ग्राम प्रधान खजुरिया करीमपुर, ग्राम प्रधान पुरैनिया खुर्द के माध्यम से तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान में इन लोगों के साहस और समर्पण भाव से कार्य करने के फलस्वरूप ओम सुधा का शव तलाश किया जा सका।

राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से राहत सहायता के रूप में मृतका ओम सुधा की मां नीतू को आर्थिक सहायता के रूप में चार लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से उनके बैंक खाते में 29 जुलाई को भेजे जा चुके हैं।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपील की कि बाढ़ या अतिवृष्टि से होने वाली जनहानियों को रोकने, उसके दुष्प्रभावों से बचने तथा भविष्य में घटित होने वाली घटनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए स्थानीय लोगों को जागरूक करें। उन्हें बताएं कि अपने बच्चों का ध्यान रखें। उन्हें नदी, नालों व तालाबों के पास न जाने दें, ताकि इस प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## शॉपिंग मॉल के लिए चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने तहसील मिलक में नव निर्मित प्रगति मॉल की तर्ज पर तहसील शाहबाद के पटवाई में शॉपिंग मॉल के निर्माण के लिए चिन्हित की गई भूमि का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी शाहबाद को मॉल के निर्माण के लिए चिन्हित की गई भूमि का अभिलेखीय आधार पर परीक्षण करते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। सीडीओ व जिला पंचायत राज अधिकारी को इस भूमि पर मॉल के निर्माण के लिए कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने इस स्थल पर रेहड़ी-पटरी वालों के लिए स्वनिधि गलियारे का निर्माण कराने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी व खंड विकास अधिकारी शाहबाद को पटवाई में अमृत सरोवर की चहारदीवारी के चारों ओर पौधरोपण कराने के भी निर्देश दिए।

## चार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सात सहायिकाओं की सेवाएं खत्म

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- निष्क्रिय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को चिन्हित कर कार्रवाई के डीएम ने निर्देश
- कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** अपने दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन न करने और लगातार आंगनबाड़ी केंद्र से गायब रहने पर डीएम ने चार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सात सहायिकाओं की सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई की है।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि 11 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की सेवा समाप्ति की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए शासनादेश के अनुसार अंतिम अवसर दिया था। इसके तहत 29 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे कार्यालय में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इस पर मात्र एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेमा सैनी उपस्थित हुई। उन्होंने बताया कि तहसील स्वार ग्रामीण स्थित केंद्र लखीमपुर में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री रेहाना, चौखंडी केंद्र पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री परमजीत कौर, आर्सल पार्सल केंद्र पर तैनात सहायिका तबस्सुम, मुंशीगंज केंद्र पर तैनात सहायिका बीना, नवाबगंज पार्सल केंद्र पर तैनात सहायिका ममता, तहसील चमरौआ स्थित बहपुरी केंद्र पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री सोनिया के खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा भंडपुरा केंद्र पर तैनात सहायिका मीना देवी, शहर स्थित गंगापुर हार्ट केंद्र पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेमा सैनी, इमली बतनियां केंद्र पर तैनात सबा, बजरिया खानसामा केंद्र पर तैनात सहायिका मीनू और झंडा मय हम्मास वाली गली केंद्र पर तैनात सहायिका सिमरन खान की भी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि भविष्य में भी लापरवाह एवं निष्क्रिय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को चिन्हित करने की कार्रवाई की जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों का बेहतर तरीके से संचालन बेहद जरूरी है। क्योंकि यह आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को विभिन्न स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों से जोड़ने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


बैठक को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी मदनलाल वर्मा। ● अमृत विचार

## पोर्टल पर अंकित करें सूचनाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा ने बताया कि आरटीई और यू डाइस को लेकर सभी सख्त हो जाएं। शिक्षा अधिकारियों ने मान्यता प्राप्त स्कूलों के प्रबंधकों को चेताया है कि कोई लापरवाही न करे। वक्त रहते शासन की मंशा के अनुरूप पोर्टल पर बच्चों से संबंधित सूचनाएं अंकित करें।

मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र खौद पर निजी स्कूलों के प्रबंधकों की बैठक हुई। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रबंधक विभागीय कार्यों को वक्त रहते पूरा करें। आरटीई में प्रवेश के प्रति जागरूक रहें। यू डाइस में बच्चों के रजिस्ट्रेशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में ब्लॉक के अधिकतर स्कूलों के प्रबंधक मौजूद रहे। प्रबंधकों के सवालों और उनकी दिक्कतों के संबंध में भी शिक्षा अधिकारी ने उन्हें संतुष्ट किया। शिक्षा विभाग से मोहम्मद आसिम ने 12 बिंदुओं के प्रपत्र से प्रबंधकों से जानकारी मांगी। इसमें निजी स्कूलों का पूरा ब्यौरा मांगा गया था। बैठक में पूजा, रहमत अली के साथ निजी स्कूलों के प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

## रागी जत्थे को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


शबद कीर्तन के दौरान मौजूद सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री गुरु हर किशन साहिब महाराज के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा जी सिविल लाइंन में आयोजित कार्यक्रमों के अंतिम दिन रात में विशेष दीवान सजा। इसमें सिमरन जत्था एवं हजूरी रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह ने रात नौ बजे तक शबद-कीर्तन किया गया। उत्तराखंड के भाई गुरजीत सिंह ने रात 9 बजे से 10:30 बजे तक शबद-कीर्तन किया।

गुरुद्वारा के प्रधान दर्शन सिंह खुराना ने गुरु हरकिशन साहिब के इतिहास पर प्रकाश डाला एवं उत्तराखंड से आए रागी जत्थे के भाई गुरजीत को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। दीवान की समाप्ति 11 बजे हुई।

कार्यक्रम में प्रबंधक कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह खुराना, प्रधान गुरचरन सिंह आहूजा, त्रिलोचन सिंह बाधवा, सुरेंद्र सिंह चावला, भूपेंद्र सिंह, राधेश्याम अरोड़ा, महेंद्र सिंह होरा, अमरजीत सिंह, हरीश अरोड़ा, हरपाल सिंह अहूजा, रविंद्र सिंह, धनवंत सिंह, पपिंदर सिंह, जसमीत सिंह, प्रेम अरोड़ा, गुरजीत सिंह, गुरदेव सिंह एवं मुख्य ग्रंथि ज्ञानी सेवा सिंह व अन्य सेवादार मौजूद रहे।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। टांडा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती ने 27 जुलाई को थाने में तहरीर दी थी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारिरिक संबंध बनाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसके अलावा सरोज, प्रियंका, कपिल ने युवती के साथ गाली गलौच कर मारपीट कर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार निवासी मोहल्ला दढियाल मुस्तेहकम को टांडा भगतपुर रोड करखेडी मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

## 36 इंचार्ज शिक्षकों को मिलेगा प्रधानाध्यापक का वेतन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बेसिक स्कूलों में लंबे समय से शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हुई है। इसके कारण प्रधानाध्यापक के पदों पर सहायक अध्यापक इंचार्ज बनकर काम कर रहे हैं। जनपद के ऐसे ही 36 इंचार्ज शिक्षकों को उच्च न्यायालय ने प्रधानाध्यापक का वेतन देने के आदेश दिए हैं।

जनपद के सौरभ पांडे, कृपाल सिंह, विजयपाल सिंह, सुदेव शंकर, विशाल कुमार, संजीव कुमार, प्रवेंद्र कुमार कश्यप, अशोक कुमार, चंद्रपाल, नीलम हल्दिया, सीमा, आकांक्षा सक्सेना, क्रमांक राजपूत, अजहर रियाज, कपिल कुमार, मनीषा चौहान, अजहर इमरान, हिना परवीन आदि ने हाईकोर्ट में अधिवक्ता कमल कुमार केसरवानी के माध्यम से याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि वह अपने विद्यालय में कई वर्षों से इंचार्ज का काम कर रहे हैं परंतु उन्हें वेतन सहायक अध्यापक का दिया जा रहा है। हाईकोर्ट ने मंगलवार को याचिका का निस्तारण करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेश दिया है कि वह इन याची शिक्षकों की इंचार्ज बनने की तिथि जांच कर इन्हें प्रधानाध्यापक का वेतन का भुगतान दो माह के अंदर करें। इन्हें इंचार्ज अवधि का एरियर का भुगतान भी किया जाए।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल तथा जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि जनपद में 900 से अधिक शिक्षक इंचार्ज का काम कर रहे हैं, परंतु उन्हें वेतन सहायक का मिल रहा है। शासन को शीघ्र ही पदोन्नति करनी चाहिए।

**परेशानी** लोगों ने बिजली की समस्या का समाधान कराने की लगाई गुहार

## बिजली कटौती से लोग परेशान, सूख रहीं फसलें

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पूरे प्रदेश में गांव हो या शहर कहीं भी बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। लेकिन शाहबाद में स्थिति इसके उलट है। यहां ऐसी गर्मी में भी बिजली कटौती चरम पर है। रोस्टर के अलावा ट्रिपिंग और मामूली फाल्ट के कारण बेवक्त की कटौती ने लोगों को परेशान कर दिया है। बिजली कटौती की वजह से फसलें सूख रही हैं। लोगों ने बिजली समस्या का समाधान कराने की गुहार लगाई है।

बिजली न आने से किसानों सबसे ज्यादा परेशान हैं। उनकी फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सोने के समय रात को बिजली नहीं आती। इसके चलते उमस भरी गर्मी में लोग पूरी रात घरो के बाहर बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं। सामाजिक संगठनों, किसानों, प्रधानों आदि ने अधिकारियों से कई बार समस्या के निदान के लिए दुखड़ा रोया, लेकिन हालात जस के तस हैं। सामजिक संगठनों, ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय लोगों ने बिजली की समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है।


सिंचाई के अभाव में सूखी फसल।



> शाहबाद में मुख्यमंत्री के आदेश की भी अवहेलना की जा रही है। देहात में बिजली की बहुत दिक्कत है। अंधाधुंध कटौती की जा रही है। इसकी वजह से किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। शिकायतों के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। - शिवम बजरंगी



> बिजली न मिलने से लोगों को काफी दिक्कतें आ रही हैं। उमस भरी गर्मी में बिजली न मिलने से लोगों का जीना मुहाल है। लेकिन इस समस्या की ओर विभाग के अधिकारी कतई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। - मोहम्मद सालिम



> बिजली न आने के ग्रामीण क्षेत्र में बहुत बुरा हाल है। स्थानीय अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई। मगर सुनवाई नहीं हुई। बिना बिजली के धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। लेकिन अधिकारी इसे लेकर गंभीर नहीं हैं। - गौरव कुमार



> स्थानीय लोग बिजली विभाग के चक्कर लगाकर शेड्यूल के मुताबिक बिजली देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन स्थिति जस की तस है। कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। - ज़फर खान

## डिवाइन स्कूल पर कार्रवाई को प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** ग्राम प्रधानों ने डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार की दोपहर प्रधान संगठन की ब्लाक अध्यक्ष रेशू देवी के नेतृत्व में दर्जनों प्रधान जुलूस की शक्ल में तहसील पहुंचे। उन्होंने एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रधानों ने आरोप लगाया कि माठखेड़ा मार्ग स्थित डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल मनमानी पर उतारू है। मामूली बात पर बच्चों को बुरी तरह पीटा जाता है। एक छात्र को शिक्षक ने इतना पीटा कि उसके कान से खून निकल आया। विरोध करने पर प्रधानाचार्य ने छात्र को आतंकवादी तक कह दिया। धर्म का नाम लेकर छात्र को टार्चर किया गया। इससे उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

प्रधानों ने कहा कि अगर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो संगठन जिलाधिकारी से मिलेगा। ऐसे स्कूल संचालक के विरुद्ध कार्रवाई और मान्यता रद्द कराने की मांग करेगा। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान असगर अली, मोहम्मद नदीम, यूनुस अली, रियाज अहमद, सिफते हसन, जकी अब्बास, हरपाल सिंह, इदरीस अहमद, जोगिंदर सिंह आदि प्रधान शामिल रहे।

> अध्यापक ने अभिभावक से छात्र की शिकायत की थी। इसके बाद भी छात्र के द्वारा अपने आचरण में सुधार नहीं किया जा रहा था। इसकी वीडियो फुटेज भी वह उपलब्ध करा देंगी।
>
> -अनीता मलिक, प्रधानाचार्य, डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल

## एक नजर

### रोडवेज बस की टक्कर से ग्रामीण की मौत

शाहबाद/सैफनी, अमृत विचार :



सड़क हादसे में घायल राशन डीलर की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के छितौनी गांव निवासी रईस अहमद गांव के राशन डीलर थे। मंगलवार को वह किसी काम से शाहबाद जा रहे थे। रास्ते में मित्तरपुर गांव के करीब रोडवेज की बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर एकत्र हुए लोगों ने उन्हें सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टर ने हालत गंभीर बताते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाकर पहुंचे परिजन उन्हें मुरादाबाद के अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दूसरी ओर ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव मधुकर निवासी अमर सिंह खेत पर काम करके घर लौट रहे थे। साथ में उनका आठ वर्षीय बेटा अंशु भी था। ढकिया-शाहबाद मार्ग पर रोड पार करते समय कार ने अंशु को टक्कर मार दी। हादसे में अंशु गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# चारपाई पर लेटने से मना करने पर की थी हत्या

## पुलिस अधीक्षक ने किया गोशाला के चौकीदार की हत्या का खुलासा

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शाहबाद पुलिस ने चौकीदार हत्याकांड का पर्दाफाश कर दिया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि हत्या वाली रात उसने शराब पी रखी थी। नशे की हालत में वह गोशाला पहुंच गया और चौकीदार लालमन की चारपाई पर लेट गया। चौकीदार ने टोक दिया था। इस पर उसने चौकीदार के सिर पर ईंट से वार करके हत्या कर दी। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा किया। इसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी अनिल। ● अमृत विचार

शनिवार रात को कोतवाली क्षेत्र के गांव बमनपुरी में रामगंगा पुल स्थित गोशाला में चौकीदार लालमन (62) की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। रविवार की सुबह पड़ोसी गांव जाहिदपुर का दूसरा चौकीदार जगदीश वहां पहुंचा तो लालमन का शव पशुओं के पानी पीने की होद में देख उसकी चीख निकल गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया था। मृतक के दत्तक पुत्र नेत्रपाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

शुरूआत में पुलिस इसे संपत्ति के विवाद से जोड़कर देख रही थी। दूसरे चौकीदार भी पूछताछ की गई। कई लोगों को हिरासत में लेकर भी पूछताछ की गई। पुलिस ने सर्विलांस की मदद ली तो उसके हाथ जाहिदपुर निवासी अनिल यादव तक पहुंच गए। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने बताया कि जब अनिल से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह घटना की रात काफी शराब पिए हुए था। नशे की हालत में वह बमनपुरी होता हुआ गोशाला पहुंच गया। गोशाला में लालमन चौकीदार थे। जिन्हें वह पहले से जानता था। वह गोशाला में पड़ी लालमन की चारपाई पर लेट गया था। यह देख चौकीदार लालमन को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा कि तुमने शराब पी रखी है। इसकी शिकायत मैं तुम्हारे पिता से करूंगा। इस पर आरोपी को गुस्सा आ गया। उसने पाखड़ के नीचे तख्त पर लेटे लालमन के सिर पर वहीं पड़ी ईंट से दो तीन वार किए। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गए थे। इसके बाद अनिल ने लालमन को उठकार पानी की हौद में डाल दिया था। उसने गोशाला में लगे सरकारी हैंडपंप पर खून सनी कमीज को धो दिया था। इसके बाद उसे गोशाला के बाहर पाखड़ के पेड़ पर छिपा दिया।

### निशानदेही पर कपड़े बरामद किए

शाहबाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर खून में सने कपड़े बरामद कर लिए हैं। सोमवार की रात पुलिस ने हत्यारोपी अनिल को रामपुर रोड स्थित मंडी के निकट शमी की चाय की दुकान से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने हत्यारोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## ठगी प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच चल रही वार्ता

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मंडी के 50 से अधिक किसानों को ठगने वाले आढ़ती मां-बेटा से वार्ता का दौर जारी है। बताया जा रहा है कि मां-बेटा किसानों की फसल का रुपया देने के लिए राजी हो गए हैं।

हरियाणा के आढ़ती मां-बेटे को मंडी के आढ़तियों और किसानों ने सोमवार को बंधक बना लिया था। सूचना पर पुलिस और ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख भी मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने आक्रोशित किसानों और आढ़तियों से दोनों को बंधक बनाने का कारण पूछा था। किसानों ने बताया कि कुछ माह पूर्व यह दोनों मां-बेटे मंडी में आढ़ती बन कर आए थे। दोनों ने झांसा देकर स्थानीय मंडी के आढ़ती की जमानत पर 50 से अधिक किसानों का अनाज खरीद लिया था। इसका भुगतान जल्द ही करने का आश्वासन दिया था। मगर अनाज खरीद कर ले जाने के बाद यह दोनों वापस नहीं आए। फसल के रुपयों के लिए झांसा दे रहे थे। सोमवार को वेशभूषा बदल कर फिर दोनों मंडी अए थे। किसानों ने दोनों को पहचान कर बंधक बना लिया था। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में वार्ता चल रही है। अभी किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।

# दूषित खानपान से दूर रहने की दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर





जिला अस्पताल में आयोजित संगोष्ठी में बोलते डॉ.राजीव राजपाल। ● अमृत विचार

- हेपेटाइटिस को लेकर जिला अस्पताल में हुई संगोष्ठी
- शराब के अधिक सेवन से लीवर पर होने वाले प्रभावों के बारे में बताया

**अमृत विचार :** विश्व हेपेटाइटिस दिवस को लेकर जिला अस्पताल में हुई संगोष्ठी में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि हेपेटाइटिस ए और ई दूषित खानपान से होता है। गर्भवती महिलाओं को हेपेटाइटिस ई से बचाव के लिए डॉक्टर से नियमित परामर्श लेते रहना चाहिए।

जिला अस्पताल में मंगलवार को राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण और विश्व हेपेटाइटिस दिवस को लेकर सीएमओ की अध्यक्षता में संगोष्ठी हुई। सीएमएस डॉ.एचके मित्रा ने कहा कि हेपेटाइटिस ऐसी बीमारी है, जिसकी जकड़न में आने से कई अन्य जटिल समस्याएं हो सकती है। हेपेटाइटिस ई गर्भवती महिलाओं के लिए और बी तथा सी अन्य लोगों के लिए काफी खतरनाक है। जागरूकता से ही इस बीमारी से बचा जा सकता है।

नोडल अधिकारी डॉ. एसएस झा ने हेपेटाइटिस के प्रकार, कारक, प्रबंधन और रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की। शराब के अधिक सेवन से लीवर पर होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बीएलएल लैब के नोडल डॉ. प्रद्योत सिंह, डॉ. आरके वर्मा, डॉ. राजीव राजपाल आदि मौजूद रहे।

## शेड्यूल के अनुसार की जाए विद्युत आपूर्ति

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भाजपा युवा मोर्चा ग्रामीण के महामंत्री करन हलदर ने ऊर्जा मंत्री को इंटरनेट के माध्यम से ज्ञापन भेजकर शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति करने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल हैं। मगर विभाग द्वारा गांव गोकुलनगरी, मानपुर ओझा, अशोकनगर, बंगाली कालोनी, शर्मा मोड़ आदि ग्रामीण क्षेत्रों में अंधाधुंध कटौती की जा रही है। इसके चलते मात्र चार-पांच घंटे ही बिजली मिल रही है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से इस पर संज्ञान लेने तथा क्षेत्र को शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति दिलाने की मांग की है।



भैरो मंदिर परिसर में पौधरोपण करते उपजिलाधिकारी सुनील कुमार। ● अमृत विचार

# उपजिलाधिकारी ने भैरो मंदिर में किया पौधरोपण

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** मंगलवार को तहसील प्रशासन की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी ने पौधरोपण के साथ पौधों को संरक्षित करने का भी संकल्प लिया।

मंगलवार को उपजिलाधिकारी सुनील कुमार प्रथम ने भैरो मंदिर परिसर में अशोक के 70 पौधे रौपे। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन पर्यावरण से जुड़ा है। मनुष्य का भोजन, पानी, आवास और अन्य वस्तुओं की जरूरत पर्यावरण पर निर्भर करती है। पृथ्वी पर्यावरण से हरी भरी रहे, इसलिए हमें पौधे लगाने चाहिए। पौधे लगाकर भूल जाना भी गलत है। पौधे लगाकर उनकी देखभाल करना भी बेहद जरूरी है।



नगर पंचायत कार्यालय परिसर में नीलामी के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

# 8.11 लाख रुपये में नीलाम हुआ गुदड़ी मेले का ठेका

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर लगने वाले आदर्श गुदड़ी मेला का ठेका 8.11 लाख रुपए में नीलाम हुआ।

मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आदर्श गुदड़ी मेला के ठेके की खुली बोली के तहत नीलामी की गई। इसमें ठेकेदार असलम खां, जाहिद हुसैन, सरिता गुप्ता और अवधेश कुमार शामिल रहे। 8.11 लाख रुपये की सर्वाधिक बोली लगाने वाले असलम खां के नाम गुदड़ी मेला का ठेका नीलाम कर दिया गया। अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि यही ठेका गत वर्ष महुआखेड़ागंज निवासी जगदीश सिंह के नाम 3.31 लाख रुपये में नीलाम किया गया था। इस दौरान नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, चेयरमैन दिनेश गोयल, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्रा आदि मौजूद रहे।

## ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की जांच को पहुंचे अधिकारी

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बिजारखाता में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत पर कई अधिकारियों ने मौके पर पहुंकर जांच की।

बिजारखाता निवासी भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार दिवाकर उर्फ खन्ना ने डीएम को पत्र भेजकर ग्राम समाज की भूमि पर कई लोगों द्वारा अवैध कब्जे कर पक्के मकानों का निर्माण कराने की शिकायत की थी। डीएम ने मामले की जांच एसडीएम को सौंपी। एसडीएम अमन देओल के निर्देश पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में कानूनगो और लेखपाल अंकित कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है।

# वीर योद्धाओं के जीवन से लेनी चाहिए प्रेरणा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीआरपीएफ के डीआईजी सुभाष चंद्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें वीर योद्धाओं के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। तिरंगे का सदा सम्मान करना चाहिए।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे एवं स्टाफ के लोग। ● अमृत विचार

- सीआरपीएफ के छह जवानों का किया गया सम्मान
- स्कूल में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

माउंट लिट्रा जी स्कूल में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सीआरपीएफ के छह जवानों का सम्मान किया गया। बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा उन अमर योद्धाओं को याद किया जिन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और दुश्मन के हमले से देश की रक्षा की। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य और लघु नाटिका प्रस्तुत करके शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम में ईओ नगर पालिका दुर्गेश्वर त्रिपाठी पत्नी के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सीनियर सिटीजन क्लब रामपुर की फाउंडर मेंबर्स अलका जैन, रानी गुप्ता और स्कूल के डायरेक्टर सर्वेश जैन खंडेलवाल, शोभित जैन खंडेलवाल, प्रिंसिपल सीमा जैन, नेहा जैन ने पुलिस लाइन से आए स्कूल के बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित किया। संचालन शिक्षिका कायनात जेहरा एवं अलीना ने किया।

**अनदेखी** जिलाधिकारी का आदेश बेअसर, आटो चालकों ने बना लिया अड्डा

# थाने के सामने बसों में धड़ल्ले से बैठाई जा रहीं सवारियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी का आदेश बेअसर साबित हो रहा है। मंगलवार को भी थाने के सामने से आटो और रोडवेज बसों चालक सवारियां बैठाते रहे। हालांकि पुलिसकर्मी चालान करने की बात कहते रहे। यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं।

थाने के सामने खड़े होकर रोडवेज बसें और आटो चालक सवारियों का इंतजार करते हैं। इससे जाम लगता रहता है। कई बार वाहन सड़क किनारे खड़े होने के कारण जाम लग जाता है। मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करके निर्धारित संख्या से अधिक बच्चों को ले जाने वाले स्कूली वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। आंबेडकर पार्क से रोडवेज बस अड्डा तक अनाधिकृत रूप से खड़े होने वाले वाहनों के कारण लगने वाले जाम से लोग परेशान होते हैं। इसे देखते हुए अवैध परिवहन करने वाले इन वाहनों के विरुद्ध भी जिलाधिकारी ने एआरटीओ एवं ट्रैफिक पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। लेकिन डीएम के निर्देश का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है।



थाने के गेट के सामने खड़े डग्गामार वाहन। ● अमृत विचार

मंगलवार को भी पूरे दिन थाने के सामने से आबेडकर पार्क तक ऑटो और रोडवेज बसों के चालक सावारियां बैठाते रहे। जबकि इन वाहनों से लगने वाले जाम में कई बार वीआईपी भी फंस जाते हैं।

### लगातार चलाया जा रहा अभियान

ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का कहना है कि थाने के सामने किसी भी वाहन को खड़ा नहीं होने दिया जा रहा है। रोजाना चालान काटा जाता है। मंगलवार को भी आंबेडकर पार्क के सामने 19 वाहनों के चालान काटे गए। इनमें कई डग्गामार वाहन भी शामिल हैं।

> अधिकारियों के आदेश पर रोजाना वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को 19 वाहनों के चालान काटे गए। इनमें कुछ वाहन नो पार्किंग जोन में खड़े थे। उनका चालान भी काटा गया है।
>
> –विजेंद्र सिंह, टीआई





बच्चे और उसकी मां को बुके भेंट कर प्रधानाध्यापक। ● अमृत विचार

# कक्षा सात के छात्र को बुके देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत राजकीय हामिद इंटर कॉलेज में सोमवार को अंडर 14 बालक वर्ग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इसमें कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर ठेका के कक्षा सात के छात्र मोहम्मद यासीन ने प्रतिद्वंद्वी को हराकर मंडल स्तर के लिए क्वालीफाई किया। मोहम्मद यासीन व उसकी माता फातिमा बी तथा कोच गौरव त्यागी को बुके देकर सम्मानित किया गया।

छात्र मोहम्मद यासीन ने कहा की मैच के प्रारंभ में थोड़ा नर्वस हो गया था। मगर जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता गया, आत्मविश्वास आता चला गया। प्रधानाध्यापक नितिन राजपूत ने बच्चों को कम से कम दो खेलों में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी काम में सफलता के लिए इच्छा, प्रयास और अभ्यास महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर मदन मोहन सिंह, गौरव त्यागी, अंशु, राजकौर, बाबूराम आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप





छात्रों के साथ पौधे लगाने जाते शिक्षक। ● अमृत विचार

### शिक्षक ने रखा एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

**रामपुर, अमृत विचार :** कॉमर्स के शिक्षक सनी अरोरा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत उन्होंने कॉमर्स के छात्रों को पौधे दिए। सभी से अनुरोध किया कि वह इन पौधों को अपने घर और आसपास लगाएं। कहा कि बड़े होकर यह पौधे पर्यावरण संरक्षण में मदद करेंगे। पेड़ पृथ्वी पर जीवन को कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें ऑक्सीजन देते हैं, कार्बन का भंडारण करते हैं। पेड़ों का महत्व सिर्फ प्रकृति का हिस्सा होने से कहीं अधिक है। पेड़ हमारी त्वचा और आंखों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करते हुए हानिकारक यूवी किरणों से सुरक्षा देते हैं।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**रामपुर, अमृत विचार :** युवा सामाजिक कार्यकर्ता व छात्र प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष सैयद मोहतशम मुज्तबा ने पौधरोपण करके अपना जन्मदिन मनाया। कहा कि वह कई वर्षों से अपना जन्मदिन पौधरोपण करके ही मना रहे हैं। कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे लिए चुनौती बनती जा रही है। आज की युवा शक्ति इसके लिए जागरूक नहीं हुई तो भविष्य में हम अपनी पीढ़ियों को शुद्ध जल और वायु की जगह विरासत में जहर देकर जाएंगे। इस मौके पर जैद, हुसैन मियां, वसीम खां, अशर खां, भूरा, साहिल, मोहिक आदि मौजूद रहे।

### राज्यपाल पद की शपथ लेने से पहले की मुलाकात

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच मेरठ प्रांत के संयोजक मोहम्मद कय्यूम खान ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। मंगलवार को दिल्ली स्थित उनके शासकीय आवास पर झारखंड रवाना होने से पहले मुबारकबाद पेश की। फैसल मुमताज ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण करने रांची रवाना हो गए हैं। सुबह 9 :30 बजे राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। वहां कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार को शपथ दिलाएंगे। इस मौके पर चौधरी हाजी रशीद, हाजी नाहिद खान, सिराज मेहवाती, सनव्वर हुसैन आदि मौजूद रहे।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दी जाए जीपीएफ की रसीद

**रामपुर, अमृत विचार :** जनपद के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को एसीपी और जीपीएफ की रसीद उपलब्ध कराने को लेकर चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश के नेतृत्व में पदाधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि 16 व 28 वर्ष की एसीपी लगाने और जीपीएफ की वार्षिक रसीदें कर्मचारियों को दी जाएं। ज्ञापन देने वालों में कार्यवाहक अध्यक्ष हरिभजन सिंह, राकेश बाबू, दीपक, शाहिद अली, सुभाष चंद्र, साकिब, जावेद, जुल्फिकार मियां और शादाब हसन आदि मौजूद रहे।



सीएमओ को ज्ञापन देते जिलाध्यक्ष प्रेमप्रकाश।

### बिजली नहीं मिलने पर लोगों का बिजलीघर पर धरना

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली नहीं मिलने से गुस्साए सैफनी के लोग मंगलवार की रात बिजली घर पहुंचे और धरना प्रदर्शन करने लगे। उनका कहना था कि दो महीने से बिजली लगातार परेशान कर रही है। दो दिन के बाद आज बिजली आई। इसके बाद भी बार-बार कटौती की जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। देर रात तक लोग धरना प्रदर्शन करते रहे।



चिकित्साधीक्षक को सम्मानित करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### सीएचसी में जनता को शीघ्र समर्पित होगी ईसीजी मशीन

**स्वार, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने सीएचसी के चिकित्साधीक्षक से ईसीजी मशीन शुरू करने के लिए वार्ता की। चिकित्साधीक्षक ने बताया कि तीन-चार दिन में ईसीजी मशीन जनता को समर्पित कर दी जाएगी। मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में व्यापारियों ने सीएचसी के चिकित्साधीक्षक देवेश चौधरी से ईसीजी मशीन को जल्द शुरू करने की मांग की। उन्होंने बताया कि तीन-चार दिन में ईसीजी मशीन चालू कर दी जाएगी। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री शिवअवतार सक्सेना, मन्नू, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, मुशर्रफ अली, हाशिम शान, कदीर अंसारी, इस्लाम अंसारी, फुरकान अली, मोहम्मद अहमद, जमील, बंटी खान, आसिफ अंसारी, अली रेहान अली, इब्राहिम, भूरा, हामिद, अनस आदि मौजूद रहे।

### ठगी प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच वार्ता का दौर जारी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मंडी के 50 से अधिक किसानों को ठगने वाले आढ़ती मां-बेटा से वार्ता का दौर जारी है। बताया जा रहा है कि मां-बेटा किसानों की फसल का रुपया देने के लिए राजी हो गए हैं। हरियाणा के आढ़ती मां-बेटे को मंडी के आढ़तियों और किसानों ने सोमवार को बंधक बना लिया था। सूचना पर पुलिस और ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख भी मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने आक्रोशित किसानों और आढ़तियों से दोनों को बंधक बनाने का कारण पूछा था। किसानों ने बताया कि कुछ माह पूर्व यह दोनों मां-बेटे मंडी में आढ़ती बन कर आए थे। दोनों ने झांसा देकर स्थानीय मंडी के आढ़ती की जमानत पर 50 से अधिक किसानों का अनाज खरीद लिया था। वह फसल के रुपयों के लिए झांसा दे रहे थे। सोमवार को वेशभूषा बदल कर फिर दोनों मंडी अए थे। किसानों ने दोनों को पहचान कर बंधक बना लिया था। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में वार्ता चल रही है। अभी किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।

### सपा नेता की रिहाई की उठाई मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आसिम खान ने कहा कि जंतर मंतर पर दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई की मांग को लेकर इंडिया गठबंधन ने जो आंदोलन किया, उसमें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उनको न्याय दिलाने और रिहा करने की मांग की है। सपा नेता मोहम्मद आजम खान और उनके परिवार पर जो गुजर रही है, उसका अहसास किया। रामपुर से सैकड़ों सपाइयों की मौजूदगी में उनकी रिहाई की आवाज भी उठाई।

### सीएमओ से मिले प्रदेश महासचिव

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह से मुलाकात की। वार्ता के दौरान प्रदेश महासचिव ने जिला अस्पताल से संबंधित समस्याओं का मुद्दा उठाया। कहा कि डॉक्टरों की कमी होने से मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल रहा है। इससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां कई डॉक्टरों की पद लंबे समय से रिक्त हैं। मुलाकात करने वालों में महबूब अली मिर्जा, फिरोज आलम खान आदि मौजूद रहे।

### छात्रा के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**भोट, अमृत विचार :** पांच दिन पूर्व थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी इंटर की छात्रा का क्षेत्र के ही रायपुर गांव निवासी युवक ने तीन साथियों की मदद से अपहरण कर लिया था। पुलिस ने छात्रा को बरामद कर वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा भी बढ़ाई थी। मंगलवार की सुबह पुलिस ने मुख्य आरोपी गौरव गंगवार गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# स्कूलों में गर्मी से बेहोश होकर गिरे छह विद्यार्थी

## रजपुरा विकास खंड के तीन गांवों में मामले के बाद मची खलबली, होश आने पर घर भेजा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी स्कूल के बच्चों के लिए असहनीय साबित हो रही है। विकास खंड रजपुरा में विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के छह छात्र-छात्राएं भीषण गर्मी के चलते बेहोश होकर गिर गए। जिससे स्कूलों के स्टाफ और छात्र छात्राओं में खलबली मच गई। हालांकि बाद में इन्हें होश आने पर घर भेज दिया गया।

भीषण गर्मी के चलते मंगलवार को सुबह से ही जनजीवन प्रभावित रहा। लोग पसीना- पसीना हो गए। दोपहर में गर्मी असहसनीय होने पर सिर चकराने के हालात बन गए। इस बीच रजपुरा विकास खंड के तीन गांवों के परिषदीय स्कूलों में छात्र छात्राओं के बेहोश होने की घटनाएं सामने आईं। प्राथमिक विद्यालय केसरपुर में भीषण गर्मी के चलते पढ़ाई के



रजपुरा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय में गर्मी से बेहोश हुई छात्रा। ● अमृत विचार

दौरान कक्षा चार की छात्रा इलमा बेहोश होकर गिर गई। जिससे आसपास बैठे छात्र-छात्राओं में खलबली मच गई। कुछ देर बाद गांव जहानपुर के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 2 का छात्र अंकित, कक्षा 3 की छात्रा पुष्पा

- भीषण गर्मी के चलते जनजीवन प्रभावित, लोग पसीना- पसीना
- छात्र - छात्राओं को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया

और कक्षा 3 का छात्र आकाश अचानक बेहोश होकर गिर गए। कार्यवाहक प्रधानाध्यापक ने छात्र - छात्राओं को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। वहीं गांव केवलपुर तिपेड़ा में कक्षा एक का छात्र रिंकू और कक्षा 2 का छात्र नितिन बेहोश हो गए। प्रधानाध्यापक ने बताया कि पानी पिलाने के कुछ देर बाद छात्र होश में आए। उसके बाद उन्हें घर छोड़ दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मुंशीलाल पटेल ने बताया कि कुछ देर बाद छात्रों को होश आ गया था। जिसके बाद अभिभावकों को बुलाया गया। छात्र छात्राओं को घर भेज दिया गया। अब वे स्वस्थ हैं।

### गर्मी के कारण बेहोश छात्रा एक घंटे बाद हुई स्वस्थ

**संभल/जुनावई,अमृत विचार :** जुनावई क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय झुकैरा में कक्षा 4 की छात्रा लक्ष्मी पुत्री प्रेमपाल भीषण गर्मी में बेहोश होकर गिर गई। प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश यादव ने सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई को दी। स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश यादव ने तुरंत टीम को मौके पर भेजा। टीम ने स्कूल पहुंचकर छात्रा का उपचार किया तो करीब एक घंटे के बाद वह स्वस्थ हो सकी। जिसके बाद छात्रा को घर भेज दिया गया। डॉक्टर का कहना रहा कि छात्रा की हालत गर्मी के कारण खराब हुई। प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश यादव ने बताया कि विद्यालय में 11 दिन से बिजली नहीं है। पोल से तार कटा हुआ है। इसकी सूचना में निरंतर उपखंड अधिकारी गुन्नौर को भी दी जा चुकी है। फिर भी बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई। स्कूल के कमरों में गर्मी के कारण बच्चे नहीं रुक पा रहे। खंड शिक्षा अधिकारी विनोद मेहरा ने बताया कि छात्रा के बेहोश होने की जानकारी मिली थी। ऐसे अन्य विद्यालय भी हैं जहां बिजली व्यवस्था बेहतर नहीं है। विद्युत विभाग को अवगत करा दिया गया है।



बेहोश छात्रा को होश में लाने का प्रयास करते शिक्षक।

## एक नजर

### विवाहिता नकदी व जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में विवाहिता 60 हजार की नकदी व जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पति ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उसकी पत्नी पड़ोसी गांव के एक युवक के साथ 60 हजार रुपये और सोने चांदी के जेवर लेकर चली गई है। मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### कुत्ते से बचने के प्रयास में बाइक चालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार को संभल मुरादाबाद मार्ग पर कुत्ते से बचने के चक्कर में बाइक सड़क किनारे गई। जिससे गुन्नौर निवासी संतोष घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने संतोष को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। संतोष ने बताया कि वह मुरादाबाद से घर जा रहा था और कैलादेवी थाना क्षेत्र की खिरनी पुलिस चौकी में फॉलोअर है।

### बेटे ने मां-बाप को पीटकर घर से निकाला

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा रजपुरा में बेटे ने मां बाप को पीटकर घर से निकाल दिया। पड़ोसियों से भी गाली गलौज की। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई। कस्बा रजपुरा निवासी कौशल्या देवी पत्नी राजेंद्र शर्मा ने तहरीर देकर कि उनका बेटा कमलेश उनके साथ में रहता है। वह शराब पीने और जुआ खेलने का आदी है। पैसे नहीं देने पर हर रोज मारपीट करता रहता है। उसने मारपीट करते हुए पति, पत्नी को घर से निकाल दिया।

### घायल अवस्था में मिला अज्ञात व्यक्ति

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर मुहल्ला बरेली सराय में स्थित जनता पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को अज्ञात व्यक्ति घायल बेहोश अवस्था में पड़ा हुआ था। आसपास के लोगों ने अज्ञात व्यक्ति को देखकर आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### छात्रा से छेड़छाड़ कर फोटो वायरल करने की धमकी दी

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में छात्रा को रास्ते में रोककर युवक ने छेड़छाड़ की। ब्लैकमेल करने के लिए फोटो भी खींच लिए। अब युवक फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। मामले की तहरीर मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उसकी 17 वर्षीय बहन कॉलेज की छात्रा है। छात्रा कॉलेज से वापस अपने घर आ रही थी। आरोप है कि कि कस्बा गवां के पास एक युवक ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। ब्लैकमेल करते हुए आपत्तिजनक वीडियो बनाकर फोटो खींच लिए। अब वह उन्हें वायरल करने की धमकी दे रहा है। युवक की हरकत से छात्रा बुरी तरह सहमी हुई है। छात्रा के भाई ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# मंदिर व दो घरों से नकदी, जेवर समेत ढाई लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी में स्थित काली मंदिर से चोरों ने नकब लगाकर करीब सवा लाख रुपये, चांदी का मुकुट, तीर आदि सामान चोरी कर लिया। वहीं गांव सैदपुर इम्मा में दो भाइयों के घर में नकब लगाकर चोर नकदी, जेवर समेत हजारों रुपये का सामान ले गए। मंदिर और घर से ढाई लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी हुआ। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी में स्थित काली मंदिर के बराबर में बने कमरे की दीवार में पीछे से खिड़की ने नीचे से नकब लगाकर सोमवार को रात चोर दाखिल हुए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी से सवा लाख रुपये, चांदी का मुकुट, तीर व अन्य सामान चोरी कर



खुली अलमारी दिखाते मंदिर के महंत।

- गांव गुमसानी के काली मंदिर और गांव सैदपुर इम्मा में दो भाइयों के घर को बनाया निशाना

लिया। मंदिर की छत पर सो रहा सेवादार रामबाबू मंगलवार को भोर में पूजा अर्चना के लिए उठकर नीचे कमरे में पहुंचा तो सामान इधर-उधर पड़ा मिला।

रामबाबू ने चोरी की जानकारी बराबर में दूसरे कमरे में सो रहे



गांव में चोरी के बाद जानकारी देती महिला।

मंदिर के महंत अश्वनी पुरी को दी। महंत ने कमरे के अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला टूटा था और रुपये गायब थे।

महंत अश्वनी पुरी ने बताया कि चोर मंदिर से नकदी समेत करीब दो लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जांच पड़ताल की।

### हजारों रुपये का सामान समेट ले गए

**संभल/ओबरी,अमृत विचार :** गांव सैदपुर इम्मा निवासी जाहिद व उसके भाई जाबिर का घर गांव के बाहरी छोर पर बना हुआ है। दोनों एक ही घर में रहते हैं। जाहिद की गांव में ही सैलून है जबकि जाबिर इंदौर में रुई मशीन पर मजदूरी का काम करता है। जाहिद के अनुसार, जाबिर शनिवार को ही इंदौर में मजदूरी करने गया था। सोमवार को रात चोरों ने घर में नकब लगाया। चोरों ने घर से जाहिद की मां अकीला के चार हजार रुपये, दोनों भाइयों के सोने चांदी के जेवर, कपड़े आदि सामान चोरी कर लिया और भाग गए। मंगलवार को सुबह कूड़ा डालने पहुंची महिलाओं ने रास्ते में सामान पड़ा देख पीड़ित परिवार को घटना की जानकारी दी। परिवारजन कमरे में पहुंचे तो अलमारी, बक्से खुले पड़े थे और सामान बिखरा था। नकदी और जेवर समेत सामान गायब था। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।

# प्राथमिकता से करें एफपीओ की समस्याओं का निस्तारण

संवाददाता,बहजोई

- बैठक से गैर हाजिर मंडी समिति चंदौसी के सचिव का वेतन रोका

**अमृत विचार:** जनपद स्तरीय परियोजना प्रबंधन इकाई की समीक्षा बैठक में एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं डीएम के सामने रखीं तो डीएम ने प्रतिनिधियों की समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। मंडी सचिव चंदौसी के गैर हाजिर रहने पर उनका वेतन रोकने के डीएम ने निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में एफपीओ पूरी तरह से सक्रिय नहीं है। जिसको लेकर डीएम ने एफपीओ को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एफपीओ के कार्यों में किसी प्रकार की समस्या न आए इसको प्रत्येक दशा में देख लें। एफपीओ के प्रतिनिधियों ने मंडी के द्वारा लाइसेंस जारी करने की समस्या को लेकर बताया।

जिला अभिहित अधिकारी ने लाइसेंस की प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी। डीएम ने कहा कि स्वयं सहायता समूह एवं एफपीओ को पैकेजिंग की ट्रेनिंग कराई जाए। मंडी सचिव चंदौसी बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। इस दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला कृषि अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उप निरीक्षक अर्जुन त्यागी टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान अमान पुत्र रिजवान निवासी मोहल्ला हाता नखासा और शुएब पुत्र लतीफ निवासी मोहल्ला कुरैशियान को बदायूं रोड से गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली ले आए। तलाशी में उनके पास से पिछले दिनों एक घर से चोरी किए गए एक जोड़ी सोने के कुंडल, एक जोड़ी पाजेब, एक जोड़ी बिछिया व 5600 रुपये बरामद किए हैं।



सिरसी में मातम करते शिया मुसलमान। ● अमृत विचार

### जैनुल आबेदीन के शबीहे जुलजनाह जुलूस में हुई सीनाजनी

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के मुहल्ला शर्की में मुहम्मद मियां के मकान से मंगलवार को रात इमाम हुसैन के बेटे जैनुल आबेदीन का शबीहे जुलजनाह का जुलूस निकाला गया। जिसमें मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी और सीनाजनी की। जुलूस विभिन्न रास्तों से होता हुआ इमाम बारगाह मुहल्ला शर्की सादात पहुंचकर समाप्त हुई। मुहल्ला शर्की में अजाखाने में आयोजित हुई मजलिस में मर्सिया खावर रजा और उनके हमनवां ने पढ़ा। मजलिस को मौलाना महजर अली ने खिताब करते हुए कहा कि हमें अजादारी अपनी मां की गोद से ही मिली जाती है। इमाम हुसैन का एक सच्चा अजादार हमेशा ईमानदारी के रास्ते पर चलता है। पूरी दुनिया में मिसाल है कि कोई भी शिया आतंकवादी नहीं मिलेगा। आखिर में उन्होंने जैनुल आबेदीन के मसाइब बयान करते हुए कहा कि कर्बला के वाकये के बाद जैनुल आबेदीन को यजीद की जालिम फौज बंदी बना कर उन्हें जंजीरों में जकड़ कर पैदल ही शाम के दरबार में लेकर गई। जिसे सुनकर अजादारों की आंखों से आंसू निकल आए। मजलिस के बाद शबीए जुलजनाह का जुलूस निकला। जिसमें अंजुमन जुल्फकारे हैदरी, गुलदस्ते हैदरी, हाशमी, हैदरी, पन्जेतनी, दिलदारे हुसैन कारवाने हुसैनी, मीसमे अजा ने नौहाख्वानी की।

### समिति के सदस्य बने दान सिंह

**संभल, अमृत विचार :** समाज कल्याण समिति के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की अध्यक्षता नगर पंचायत बबराला निवासी दान सिंह के आवास पर बैठक की। बैठक में समिति का विस्तार करते हुए दान सिंह को सदस्य बनाया। नव मनोनीत सदस्य दान सिंह ने मेहनत व ईमानदारी से समिति के साथ काम करने की बात कही।

### तीन अगस्त को कलेक्ट्रेट पर धरना देंगे सफाई कर्मी

**बहजोई,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े सफाई कर्मी 3 अगस्त को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष धीरज पाल यादव ने देते हुए बताया कि सफाई कर्मियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति को लेकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति से मुक्त किया जाए। इन सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### भड़काऊ वीडियो वायरल करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में बाबा भीमराव अंबेडकर को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहने का वीडियो सोमवार से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। वीडियो वायरल की जानकारी होने पर लोगों में आक्रोश फैल गया। मामला संज्ञान आने पर पुलिस वायरल वीडियो की जांच पड़ताल में जुट गई। जिसमें पाया कि आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए वीडियो वायरल करने वाला थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी अमित यादव का है। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि पुलिस की ओर से अमित यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### रुपये मांगने पर की मारपीट

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव मानपुर निवासी दिव्यांग नेत्रपाल ने शुक्रवार को बताया कि गांव का ही एक दिव्यांग व्यक्ति रविवार को नशे की हालत में मेरी पकौड़ी व गुटखा सिगरेट की दुकान के आगे उल्टी करने लगा। मना किया तो दिव्यांग ने नेत्रपाल से गुटखा मांगा। आरोप है कि गुटखे के रुपये मांगने पर दिव्यांग ने गाली गलौज की। विरोध किया तो अपने परिजनों को बुलाकर नेत्रपाल के साथ मारपीट की। कहा कि शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

### गाली गलौज व धमकी देने का आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव हरफरी निवासी रामचरन की पत्नी मीरा देवी ने मंगलवार को थाने में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि सुबह गांव के ही रामपाल के खेत से पशुओं के लिए अपनी बेटी के साथ हरा चारा काट रही थी। आरोप है कि गांव के ही दो महिलाओं सहित छह लोग खेत पर आ गए और बिना बात के गाली गलौज करने करते हुए धमकी देने लगे। मीरा देवी ने अपनी बेटी के साथ बाजरे की फसल में छिपकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर सभी लोग भाग गए। पुलिस मीरा देवी व उसकी बेटी को घर छोड़कर गई तो सभी लोग घर पहुंचकर फिर से गाली गलौज करने लगे।

### होटल पर युवक पर हमला,वीडियो वायरल

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय में स्थित एक होटल पर खड़े युवक के सिर पर पीछे से किसी लोहे की चीज से हमला कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायल मुहल्ला चौधरी सराय निवासी सुबहान के भाई चांद बाबू ने बताया कि मुहल्ला के ही शब्बू व मोहम्मद हुसैन सगे भाइयों पर सुबाहन के टाइल्स पत्थर के 25,000 रुपये उधार थे। शनिवार की दोपहर में सुबहान ने शब्बू व मोहम्मद हुसैन से रुपये मांगे थे तो सगे भाइयों ने रुपये देने से मना कर दिया। देर शाम सुबहान मुहल्ला में स्थित होटल पर रोटी खरीदने गया था। तभी पीछे से आकर शब्बू ने आकर पीछे से किसी लोहे की चीज से सिर पर वार कर सुबहान को घायल कर दिया था।

# भाजपा नेता पर गोली चलाने के मामले में एसपी से मिले हमलावरों के परिजन

कार्यालय संवाददाता,चन्दौसी

**अमृत विचार:** भाजपा नेता व कोटेदार प्रेमपाल सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सगे भाईयों की मां त्रिवेणी देवी मंगलवार को परिजनों व अन्य लोगों के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। जहां एसपी कुलदीप सिंह को गुनावत को शिकायती पत्र देकर उक्त मामले में बेटे दिलीप व हेमंत को झूठा फंसाए जाने की बात कहते हुए निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की। कहा कि उसने दो वर्ष पूर्व कोटेदार प्रेमपाल व उसके साथी के माध्यम से 11 बीघा खेत गांव परौली तहसील बिसौली जिला बदायूं में खरीदी थी। उक्त लोगों ने जमीन पर कब्जा भी नहीं कराया और कहने पर तीन लाख में जमीन खरीदने की बात कही। ऐसा नहीं करने पर बेटों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी। जमीन हड़पने की नीयत से उसके बेटों को झूठे मुकदमें में फंसाया गया है।



एसपी कार्यालय में पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

### जानलेवा हमले में गिरफ्तार आरोपियों का चालान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने भाजपा नेता पर जानलेवा हमले के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को मंगलवार को चालान कर दिया। बता दें कि मोहल्ला लोधियान निवासी प्रेमपाल सिंह भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नगराध्यक्ष हैं। वह कोटेदार भी हैं। 27 जुलाई की रात करीब 10 बजे प्रेमपाल सिंह बहजोई में व्यापार मंडल की मीटिंग में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। हमलावरों ने पीछे से गोली चला दी। गोली दायं कंधे में लगने से भाजपा नेता वहीं गिर गए। हमलावर फरार हो गए थे। प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना किया मुहाल

**संभल, अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी के कारण लोग उबल गए। पंखे और कूलर से भी राहत नहीं मिली।

मंगलवार को दोपहर के वक्त गर्मी चरम पर रही। आलम यह रहा कि शाम को छह बजे भी चिलचिलाती धूप की वजह लोग पसीने में तर नजर आए ।वैसे तो कई दिनों से भीषण गर्मी हो रही है लेकिन मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप निकली तो लोग परेशान हो गए। माथे से पसीना टपकने के बीच लोगों ने काम काज वाले स्थानों का रुख किया और दिक्कतों से जूझे। सुबह 11 बजे ही गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। गला सूखने के कारण लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सेवन किया लेकिन कुछ देर के लिए ही सुकून मिला। दोपहर में भी गर्मी इतनी बढ़ गई कि एक पल के लिए भी पसीना नहीं रुका। लोग घरों में कैद हो गए। शाम छह बजे भी तेज धूप के कारण गर्मी से लोग बेहाल रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में जून माह में हजरतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ ननिहाल में सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में दूसरे समुदाय के दो सगे भाइयों के खिलाफ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज की है। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती 18 जून को अपने पिता के साथ हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अपनी ननिहाल आई थी। आरोप है कि रात को साढ़े आठ बजे रास्ते में खड़े दूसरे समुदाय के सगे भाइयों मिनजार व गुलजार युवती को उठाकर अपने घर के अंदर ले गए थे। विरोध करते हुए युवती ने शोर मचाया तो मिनजार व गुलजार ने हाथ से मुंह बंद कर लिया और युवती के साथ दुष्कर्म किया।

### युवती को ले जाने पर युवक गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव डरौली के जंगल में खेत पर बने मचान से युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में मंगलवार को पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव चतुर्भानपुर निवासी टीटू शुक्रवार को युवती को बहला-फुसलाकर उसके घर से भगाकर ले गया था। युवती अपने साथ घर में रखे जेवर व नकदी भी लेकर गई थी। जानकारी होने पर युवती के परिजनों ने टीटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार को टीटू थाना क्षेत्र के गांव डरौली से संभल जाने वाले मार्ग पर खेत में बने मचान पर बैठा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने टीटू को गिरफ्तार कर लिया।




किसानों को प्रशिक्षण के लिए रवाना करते डीएम राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

# राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए किसानों को किया रवाना

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** मुरादाबाद में होने वाले चार दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए जनपद के किसानों को डीएम ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुरादाबाद में चार दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद स्तर से चिन्हित किए गए 54 किसान प्रतिभाग करेंगे। जिन्हें डीएम राजेंद्र पैंसिया ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में सभी चिन्हित किए गए किसान अच्छे से प्रतिभाग करें। वहां पर खेती के गुर सीखें और जनपद के अन्य किसानों को भी इसके लिए जागरूक करें। कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी तकनीक के बारे में किसानों को जागरूक करना है।

**बैठक** | जिलाधिकारी ने सरकारी जमीन पर कब्जा रोकने व चकरोड कब्जा मुक्त कराने के दिये निर्देश

# दूसरी बार कोई तोड़े मेड़ तो दर्ज कराएं एफआईआर

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने सरकारी जमीन व चकरोड पर कब्जे के मामलों में सख्त कार्रवाई के साथ ही खेत की मेढ़ तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। डीएम ने कहा कि कहीं से दोबारा मेड़ तोड़ लेने का मामला आये तो मेड़ तोड़ने वाले पर एफआईआर दर्ज कराई जाये।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाईयों को बढ़ाया जाए। आईजीआरएस के अंतर्गत पुलिस से संबंधित शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि इसको प्राथमिकता पर रखें। शिकायतकर्ता अगर संतुष्ट है तो उसका संतुष्टि प्रमाण पत्र तथा उसके हस्ताक्षर,उसका मोबाइल



कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक करते डीएम ,एसपी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

- कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक में शिकायतों के त्वरित निस्तारण की हिदायत

नंबर व उसके फोटो पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर एवं अन्य कार्यों को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कहा कि एक हफ्ते का अभियान चलाते हुए अधिक से अधिक लंबित विवेचनाओं का निस्तारण करें। वांछित अपराधी, गैंगस्टर एक्ट , गुंडा एक्ट , गोवध अधिनियम पर भी चर्चा की गयी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कांवड़ यात्रा ,रूट डायवर्जन आदि को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ,अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा , अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चन्द एवं समस्त उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ई-रिक्शा की टक्कर से होटल स्वामी घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद गेट पुलिस चौकी के निकट ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार होटल स्वामी घायल हो गया। जबकि पीछे बैठा कर्मचारी मामूली चोटें आई हैं। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पैर में गंभीर चोट होने पर व्यापारी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पसरट्टा बाजार निवासी प्रफुल्ल कुमार घर के नीचे होटल चलाते हैं और घरों में भोजन की थाली भी सप्लाई करते हैं। मंगलवार की सुबह हादसा उस समय हुआ जब प्रफुल्ल कुमार बाइक से अपने कर्मचारी योगेश कुमार के साथ घरों में सप्लाई की गई थाली (बर्तन) वापस लेने जा रहे थे। मुरादाबाद गेट पुलिस चौकी के निकट ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पैर में गंभीर चोट आने पर वह घायल हो गए। जबकि योगेश को मामूली चोट आयी।

### रास्ते में नींव खोदने के विरोध में किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर सराय निवासी जाबुल ने मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मुहल्ला का एक व्यक्ति रास्ते की जमीन पर मकान की दीवार बनाने के लिए नींव खोदवा रहा था। जाबुल ने नींव खोदने का विरोध किया। आरोप है कि इसी बात को लेकर व्यक्ति गाली गलौज करने लगा। जिससे विवाद बढ़ गया और व्यक्ति ने अपने बेटों व परिजनों के साथ मिलकर किसी धारदार हथियार से हमलाकर उसे घायल कर दिया।

### जेठ देवर व पहले पति पर मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला बेगम सराय निवासी इकराम की पत्नी अनम ने सोमवार की देर रात कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि पहले पति से तलाक होने के बाद इकराम से दूसरी शादी की थी। आरोप लगाया कि जेठ व देवर पहले पति को बुलाते हैं। विरोध करने पर देवर व जेठ गाली गलौज करते हैं। सोमवार की शाम भी जेठ व देवर पहले पति को बुलाकर गाली गलौज करते हुए इकराम के साथ मारपीट करने लगे। बचाने पहुंची अनम के साथ भी मारपीट करने लगे और सिर में ईंट मारकर जेठ, देवर व पहले पति ने उसे घायल कर दिया।

# बेसमेंट में संचालित ई-लाइब्रेरी पर शिकंजा, दो सील

## तहसीलदार ने टीम के साथ की छापेमारी, मची अफरातफरी, दिल्ली हादसे के बाद चेता स्थानीय प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** दिल्ली में तीन दिन पहले बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर में पानी भरने से तीन बच्चों की मौत होने के बाद शासन व प्रशासन अलर्ट हो गया है। शासन के आदेश पर मंगलवार को तहसीलदार ने टीम के साथ नगर में संचालित ई-लाइब्रेरी पर छापेमारी की। बेसमेंट में संचालित ई-लाइब्रेरी पर शिकंजा कसते हुए दो ई-लाइब्रेरी को सील कर कार्रवाई की गई है। इस दौरान ई-लाइब्रेरी संचालकों में अफरा-तफरी मची है।

मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने टीम के साथ छापेमारी की। मौलागढ़ गांव के निकट बहजोई रोड पर सक्सेस ई-लाइब्रेरी और मौलागढ़ गांव के प्रवेश मार्ग पर स्थित गुरुकुल ई-लाइब्रेरी का संचालन बेसमेंट में होता मिला। सबसे पहले सक्सेस ई-लाइब्रेरी पर छापा मारा। यहां 200 गज के बेसमेंट में संचालित लाइब्रेरी का आने जाने का एक ही गेट था। संचालक देवेंद्र कुमार फायर एनओसी भी नहीं दिखा सके। जिससे उपस्थित 109 युवाओं को लाइब्रेरी से बाहर कर दिया। मानक के अनुसार लाइब्रेरी का संचालन नहीं होने पर लाइब्रेरी सील कर दी। इसके बाद गुरुकुल ई-लाइब्रेरी पर छापा मारा। यहां तीन मंजिल में लाइब्रेरी संचालित थी। बेसमेंट में भी मानक के अनुसार सुविधाएं नहीं थी। यहां भी युवाओं को बाहर कर लाइब्रेरी को सील कर दिया गया। अभियान जारी रहेगा।



चन्दौसी में छापे के दौरान ई-लाइब्रेरी से छात्रों को बाहर निकालती टीम।



ई-लाइब्रेरी सील करने के बाद एडवांस वापस कराने की मांग करते छात्र।

> बेसमेंट में संचालित ई-लाइब्रेरी पर छापा मार कार्रवाई की गई है। मानक पूरे नहीं होने पर बेसमेंट में संचालित दो ई-लाइब्रेरी को सील कर कार्रवाई की गई है। अभियान जारी रहेगा।
>
> **धीरेंद्र कुमार सिंह,** तहसीलदार

- **ई-लाइब्रेरी पर कार्रवाई से संचालकों में मचा हड़कंप**

### छात्रों ने एडवांस फीस वापस कराए जाने की मांग की

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बहजोई रोड स्थित सक्सेस लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे 109 युवाओं को बाहर करने के बाद ई-लाइब्रेरी को सील कर दिया गया। जिनमें तमाम छात्र ऐसे भी थे जिन्होंने लाइब्रेरी संचालक को दो से तीन माह तक की एडवांस फीस दे रखी थी। छात्र प्रणव शर्मा, राजकुमार, अमित बाबू, अमित यादव आदि ने तहसीलदार धीरेंद्र सिंह ने एडवांस फीस वापस दिलाने की मांग की।

### छापे से पहले ही टीम के कर्मचारियों को भेज दिया था ई-लाइब्रेरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बेसमेंट में संचालित ई-लाइब्रेरी पर छापा मारी से पूर्व ही प्रशासन ने कर्मचारियों को पहले ही वहां भेज दिया। जिससे टीम के पहुंचने की खबर पर संचालक ई-लाइब्रेरी बंद कर भाग न जाएं।



संभल गेट पर घटना के बाद स्कूल के वाहनों को चेक करते यातायात प्रभारी।

# यातायात पुलिस ने 35 स्कूल वाहनों को चेक किया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** संभल गेट में स्कूली वाहन में बैटरी में स्पार्किंग की घटना के बाद यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। नगर के एएम वर्ल्ड स्कूल, सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल और ओपीजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्कूली वाहनों को चेक किया। 35 स्कूल वाहनों को चेक किया गया। स्कूली वाहनों में अग्नि सम्यक यंत्र, प्राथमिक उपचार किट और स्कूली वाहनों की फिटनेस, वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस चेक किये गए। तथा सभी स्कूली वाहन चालकों को बताया गया कि एक वाहन में अधिक बच्चे ना बैठाएं और बच्चों को उनके घर के नजदीक उतारें। बच्चों को अकेले सड़क पार ना करने दें। सभी वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन करें।

# स्कूल वैन की बैटरी में स्पार्किंग, हादसा बचा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** संभल गेट पर ग्रामीण अंचलों के बच्चों को स्कूल लेकर जा रही ओपीजीएम स्कूल की वैन में बैटरी में स्पार्किंग होने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि आग नहीं लगी और बड़ा हादसा टल गया। चालक ने बच्चों को वैन से बाहर निकाले बिना ही वैन में रखा फायर सिलेंडर खोल दिया। जिससे वैन में फायर सिलेंडर की धुंध जैसी हो गई और बच्चे घबरा गए। बच्चों की चीख पुकार सुन कर आसपास के लोग आ गए और बच्चों को वैन से बाहर निकाला।

बनियाठेर के गांव आटा निवासी पप्पू बहजोई रोड स्थित ओपीजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की वैन पर चालक है। रोजाना की तरह वह मंगलवार की सुबह करीब पौने आठ बजे ग्रामीण अंचलों के बच्चों को स्कूल लेकर जा रहा था। वैन में कक्षा आठ तक के 16 बच्चे थे। मंडी समिति रेलवे फाटक का निर्माण कार्य होने की वजह से वह वैन शहर से होकर स्कूल ले जा रहा था। जैसे ही वैन संभल गेट स्थित एनकेबीएमजी कॉलेज वाली गली के निकट पहुंची। अचानक उसकी बैटरी में स्पार्किंग होने लगी। जिससे बच्चे घबरा गए। चालक ने वैन रोक दी और वैन में रखा फायर सिलेंडर खोल दिया। जिससे वैन में फायर सिलेंडर के पाउडर की धुंध हो गई। बच्चों पर भी पाउडर लग गया। चीख पुकार सुन कर आसपास के लोग आ गए और बच्चों को वैन से बाहर निकाला। अभिभावक भी मौके पर पहुंच गए। आठ बच्चे घर लौट गए। जबकि अन्य आठ बच्चे वैन से स्कूल चले गए।



संभल गेट में घटना के बाद सहमे खड़े बच्चे। ● अमृत विचार

- **चालक ने बच्चों को वैन से निकाले बिना ही फायर सिलेंडर खोला**
- **वैन में हुए धुएं से घबरा बच्चों को लोगों ने निकाला**

> स्कूल वैन की बैटरी में स्पार्किंग हो गई। चालक ने तत्काल स्थिति पर काबू पा लिया। सभी बच्चे सुरक्षित हैं।
>
> **-राकेश कुमार सिंह,** प्रधानाचार्य, ओपीजीएम स्कूल

## सार संक्षेप

### निशांत जिला संयोजक व मुकेश जिला सह संयोजक बने

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक पीयूष विदौलिया ने नरौली के मोहल्ला मकूपुरा निवासी निशांत शर्मा को परिषद के जिला संयोजक एसडीएफ और मोहल्ला मुल्लाना निवासी मुकुल सक्सेना को जिला सह संयोजक एसएफएस पद की जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने छात्र हित में कार्य कर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया है।



निशांत शर्मा।



मुकुल सक्सेना।



प्रसाद वितरण करतीं वूमेन शिखर की सदस्य। ● अमृत विचार

### श्रावण मास में किया प्रसाद में खीर का वितरण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महादेव की भक्ति का माह श्रावण मास चल रहा है। माना जाता है कि देवों के देव महादेव को खीर अधिक पसंद है। मंगलवार को जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की सदस्यों ने आवास विकास स्थित शिव मंदिर पर भगवान शिव को खीर का भोग लगाया और उसका प्रसाद वितरण किया। इस दौरान ग्रुप की सदस्यों ने भजन कीर्तन भी किया। इसी दौरान रागिनी सैनी, नीतू रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, शोभा शर्मा, रेखा दीक्षित, शिखा शर्मा आदि मौजूद रहीं।

### विधायक पिंकी यादव ने उठाया अंत्येष्टि स्थल निर्माण का मामला

**संभल, अमृत विचार :** असमोली विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की विधायक पिंकी यादव ने विधानसभा में अंत्येष्टि स्थल निर्माण का मामला उठाते हुए सरकार से जनपद संभल, मुरादाबाद व उत्तर प्रदेश में अंत्येष्टि स्थल निर्माण को लेकर जानकारी मांगी। विधायक पिंकी यादव के सवाल का जवाब देते हुए पंचायती राज विभाग मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बताया कि पिछले पांच साल में उत्तर प्रदेश में 2629 अंत्येष्टि स्थल आवंटित किये गये हैं। इनमें 1961 पूर्ण हो गये जबकि 668 का निर्माण चल रहा है। इस दौरान मुरादाबाद में 35 जबकि संभल जनपद में 26 अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया गया है। विधायक ने पूछा कि जिन गांव में अंत्येष्टि स्थल नहीं बने हैं क्या वहां भी निर्माण होगा। इस पर मंत्री ने बताया कि धनराशि की उपलब्धता के आधार पर आगामी वर्षों में अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण कराया जायेगा।




सुंदरकांड का पाठ करते स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली-गली...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को रेलवे साउथ कालोनी स्थित मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का किया गया। सर्वप्रथम पं. दीनदयाल शर्मा ने मुख्य यजमान गौरव सिंह से पूजन संपन्न कराया। तदोपरांत केजी शर्मा, राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का मनोहारी वाचन किया। अजय सक्सेना व विशाल शर्मा ने सुंदरकांड की चौपाईयों का लयवद्ध वाचन किया। तत्पश्चात केजी शर्मा ने राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली-गली और विशाल शर्मा ने हे दुख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार आदि एक के बाद एक भजनों की छटा बिखेरी। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जेएन मिश्रा, राजकुमार सक्सैना, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, आलोक दुबे, सुरेश चंद्र शर्मा, योगेंद्र कुमार शर्मा, ब्रजेंद्र शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, संजीव शर्मा, राकेश चौबे समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

### करंट लगने से किसान की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव हरगनपुर निवासी ओमकार (40) सोमवार रात अपने खेत पर फसल की सिंचाई कर रहे थे। उनके खेत के ऊपर बिजली का तार गुजर रहा था। तार अचानक टूटकर खेत में गिर गया। ओमकार को करंट लग गया। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान दौड़कर मौके पर पहुंचे। किसी तरह तार हटाकर किसान को खेत से बाहर निकाला और अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने किसान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### बीएससी जीव विज्ञान की एक और मेरिट जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय ने मंगलवार को बीएससी जीव विज्ञान में प्रवेश के लिए ईडब्ल्यूए की दूसरी और अन्य पिछड़ा वर्ग की चौथी मेरिट जारी की है। मेरिट में शामिल छात्राओं को 30 जुलाई से 2 अगस्त तक महाविद्यालय में सुबह 10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक प्रवेश लेना होगा। इसके अलावा अनुसूचित वर्ग की छात्राएं 1 अगस्त तक प्रवेश ले सकती हैं। छात्राओं को सीटों की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

# भाकियू ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने बिजली कटौती समेत अन्य समस्याओं को लेकर मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया, साथ ही जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर समस्याओं का निस्तारण कराए जाने की मांग की।

युवा प्रदेश प्रवक्ता कौशल क्रांतिकारी के नेतृत्व में पदाधिकारी व किसान सुबह 10 बजे तहसील मुख्यालय पहुंचे और तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन किया। लाउडस्पीकर लगा कर धरने को संबोधित कर समस्याओं के निराकरण को लेकर मंथन किया। डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नीतू रानी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से खतौनी, अंश निर्धारण शुद्धिकरण जनपद बिजनौर की तरह शेड्यूल के अनुसार रोस्टर बना कर प्रत्येक ग्राम में शुद्धिकरण कराया करा कर रोस्टर की लिस्ट संगठन को उपलब्ध कराए जाने की मांग की। इसी क्रम में अघोषित बिजली कटौती को रोकर मुख्यमंत्री के आदेशानुसार खेती के लिए बिजली दिए जाने की मांग की। इसके अलावा प्रस्तावित बिजली घरों का शीघ्र निर्माण कराए जाने, गांव-गांव जर्जर सड़कों की मरम्मत करा जाने, पशुओं के संचारी रोगों की रोकथाम को टीकाकरण अभियान चलाए जाने, आवारा पशुओं से निजात दिलाए जाने, ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिर, मस्जिद व स्कूलों के निकट स्थित शराब की दुकानों को हटा कर 900 मीटर की दूरी निर्धारित कराए जाने, राशन कार्ड के नाम पर अवैध वसूली रोके जाने, यूरिया व डीएपी बैग के साथ जबरन नैनो यूरिया व जिंक देने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

कहा कि एनसीआरटी पाठ्यक्रम जनपद में लागू हो चुका है। निजी विद्यालयों में इसकी अवहेलना की जा रही है। ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं समेत तमाम किसान थे।



चन्दौसी तहसील पर धरना प्रदर्शन को संबोधित करते भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी।

- **समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराए जाने की मांग की**

### किसानों ने बिजली घर पर की तोड़फोड़, रिपोर्ट दर्ज

**बिसौली (बदायूं,) अमृत विचार :** बिजली कटौती से परेशान ग्राम नागपुर के किसानों ने 33 केवीए बिजली घर पर जमकर हंगामा किया। संविदा कर्मियों से नोकझोंक हुई। आक्रोशित भीड़ एसडीओ ऑफिस में घुस गई, और शोर मचाया। दो घंटे तक हंगामा होता रहा। कोई अधिकारी मौजूद न होने के कारण समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। किसानों का कहना है कि बिजली न आने के कारण धान की फ़सल सूख रही है। इसके साथ ही गांव नागपुर में भी बिजली न आने से गांव वाले बहुत परेशान हैं। ट्रांसफार्मर फुकने के कारण नगर में दबतोरी रोड पर मंगलवार को दिन भर बिजली नहीं आई। नगरवासी बहुत परेशान रहे। इधर ओवरलोडिंग के कारण सोमवार देर रात तक बिजली की ट्रिपिंग होती रही। किसानों ने बिजली घर का कुछ सामान भी इधर उधर फेंक दिया।

# लूट की सूचना फर्जी, मादक पदार्थ तस्करी का था मामला, पांच पकड़े

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **27 जुलाई को पुलिस को बिनावर क्षेत्र के मलगांव रेलवे क्रासिंग पर लूट की थी दी थी सूचना**

**अमृत विचार :** पुलिस ने थाना बिनावर क्षेत्र में कार लूट की फर्जी सूचना का खुलासा कर दिया है। मामला कार लूट का नहीं बल्कि मादक पदार्थ की तस्करी का निकला। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 260 ग्राम अफीम, 102 किग्रा डोडा चूर्ण और कार बरामद हुइ्र। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता के माध्यम से घटना की जानकारी दी।

हरियाणा के थाना गुल्ला क्षेत्र के गांव अजीमगढ़ निवासी तरनवीर पुत्र सुच्चा सिंह ने 27 जुलाई की रात पुलिस को बिनावर थाना क्षेत्र के मलगांव रेलवे क्रासिंग के पास अपनी कार लूटने की सूचना दी थी। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की और जांच शुरू की। मंगलवार को पुलिस ने गांव कुतुबपुरा थरा निवासी मुख्तियार पुत्र निजामुद्दीन, गांव पुरानी बस्ती निवासी बिलाल हसन पुत्र अफजल खां, बरखेड़ा निवासी अजीत, कस्बा बिनावर के असरफ पुत्र भूरे अली और तरनवीर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह लोग तरनवीर सिंह को पहले से जानते हैं। वह लोग अफीम और डोडा का व्यापार करते हैं। 27 जुलाई को तरनवीर सिंह अपने दोस्त अर्च उर्फ जगरूप के साथ अवैध रूप से मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त करने के लिए उनके पास आया था। तनवीर माल के बदले उनके 40 हजार रुपये दिए बिना ही जाने लगा। जिसके चलते मलगांव रेलवे क्रासिंग पर भी झगड़ा हो गया। बिलाल व अन्य लोग कार अपने साथ ले आए।



गणेश कालोनी में एक घर में चेकिंग करती एसडीओ व उनकी टीम। ● अमृत विचार

# एसडीओ ने गणेश कालोनी में चलाया चेकिंग अभियान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** शहर में लोड के सापेक्ष कम खपत वाले परिसरों को चेक किया गया। उप खण्ड अधिकारी प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने एई मीटर आशीष कटारिया व अवर अभियंता वरुण कुमार के साथ गणेश कॉलोनी में चेकिंग की। गली नंबर छह में लाइन स्टाफ के साथ चेकिंग अभियान चलाया। जिसके अंतर्गत 15 परिसरों को चेक किया गया। जिनके खपत लोड के सापेक्ष कम थे। चेकिंग में पाया गया कि कुछ मीटर घर के अंदर लगे थे। कई परिवार घर में नहीं रहते थे तथा परिसर बंद था। जो मीटर घर के अंदर पाए गए। उसे जल्द ही परिसर के बाहर लगाया जाएगा। जिस की रीडिंग लेने में आसानी हो सके तथा सही बिल समय पर पहुंच सके। यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि कम खपत वाले उपभोक्ताओं की चेकिंग कर मीटर में अनियमितता व चोरी पाए जाने पर कार्रवाई की जा सके।

**आयोजन** | गीता सत्संग भवन में युवा महिला मंडल की ओर से हुआ हरियाली तीज का कार्यक्रम

# अलका मंगलम् के सिर सजा तीज क्वीन का ताज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर के सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में युवा महिला मंडल की ओर से मंगलवार की शाम हरियाली तीज का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती वंदना से कार्यक्रम आंरभ हुआ। इसके बाद सावन के गीत गाए और गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। तंबोला, वन मिनट गेम खेला गया। लकी ड्रॉ भी निकाले गए।

इस दौरान तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें तीज क्वीन का ताज अलका मंगलम् के सिर सजा। इसी क्रम में गेम्स में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सभी महिलाओं को समापन पर रिटर्न गिफ्ट भी दिए गए। अंत में एक दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संयोजक इंदू अग्रवाल, अध्यक्ष सोनम अग्रवाल, जालपा, श्वेता बंसल, श्वेता अग्रवाल, शालिनी, दीपिका, निमिषा, सुप्रिया, सोनम, शिवानी, दीपाली, विधि, शिवि, आंचल, प्रिया, शुभा, शुभ्रा, अलका, निधि, मानसी, सोनम, रितु, श्वाति, प्रियंका, प्रज्ञा, मेघा आदि उपस्थित रहीं।



गीता सत्संग भवन में तीजोत्सव मनातीं महिला मंडल की सदस्य। ● अमृत विचार

- **एक दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं**
- **सभी महिलाओं को समापन पर रिटर्न गिफ्ट भी दिए गए**

# मकान बेचने से मना करने पर पति ने पीटा, मौत

संवाददाता, उझानी

- **मकान बेचने का दबाव बना रहा था पति, मना करने पर पत्नी की करी थी पिटाई**

**अमृत विचार :** मकान बेचने से मना करने पर पति ने अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटा। महिला को सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मायका पक्ष के अनुसार पति के पीटने की वजह से महिला की मौत हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोप पति को हिरासत में लिया गया है। मायका पक्ष की ओर तहरीर नहीं दी गई है।

मामला उझानी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गद्दी टोला का है। मायका पक्ष के अनुसार मोहल्ले में रहने वाले सत्यवीर ने पांच दिन पहले अपनी पत्नी दीपमाला (26) पर मकान बेचने का दबाव बनाया था। दीपमाला के मना करने पर आरोप है कि सत्यवीर ने उसे बेरहमी से पीटा। पड़ोसियों ने दीपमाला की ममेरी बहन गांव रोली निवासी ममता को दी। ममता के परिजनों ने दीपमाला को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार रात दीपमाला की मौत हो गई। ममता ने बताया कि सत्यवीर शराब पीने का आदी है। वह मकान बेचने का दबाव बना रहा था। मकान बेचने से मना करने पर उसने दीपमाला को बुरी तरह से पीटा और भाग गया। सूचना मिलने पर दीपमाला का वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव कतगांव निवासी मायका पक्ष आ गया। एसएसआई मनोज कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बाइकें टकराने से युवक घायल, भर्ती कराया गया

**हसनपुर, अमृत विचार :** अलीगढ़ मार्ग पर बुरावली गांव के पास ससुराल जा रहे युवक की बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। इससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी ओमप्रकाश मंगलवार को अपनी बाइक से आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दढ़ियाल अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक हसनपुर-रहरा मार्ग पर बुरावली गांव के पास पहुंची तभी बुलेट सवार व्यक्ति ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक सड़क पर गिराकर घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद बुलेट सवार मौके से फरार हो गया।

### छुट्टा गोवंशीय पशु के हमले से बालक जख्मी

**आदमपुर, अमृत विचार :** कस्बा क्षेत्र में गोवंशीय पशु के हमले से बालक घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कस्बा निवासी इमरान का पांच वर्षीय बेटा मोहम्मद साद मंगलवार सुबह 7 बजे अपने बड़े भाई के साथ सड़क किनारे पेड़ के नीचे खड़ा था। तभी एक गोवंशीय पशु ने उस पर हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने दौड़ कर उसे पशु से बचाया। परिजनों ने घायल बालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### घर में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ तहरीर दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** युवक के साथ फरार हुई महिला की बरामदगी को लेकर उसके घर में तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस को 12 से अधिक लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल निवासी महिला 24 जुलाई को फरार हो गई थी। क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी उसके मायके वालों ने घर पहुंच कर कीमती सामान को तोड़ दिया था। कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया था। हमलावर लोगों ने घर में रखे सोने चांदी के जेवर भी अपने कब्जे में ले लिए थे। जान से मारने की धमकी देकर हवा में फायर भी किए थे। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित पक्ष ने घर में घुसकर तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने उन्हें आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।


कन्याओं के उपनयन संस्कार समारोह में जानकारी देते संघ प्रमुख मोहन भागवत। ● अमृत विचार


हवन में आहुति देते संघ प्रमुख मोहन भागवत और महाविद्यालय की आचार्य डॉ. सुमेधा। ● अमृत विचार

# संघ में कोई भी अपनी मर्जी से पद नहीं ले सकता : मोहन भागवत

## चोटीपुरा गांव स्थित श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख ने किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** चोटीपुरा स्थित श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने छात्राओं के सवालों का जवाब दिए। प्रधानमंत्री बनने के सवाल पर उन्होंने ने कहा कि जैसा संघ रखता है वैसे रहते हैं। कोई भी अपनी मर्जी से पद नहीं ले सकता है। मैं अपनी इच्छा से संघ में आया। पद के लिए कोई महत्वाकांक्षा नहीं है।

रजबपुर के गांव चोटीपुरा स्थित श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय मंगलवार को पूरा दिन मंत्रोच्चारण से गूंजता रहा। सुबह 10:30 बजे महाविद्यालय में पहुंचे आरएसएस के सर संघ चालक मोहन भागवत का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उनके साथ केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली के कुलपति श्रीनिवास वरखेड़ी भी यहां पहुंचे। सबसे पहले आरएसएस प्रमुख कन्याओं के उपनयन संस्कार समारोह में शामिल हुए। इस दौरान यहां हुए यज्ञ में आहुतियां दीं। फिर कन्याओं को उपनयन संस्कार के बारे में बताया। वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा महाविद्यालय गूंज उठा। उन्होंने महाविद्यालय में अशोक का पौधा लगाया। नवनिर्मित भवन संस्कृति नीडम का विधिविधान से उद्घाटन किया। यहां भी छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार किया।

दोपहर दो बजे से महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इसे देखकर आरएसएस प्रमुख गदगद हो गए। छात्राओं ने महाभारत के दृश्य की प्रस्तुति दी। यह देखकर सभी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। आचार्य डॉ. सुमेधा ने छात्राओं को शिक्षा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने वैवाहिक जीवन को छोड़कर गुरुकुल की शुरूआत की। आज यहां की छात्राएं देश में नाम रोशन कर रही हैं। इसके बाद श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि इस महान देश के चैतन्य का श्रोत आध्यात्म है। सभी विद्याओं से चेतन्य नहीं मिलेगा जब तक आध्यात्म विद्या का स्पर्श नहीं होगा।

इसके बाद महाविद्यालय की आचार्य डॉ. सुमेधा ने सरसंघचालक मोहन भागवत व श्रीनिवास वरखेड़ी को महाविद्यालय का स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान छह घंटे से अधिक जिले में रहे संघ प्रमुख को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।


महाभारत में युद्ध के दृश्य की प्रस्तुति देतीं गुरुकुल की छात्राएं। ● अमृत विचार


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### संघ प्रमुख और छात्राओं के सवाल-जवाब

**छात्रा श्रेष्ठा :** अपने जीवन में कितना संघर्ष कर आप सफल बने हैं।

**संघ प्रमुख :** मेरे बारे में आप जिज्ञासा मत करो, मेरे साथ संघ के हजारों कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। हमारा अपने से ही संघर्ष होता है। जीवन में अहंकार होना जरूरी है, लेकिन इतना नहीं कि वह आपको समाप्त कर दे।

**दिव्यांशी** – संघ के विस्तार में महिलाओं की क्या भूमिका है।

**संघ प्रमुख :** मातृशक्ति के बिना इस जीवन में कुछ नहीं है। संघ 1925 में शुरू हुआ। 1933 में महिलाओं ने कहा कि संघ के लिए काम करना है। तब से लेकर राष्ट्र सेविका समिति के तहत महिलाएं पीछे से संघ के लिए काम कर रहीं हैं। महिला जगदंबा है। उनकी उन्नति के लिए केवल हम सहयोग करते हैं।

**आयुषि :** महाभारत में कृष्ण की जरूरत क्यों पड़ी, गीता सबको उपदेश दे पाएगी।

**संघ प्रमुख :** कृष्ण तो सदा युग में हैं। विभिन्न रूपों में कृष्ण हर जगह मौजूद हैं। आज उनकी जगह योगेश्वर है। भारत में योगेश्वर की कमी नहीं है। हम संतुष्ट हों कि लोक कल्याण के लिए जीवन जीना चाहिए।

**हिमानी :** आप अपने व्यक्तित्व के कारण प्रधानमंत्री बन सकते थे, लेकिन आपने पद नहीं लिया।

**संघ प्रमुख :** पद के लिए हम यहां नहीं आए। नहीं तो कोई घर नहीं छोड़ता। संघ बताएगा क्या करना है। यहां सब कुछ अपनी मर्जी से नहीं होता। जैसा संघ रखना चाहेगा, वैसे होगा। तेरा वैभव अमर रहे, मां हम दिन चार रहे न रहें। संघ में कोई ग्लैमर के लिए नहीं आता। बल्कि राष्ट्रहित में सेवा के लिए आता है।

**रिया :** हमें देश और धर्म में किसे ऊपर रखना चाहिए

**संघ प्रमुख :** देश और धर्म अलग अलग नहीं हैं बल्कि एक ही हैं। जब से दुनिया बनी है तब से सनातन धर्म चला आ रहा है। धर्म का लक्ष्य सत्य को पाना है। धर्म प्राण ही हमारा देश है।

### आज कुछ देर के लिए छात्राओं का दत्तक पिता बन गया : संघ प्रमुख

**अमरोहा, अमृत विचार :** सरसंघचालक मोहन भागवत ने छात्राओं के सवालों के जवाब देने के बाद कहा कि आज कुछ देर के लिए छात्राओं का दत्तक पिता बन गया। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में आजकल ऐसी शिक्षा नहीं मिलती जैसी गुरूकुल में मिल रही है। जो मिलती है उससे पेट नहीं भरता। कहा कि मनुष्य अपने कर्मों से छोटा व बड़ा बनता है। देश चलाने के लिए जो बड़ा करता है वही छोटा करता है। आज इस शिक्षा की आवश्यकता है। ऐसी शिक्षा देने वाले आचार्य देव समान है। उन्होंने छात्राओं को सांस्कृतिक शिक्षा के लिए प्रेरित किया। भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान आरएसएस के कई क्षेत्रीय व प्रांत प्रचारक, सांसद कंवर सिंह तंवर, एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, डीआईजी मुनिराज, डीएम राजेश कुमार त्यागी, एसपी कुंवर अनुपम सिंह, वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन, भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, विभाग प्रचारक, जिला प्रचारक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


श्री बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज में खिलाड़ियों के साथ मौजूद अध्यापक।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, रहरा/मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के श्री बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई। इसमें राजकीय हाईस्कूल, कस्तूरबा बालिका विद्यालय रहरई, भगवती मेमोरियल इंटर कालेज खुर्तिया, ग्रामोदय इंटर कालेज गंगेश्वरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई।

बताया कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ बच्चों को खेलों में प्रतिभाग करना चाहिए। इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास होता है। कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, चेस, प्रश्नोत्तरी, दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता कराई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य अनिता शर्मा, सविता, श्यामसुन्दर, शबना सैफी, रेखा, मुनिम कुमार, ब्रजेश कुमार आदि रहे।

### गंगा पुल पर भारी वाहनों का आवागमन रोका

**रहरा, अमृत विचार :** अमरोहा और बुलंदशहर को जोड़ने वाले गंगानगर पुल की एप्रोच पर खतरा मंडराने लगा है। इसे देखते हुए रहरा पुलिस ने दोनों ओर से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है।

पिछले दो दिन से लगातार गंगा के जलस्तर में गिरावट आई है। बाढ़ खंड के अधिकारियों के मुताबिक सोमवार सुबह गंगा का जलस्तर 198.20 सेंटीमीटर जबकि मंगलवार सुबह 198.10 सेंटीमीटर गेज पाया गया। बताया कि दो वर्ष पूर्व गंगा नदी का जलस्तर बनने से अमरोहा और बुलंदशहर को जोड़ने वाले गंगानगर पर की एप्रोच टूट गई थी। जिससे अमरोहा और बुलंदशहर का आवागमन बंद हो गया था। चौकी प्रभारी टी पॉइंट प्रदीप खोखर ने बताया कि पुल की दोनों साइड भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए पुलिस तैनात कर दी गई है।

## सुदामा श्रीकृष्ण के दरबार गए...

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पथरा में शिव मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन महापुराण कथा हुई। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा चरित्र की कथा सुनकर दर्शक भाव-विभोर हो गए। भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की आरती उतारी। कथा में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि भगवान किसी की ओर से नजर फेर लें तो परेशानी आते देर नहीं लगती। सुदामा ने गुरू संदीपनी के आश्रम में शिक्षण काल में श्रीकृष्ण से चुरा कर चावल से बना पोहा खाया था। इससे वह श्रीकृष्ण की कृपा से दूर हो गए थे। जब उसकी पत्नी सुशीला ने अपने घर की परेशानी व भूख से बिलबिलाते बच्चों को देखकर उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की मैत्री की याद दिलाई तो सुदामा मन से श्रीकृष्ण के दरबार गए और वहां अपनी आवभगत देखकर अति प्रसन्न हुए। भगवान ने पुरानी बातें भुला कर ऐसी कृपा दृष्टि दिखाई कि सुदामा के घर की सारी विपन्नता दूर हो गई। सुदामा व भगवान श्रीकृष्ण दामोदर ने अपनी मित्रता को इस तरह प्रतिष्ठा दी। इस दौरान ग्राम प्रधान पप्पू, ओम शरन, प्रकाश खड़गवंशी, मनोज, गंगाराम, अशोक, विजेन्द्र आदि लोग रहे।


पथरा में कथा सुनतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

**महापुराण कथा**
- पथरा में मंदिर पर कथा सुनने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़
- भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई

## सार संक्षेप

### मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने संभाला कार्यभार

**अमरोहा, अमृत विचार :** नव नियुक्त मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आभा सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद जिले की कई गोशालाओं का निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर गोशालाओं के इंचार्ज को चेतावनी देते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी खुशीराम के सेवानिवृति होने पर उनके स्थान पर रामपुर से स्थानांतरित होकर आईं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आभा सिंह ने कार्यभार संभालते ही जिले की कई गोशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कताई मिल गोशाला, गुरैठा गोशाला का निरीक्षण किया। जहां उनको खामियां मिलीं। इस पर उन्होंने नाराजगी करते हुए इंचार्ज को चेतावनी दी। कताई मील गोशाला में जनरेटर की व्यवस्था कर दी गई है। जहां लाइट जाने के बाद गोशाला में रोशनी की व्यवस्था हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सभी गोशालाओं में पशुओं के लिए हरा चारा पर्याप्त स्थिति में है। बीमार पशुओं का इलाज कराया जा रहा है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जा रही है।

### लेखपालों की मांग पूरी होने पर धरना समाप्त

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव नंगलिया मेव में अवैध कब्जा रुकवाने गए लेखपाल तरेश राणा पर शराब पीकर अभद्रता का आरोप लगा था। लेखपाल ने आरोपियों पर बंधक बनाकर पीटने के आरोप में गजरौला थाने में मामला दर्ज कराया था। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के कार्यकर्ता एक सप्ताह से धरना देकर कार्य बहिष्कार कर दिया था। मंगलवार को उपजिलाधिकारी चंद्रकांता ने लेखपाल तरेश राणा का निलंबन वापस ले लिया। गजरौला पुलिस ने लेखपाल की और से लिखाए गए मुकदमे में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बाकी तीन आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दे दिया। इस पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान विकास यादव, सचिन कुमार, अनुज सैनी, विमल शर्मा, दिनेश सिंह यादव, अमित वर्मा, अमित कुमार, मुजम्मिल खान, आदर्श मांगट, योगेश, सुमित सैनी, मोहित कुमार, आदि लेखपाल मौजूद रहे।


एसडीएम को पत्र सौंपते लेखपाल संघ के पदाधिकारी।


यज्ञ में आहुति डालते लोग। ● अमृत विचार

### विश्व कल्याण के लिए किया यज्ञ

**कैसरा, अमृत विचार :** आर्य उप प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मवीर सिंह आर्य की ओर से चलाया गया वेद प्रचार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव शाहजहांपुर में यज्ञ किया गया। यज्ञ में निष्ठापूर्वक विश्व कल्याण के लिए आहुति देकर राष्ट्र चिंता को लेकर वेद प्रचार पर चर्चा की गई। आगामी कार्यक्रम के लिए विचार विमर्श किया गया। यज्ञ में धर्मवीर सिंह आर्य, चन्द्रपाल आर्य, सरदार श्रम सिंह, सूरज सिंह, मैनपाल आर्य, नोबत आर्य आदि उपस्थित रहे।

**अमृत विचार विशेष** संभल और अमरोहा जिलों की सीमा के पास मौलनपुर गांव में स्थित है आश्रम

## श्री हरि बाबा आश्रम में 24 घंटे लगातार होता है संकीर्तन

देव अमरीश कसाना, रहरा

**अमृत विचार :** संभल और अमरोहा की सीमा क्षेत्र स्थित गांव मौलनपुर में श्री हरि बाबा का एक भव्य मंदिर है, जिसे लोग हरि बाबा आश्रम कहते हैं। कुछ लोग श्री हरि बाबा को चैतन्य महाप्रभु के अवतार के रूप में भी मानते हैं। क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग इन्हें पूजते हैं। रविवार और सोमवार को यहां दिल्ली, पंजाब और राजस्थान से लेकर विदेश तक से पर्यटक भी दर्शन करने के लिए आते हैं।

1917 में पंजाब प्रांत के होशियारपुर से लोग अमरोहा-बुलंदशहर की सीमा क्षेत्र के गांव में गंगा किनारे तलहटी साधना के लिए पहुंचे थे। उस समय बरसात के मौसम में गजरौला से लेकर गांव होते हुए राजघाट तक हजारों गांव व खेत बाढ़ के पानी में डूब जाते थे। इस बीच श्री हरि बाबा ने क्षेत्र के लोगों में धार्मिक चेतना जगाई और 1922 में श्रमदान कर बृजघाट से राजघाट तक मात्र छह माह में 44 मील का मिट्टी से गंगा तटबंध का निर्माण कराया। श्री हरि धाम बांध ट्रस्ट के उपमंत्री विशंवर पाठक ने बताया 30 जनवरी 1970 को बीमारी के कारण वृंदावन में श्री हरि बाबा ने अपना शरीर त्याग दिया था। इसके बाद क्षेत्र के लोगों ने श्री हरि बाबा बांध में महाराज के समाधि स्थल का निर्माण कराया। तभी से आश्रम में लगातार 24 घंटे हरे कृष्णा हरे राम का संकीर्तन हो रहा है। हरि बाबा बांध आश्रम में 32 गांवों से अलग-अलग दिनों के अनुसार, लोग संकीर्तन करने आते हैं। यह संकीर्तन अविराम चलता रहता है।


श्री हरि बाबा मंदिर में संकीर्तन करते लोग। ● अमृत विचार


श्री हरि बाबा धाम आश्रम में बना भव्य मंदिर।


मंदिर में लगी श्री हरि बाबा की मूर्ति।


शिव मंदिर में पूजा करते लोग। ● अमृत विचार

## हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद किया वितरण

संवाददाता, हसनपुर

- धार्मिक अनुष्ठान के तहत भक्तों ने की बालाजी महाराज की आरती

**अमृत विचार :** धार्मिक अनुष्ठान के तहत भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर बालाजी महाराज की आरती की। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया।

श्री राम सेवा समिति द्वारा घर-घर साप्ताहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। मंगलवार को हर्ष अग्रवाल के आवास पर भगवान बालाजी के चालीसा का पाठ कर भक्तों ने आरती की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज भटनागर, मोहित शर्मा, मुकुल अग्रवाल, विजय पारछा, राहुल गुप्ता, हर्ष अग्रवाल, बबलू पाल, आकाश अग्रवाल, जतिन गुर्ज आदि रहे।

यस्मिन् यथा वर्तते यो मनुष्यस्तस्मिंस्तथा वर्तितव्यं स धर्मः।
मायाचारो मायया वर्तितव्यः साध्वाचारः साधुना प्रत्युपेयः॥

जैसे के साथ तैसा ही व्यवहार करना चाहिए। कहा भी गया है ,जैसे को तैसा। यही लौकिक नीति है। बुरे के साथ बुरा ही व्यवहार करना चाहिए और अच्छों के साथ अच्छा।

## संपादकीय

# विकसित भारत की ओर

भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत है और वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से कहा कि दुनिया भर के निवेशक उत्सुकता से भारत की ओर देख रहे हैं तथा घरेलू उद्योग को आगे आकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाना चाहिए। वास्तव में आज हम बहुत सारी अनिश्चितताओं से भरी हुई दुनिया में रह रहे हैं। ऐसी दुनिया में भारत जैसा विकास और स्थिरता होना, अपवाद है। ऐसी अनिश्चितता के समय में भी भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में अच्छी-खासी वृद्धि हुई है। लगता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का दीर्घकालिक प्रक्षेपपथ तय हो गया है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है। भारत की नीति, निष्ठा, निश्चय, निर्णय और भारत में हो रहा निवेश पूरे विश्व की प्रगति का आधार बन रहा है। सरकार की नीतियां, प्रतिबद्धता और निवेश वैश्विक विकास की नींव बन रहे हैं। विश्व के नेता भारत को लेकर सकारात्मक हैं। भारत आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहा है और वह दिन दूर नहीं जब देश विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

भारत की यही आर्थिक गति उसे आज वैश्विक राजनीति में एक अलग स्थान भी दिलाती है। यही कारण है कि कुछ मुद्दों पर मतभेदों के बावजूद पश्चिम भारत के साथ लगातार जुड़ा हुआ है। पश्चिम के साथ भारत के संबंध काफी बढ़े हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था आंशिक रूप से सरकारी प्रयासों और अपनी अनूठी संरचना के कारण परिवर्तनशील बनी हुई है। आज जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने वाला है तो नए-नए क्षेत्रों में भी संभावनाएं बन रही हैं। साथ ही इसमें सुधार की गुंजाइश भी है। भारत की प्रति व्यक्ति आय तेजी से आर्थिक विकास करने वाले देशों से काफी पीछे है। प्रगति की वर्तमान दर को बनाए रखने के लिए एक केंद्रित नीति प्रयास को लागू करना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा कुछ वैश्विक निर्दिष्ट स्थानों पर निवेशकों का रुझान कम हो रहा है। इसलिए नीति निर्माताओं को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नहीं है। सरकार का इरादा और प्रतिबद्धता स्पष्ट है। देश विकसित भारत की ओर यात्रा कर रहा है। ऐसे में सभी को 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

# उच्च स्तरीय अनुसंधान से कम होगी मानव प्रजनन दर



**रणवीर सिंह फोगाट**
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> भारत में जनसंख्या वृद्धि दर पहले के मुकाबले में कम होकर 1.64 प्रतिशत हो चुकी है जबकि सन 1971-1981 के बीच यह 2 .22 प्रतिशत थी। सन 1951 में भारत में प्रति एक हज़ार व्यक्तियों पर 40 बच्चों के जन्म और 25 जन की किसी भी कारण से मृत्यु के आंकड़ों के समक्ष सन 2021 में यह अंतर घट कर क्रमश: 17 और 5 हो गया।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के यूनियन बजट में आयुर्विज्ञान अनुसंधान को जारी रखने के लिए पर्याप्त धनराशि दिए जाने का प्रस्ताव वित्त मंत्री ने पेश किया है। इसमें जनसंख्या नियंत्रण पर अनुसंधान भी शामिल है। जनसंख्या में वर्तमान वृद्धि दर को कम किए जाने के विचार का व्यापक समर्थन मौजूद है,लेकिन इस पर जबरन नियंत्रण के उपाय करने के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दुष्परिणाम असहनीय होते हैं।

चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के आकाओं द्वारा सन 1979 में लागू की गई एक संतान की नीति की समीक्षा करके सन 2015 में 35 वर्ष बाद इसे अधिकतम सुधार कर लोकनीति के अनुसार कर दिया है। एक ज्योग्राफिकल कल्चर में मानव प्रजनन के साथ एक सीमा से अधिक दखल न केवल कुदरत बल्कि उस देश के लिए अपरिवर्तनीय बदलाव ला सकता है। जनसंख्या को आयु वर्ग के हिसाब से संतुलित रखने के लिए उदार नीति और प्रोत्साहन से चलते हुए भारत में अब 'डेमोग्राफिक ट्रांजीशन मॉडल' को अपनाया गया है जिसे सन 1945 में पहली बार अमेरिकन डेमोग्राफर फ्रैंक नोटेस्टाइन ने प्रस्तुत किया था।

भारत में जनसंख्या वृद्धि दर पहले के मुकाबले में कम होकर 1. 64 प्रतिशत हो चुकी है जबकि सन 1971-1981 के बीच यह 2.22 प्रतिशत थी। सन 1951 में भारत में प्रति एक हज़ार व्यक्तियों पर 40 बच्चों के जन्म और 25 जन की किसी भी कारण से मृत्यु के आंकड़ों के समक्ष सन 2021 में यह अंतर घटकर क्रमशः 17 और 5 हो गया। सन 1951 में एक महिला अपने प्रजनन काल में अगर औसत 6 बच्चों को जन्म दे रही थी तो अब इन दिनों यह संख्या घट कर 2 हो गई है। सन 2019-2021 के समय के बीच दो फेज़ में किए गए नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे-5 की दो खंडों की रिपोर्ट को सन 2011 की जनगणना रिपोर्ट के तुरत बाद पढ़ें तब आकलन से ज्ञात कुल जनसंख्या से रूबरू होने के अलावा वर्ल्ड बैंक के ताज़ा आंकड़े भी देखने होंगे जिनसे मालूम होता है कि भारत में देहात और शहर में जन्म और मृत्यु दर में क्षेत्र के अनुसार फर्क है जैसे कि मणिपुर और हरियाणा की दरों में। सालाना वृद्धि दर अभी 0.8 है। वर्तमान परिस्थितियां कमोबेश बनी रहें तब भारत की वर्तमान एक अरब इकतालीस करोड़ आबादी सन 2040 में बढ़कर एक अरब तिरेसठ करोड़ और सन 2056 में एक अरब सत्तर करोड़ हो जाएगी। यह सन 2100 में एक अरब इक्यावन करोड़ पर आकर स्थित होगी, ऐसा सांख्यिकी विशेषज्ञों का कहना है। इस बारे में आंकड़ों का हिसाब-किताब मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन भी रखता है।

> सितंबर 2017 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में अंतरा नाम से एक नए इंजेक्टेबल कॉन्ट्रासेप्टिव और एक छाया नाम से एक नई गर्भनिरोधक गोली को जारी किया था,जो अल्पावधि के लिए गर्भनिरोध में असरदार हैं। मेडिकल कॉलेज से संबंध और जिला स्तर के अस्पतालों में ये दोनों निशुल्क उपलब्ध है।

जनसंख्या नियंत्रण के लिए केमिकल, फार्माकोलॉजिकल, क्लिनिकल और अकादमीय रिसर्च करने, तकनीकी दक्षता बढ़ाने, उन्नत टेक्नोलॉजी का अस्पतालों में समावेश करने के साथ-साथ कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए मुंबई स्थित इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर पापुलेशन साइंसेज और टाटा ग्रुप की पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया ने सराहनीय काम किया है। परिवार नियोजन के लिए इम्प्लान्ट्स, कंडोम्स, हार्मोनल इंजेक्टेबल्स और मैकेनिकल इम्प्लान्ट्स पर रिसर्च करने का काम आईसीएमआर ने सन 1977 के बाद बाखूबी किया है। व्यवहार में लाई गई तकनीकों और दवा आदि के निर्माण की प्रक्रिया को उन्नत, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित बनाने में इससे मदद मिली है। चूंकि एंटी-प्रेगनेंसी पिल्स हार्मोनल ऑरिजिन की होती है इसलिए लंबे समय तक इनके प्रयोग से सेहत और प्रजनन प्रणाली पर दुष्प्रभाव न हों इसके लिए शॉर्ट एक्टिंग रिवर्सिबल, लॉन्ग-एक्टिंग रिवर्सिबल और कॉन्ट्रासेप्टिव्स के बारे में टॉक्सिसिटी स्टडीज की गईं। लेवोनॉरजेस्ट्रेल के साथ युलिप्रिस्टल एसीटेट से निर्मित हार्मोनल इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्टिव्स (मॉर्निंग आफ्टर पिल) के बारे में प्रजनन क्षमतायुक्त महिलाओं और पुरुषों को न्यूनतम जानकारी है, ऐसा इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ री-प्रोडक्टिव मेडिसिन के 4 अक्टूबर सन 2018 में प्रकाशित समीक्षा शोधपत्र क्लिनिकल फार्माकोलॉजी ऑफ़ हार्मोनल इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स और दिल्ली स्थित पापुलेशन कौंसिल इंस्टिट्यूट के सन 2012 में किए गए अध्ययन एटीट्युड्स, बिलीफ्स एंड प्रैक्टिसेज ऑफ़ प्रोवाइडर्स एंड की-ओपिनियन लीडर्स ऑनइमरजेंसी कॉण्ट्रासेप्शन इन इंडिया से मालूम पड़ता है।

सितंबर 2017 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में अंतरा नाम से एक नए इंजेक्टेबल कॉन्ट्रासेप्टिव और एक छाया नाम से एक नई गर्भनिरोधक गोली को जारी किया था,जो अल्पावधि के लिए गर्भनिरोध में असरदार हैं। मेडिकल कॉलेज से संबंध और जिला स्तर के अस्पतालों में ये दोनों निशुल्क उपलब्ध है। फ्रांस की रसेल-यूलैफ्फ जैसी कंपनी विदेशी कम्पनियां भारत में हार्मोनल इमरजेंसी कॉन्ट्रासेप्टिव्स आरयू-486 (मिफेप्रिस्टोन) को प्रवेश के लिए सन 1980 के दशक में उतावली थीं, लेकिन परीक्षणों के बाद मुम्बई स्थित शोध संस्थान के निदेशक डॉ. चन्द्र प्रकाश पुरी ने इसे रिजेक्ट कर दिया था क्योंकि इसके सेवन से महिलाओं के प्रजननांग से रक्तस्राव बहुत होता था। हार्मोनल, स्टेरॉयडल और नॉन- स्टेरॉयडल कॉन्ट्रासेप्टिव पिल्स के वास्तविक उपयोग से पहले बायो-एथिकल पहलुओं पर गौर करने के बाद ही इन्हें नेशनल हेल्थ सिस्टम में इस्तेमाल के लिए स्वीकृत किया जाता है, इनकी मार्केटिंग और विज्ञापन की इजाजत दी जाती है।

लखनऊ स्थित सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टिट्यूट में ख्यात बायो-मेडिकल विज्ञानियों डॉ. वेद प्रकाश कम्बोज, सुप्रभात राय और डॉ. नित्यानंद द्वारा विकसित की गई स्टेरॉयड रहित 'सेंटक्रोमन' पिल्स क्लिनिकल ट्रायल्स सर्वाधिक असरदार और सुरक्षित पाई गई इसलिए सन 2016 में इसे राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम में शामिल किया गया है। इसके विकास के दौर में अनेक बार मेरी बात डॉ. कम्बोज और डॉ नित्यानंद से हुई थी। सेंटक्रोमन कैसे काम करती है इस बारे में सेंटक्रोमनः ए सेफ रिवर्सिबल पोस्टकॉयटल कॉण्ट्रासेप्टिव विद क्यूरेटिव एंड प्रोफाइलेक्टिक एक्टिविटी इन मैनी डिसऑर्डर्स नाम से एक पर्चा फ्रंटियर्स ऑफ़ बायोसाइंस-इलीट जर्नल ने जनवरी 2018 के अंक में प्रकाशित किया था। मिनिस्ट्री ऑफ़ हेल्थ एंड फॅमिली वेलफेयर में फॅमिली प्लानिंग डिवीज़न द्वारा मार्च 2016 में जारी मैन्युअल फॉर ऑरल कॉण्ट्रासेप्टिव पिल्स में इसके बारे में और भारत में मिलने वाले सभी गर्भनिरोधकों के बारे में जानकारी उपलब्ध है।

आईसीएमआर द्वारा नियुक्त टास्क फोर्सेज और एक्स्ट्रा-म्यूरल रिसर्च प्रोजेक्ट्स के जरिए से बर्थ कंट्रोल डिवाइसेस, इम्प्लान्ट्स और कंट्रासेप्टिव्स से संबंधित सेफ्टी इवैल्यूएशन स्टडीज को पापुलेशन या कम्युनिटी में देखा गया जिसे टेक्निकल रिपोर्ट्स के रूप में प्रकाशित करके स्वास्थ्य मंत्रालय को सन 1975 से लेकर सन 2000 के बीच में दिया ताकि संसद को सूचित किया ज सके। मॉलिक्यूलर बायोलॉजी और रिप्रोडक्टिव फिजियोलॉजी के क्षेत्र में तकनीकी उन्नति होने से बर्थ कंट्रोल के लिए नई युक्तियां और कंट्रासेप्टिव्स बाज़ार में आए हैं। मसलन, मानव मस्तिष्क में स्थित पिच्युट्री ग्रंथि से स्रावित होने वाले ल्युटिनायिज़िंग हॉर्मोन, जिसकी वजह से प्रजनन प्रक्रिया की रसायनिकी सक्रिय होकर ह्यूमन कॉरियोनिक गोनैडोट्रोपिन (एचसीजी) के स्राव को ओवरीज़ में उत्प्रेरित करती है, के बारे में मॉलिक्यूलर अध्ययन किए गए। इससे इनकी संरचना और भूमिका के अलावा उत्प्रेरक स्थल पर इनके रिसेप्टर्स के बारे में भी सूक्ष्म दृष्टि से शोध किया गया। यह जानकारी न केवल गर्भ निरोधकों के विकास के लिए बल्कि संतान पैदा करने में असमर्थ लेकिन इच्छुक महिला को इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक से संतान पैदा करने में सक्षम बनाने में मददगार पाई गई है। टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी की मंजूरी मिलने के बाद ही इम्प्लान्ट्स और कंट्रासेप्टिव्स भारतीय बाज़ार में बेचे जा सकते हैं।

भारत में डेमोग्राफिक ट्रांजीशन के ग्राफिक फ्लो-चार्ट्स को देखकर यह चिंता होने लगती है कि सन 2050 तक भारत कैसे लोगों के लिए खाना, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, घर, शिक्षा, ट्रांसपोर्ट, बिजली और टेक्सटाइल्स की जरूरतें पूरी कर पाएगा।

## प्रसंगवश

# क्या वरिष्ठ नागरिक होना अपराध है

सांसद जया बच्चन ने संसद में महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया,जिसे इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है, क्या भारत में वरिष्ठ नागरिक होना अपराध है? भारत के वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष की आयु के बाद चिकित्सा बीमा के लिए पात्र नहीं होते, उन्हें ईएमआई पर लोन नहीं मिलता। ड्राइविंग लाइसेंस जारी नहीं किया जाता। उन्हें कोई काम नहीं दिया जाता, इसलिए वे जीवनयापन के लिए दूसरों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने रिटायरमेंट की आयु यानी 60-65 तक सभी कर,बीमा प्रीमियम का भुगतान किया था।



**डॉ. संजय पंकज**
मुजफ्फरपुर

अब वरिष्ठ नागरिक बनने के बाद भी उन्हें सभी करों का भुगतान करना होगा। भारत में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई योजना नहीं है। रेलवे/हवाई यात्रा पर 50 प्रतिशत छूट भी बंद कर दी गई है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि राजनीति में वरिष्ठ नागरिक विधायक,सांसद या मंत्री हैं,उन्हें हर संभव लाभ दिया जाता है और उन्हें पेंशन भी मिलती है। अन्य सभी (कुछ सरकारी कर्मचारियों को छोड़कर) को समान सुविधाओं से वंचित क्यों किया जाता है? कल्पना कीजिए, अगर बच्चे उनकी परवाह नहीं करेंगे, तो वे कहां जाएंगे? अगर देश के बुजुर्ग चुनाव में सरकार के खिलाफ जाते हैं तो इसका असर चुनाव परिणामों पर पड़ेगा।

सरकार को इसके परिणाम भुगतने होंगे। वरिष्ठ नागरिकों के पास शक्ति है सरकार बदलने के लिए, उन्हें नजरअंदाज न करें। उनके पास सरकार बदलने का जीवनभर का अनुभव है। उन्हें कमजोर न समझें! वरिष्ठ नागरिकों के लाभ के लिए बहुत सी योजनाओं की जरूरत है। सरकार कल्याणकारी योजनाओं पर बहुत पैसा खर्च करती है,लेकिन वरिष्ठ नागरिकों के बारे में कभी नहीं सोचती। इसलिए वरिष्ठ नागरिकों को कुछ लाभों के लिए विचार किया जाना चाहिएः 60 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों को पेंशन दी जानी चाहिए। सभी को उनकी हैसियत के अनुसार पेंशन दी जानी चाहिए। रेलवे, बस और हवाई यात्रा में रियायत। सभी के लिए अंतिम सांस तक बीमा अनिवार्य होना चाहिए और प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाना चाहिए।

# एफआईआर लिखाना बनाम लोहे के चने चबाना

मैं समझता था कि शहर के थानों में वहां रहने वाले पढ़े-लिखे व्यक्तियों की एफआईआर न लिखना कठिन होता होगा। मैं जब एसएसपी लखनऊ नियुक्त हुआ तो थाना हजरतगंज,जिसके क्षेत्र में विधान भवन, राज भवन, मुख्यमंत्री निवास आदि उच्चतम अधिकारियों के निवास एवं कार्यालय स्थित हैं,के एक पुराने जान-पहचान के सब इंस्पेक्टर से मैंने पूछा कि थाना हजरतगंज में तो लगभग शत-प्रतिशत अपराध दर्ज किए जाते होंगे। उसने मुस्कुराकर उत्तर दिया कि और थानों की अपेक्षा कम अपराध दर्ज किए जाते हैं। मुझे आश्चर्यचकित होते देखकर वह बोल पड़ा,'सर यहां पढ़े-लिखे लोग अपराध दर्ज कराने आते हैं, जो प्रायः नेताओं को लेकर नहीं आते हैं। उनका थाने पर चाय पानी से स्वागत कर दिया जाता है और उन्हें कोर्ट कचहरी की ऊंच-नीच से अवगत कराया जाता है तो वह कामकाजी लोग स्वयं रिपोर्ट नहीं लिखाते हैं।

यदि कोई जिद्दी किस्म का आदमी हुआ तो उससे डुप्लीकेट तहरीर ले ली जाती है, जिसमें से एक पर मुंशी जी बाकायदा दस्तखत कर और थाने की मोहर लगाकर उसे वापस दे देते हैं। उसे बता दिया जाता है कि दीवान जी (या इंस्पेक्टर साहब) के आने पर रिपोर्ट लिख दी जाएगी। फिर कुछ दिन तक उसकी तहरीर को हिफाजत से रखा जाता है। अधिकतर वादी तो आश्वस्त होकर चुप बैठ जाते हैं और अगर कोई पीछे ही पड़ा तो थाने पर रखी एफआईआर की दूसरी जिल्द बैक डेट में एफआईआर लिखने के काम आ जाती है। तब मैंने कहा कि इसमें कभी-कभी तो प्रभावशाली व्यक्तियों के हत्थे चढ़ जाने और सजा पा जाने का खतरा रहता होगा। इस पर उसने बड़े पते की बात बताई,'सर हजरतगंज में कोई ऐसा-वैसा



**महेश चंद्र द्विवेदी**
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

> एफआईआर न लिखने का दूसरा कारण है विवेचकों (सब-इंस्पेक्टर) की कमी। यदि थानाध्यक्ष सभी एफआईआर लिख ले तो उनकी विवेचना और अभियोजन किससे कराएं?

इंस्पेक्टर तो पोस्ट नहीं होता है। वह मुख्यमंत्री का अपना आदमी होता है। उनकी मर्जी के बिना उसका कोई क्या बिगाड़ सकता है।' एफआईआर न लिखने के लिए पूर्ण दोष थाना पुलिस को देना उनके साथ घोर अन्याय होगा। यह बात सच है कि एफआईआर न लिखने का प्रथम कारण अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में होना दिखाया जाना अथवा वादी को घूस देने के लिए मजबूर करना होता है। परंतु यह भी सच है कि अनेक उच्चाधिकारी एवं मुख्यमंत्री भी चाहते हैं कि उनके कार्यकाल में उनके पूर्ववर्ती के कार्यकाल से अपराधों का आंकड़ा कम रहे। आपराधिक स्थिति का आकलन सदैव आंकड़ों से होता रहा है,क्योंकि किसी अन्य मानक का आविष्कार संभव नहीं हो सका है।

एफआईआर लिखाना बनाम लोहे के चने चबाना का क्लाइमेक्स तो तब हुआ जब उत्तर प्रदेश की एक मुख्यमंत्री ने शासन की बागडोर संभालते ही लिखित निर्देश दे दिया कि छह महीने में अपराध 70 प्रतिशत कम हो जाना चाहिए और इस असंभव आदेश के पालन में असफल पुलिस अधिकारियों को दंडित करना प्रारंभ कर दिया। इसके परिणामस्वरूप सिद्धांतवादी अधिकारियों ने सप्रयत्न अपने को अजनपदीय स्थानों पर नियुक्त करा लिया। शेष जनपदों के थानों पर जनता एफआईआर लिखाने को दर-दर भटकती रही, परंतु शासकीय आंकड़ों एवं विज्ञापनों में एक वर्ष में ही प्रदेश में अपराध 60-70 प्रतिशत कम हो गए।

एफआईआर न लिखने का दूसरा कारण है विवेचकों (सब-इंस्पेक्टर) की कमी। यदि थानाध्यक्ष सभी एफआईआर लिख ले तो उनकी विवेचना और अभियोजन किससे कराएं? थाने में सब-इंस्पेक्टर न केवल कम होते हैं,वरन उनका दिन तो शांति-व्यवस्था,वीआईपी ड्यूटी और मुतफर्रिक कामों में बीत जाता है। यह बात कम ही लोग जानते हैं (अथवा मानेंगे) कि कतिपय प्रकरणों में थानाध्यक्ष न्याय के हित मंत एफआईआर नहीं लिखते है। इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का लाभ अनेक वादी, वकील, नेता आदि दुश्मनों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिखाकर उठाते हैं। एक बार किसी के खिलाफ एफआईआर लिख जाए तो वोट के लाभ के लिए नेता, पब्लिसिटी के लिए भूखी संस्थाएं,धरातलीय परिस्थितियों से अनजान आयोग और सनसनीदार खबरों पर जीवित मीडिया पुलिस को नामजद अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेज देने को मजबूर कर देते हैं। अतः अनेक प्रकरणों में निर्दोष को दंड से बचाने के पुनीत उद्देश्य से भी थानेदार एफआईआर नहीं लिखते हैं।

यदि शासन चाहता है कि सभी एफआईआर लिखी जाएं,तो सब-इंस्पेक्टर के कार्यों का ऑडिट कराकर तदनुसार उनकी संख्या बढ़ानी चाहिए। इसके अतिरिक्त झूठी एफआईआर लिखाने वालों तथा जानबूझकर निर्दोष को अभियुक्त के रूप में नामजद करने वालों को प्रभावी दंड दिलाने का कानून बनाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# हलुआ और पांच किलो अनाज

मां ने एक बार घर के एक बुजुर्ग से अपने बनाए हलुए के स्वाद के बारे में पूछ लिया। बुजुर्ग बोले अरे जिसमें आटा, सूजी, चीनी, देसी घी और ड्राई फ्रूट जैसी लाजवाब चीजें पड़ी हों वो बेस्वाद हो ही नहीं सकता। यानी अच्छी चीजों से हलुआ स्वादिष्ट ही बनेगा।

भारतीय संस्कृति का एक विशिष्ट व्यंजन आज चर्चा के केंद्र में है। केंद्र सरकार की हलवा सैरेमनी का जैसा चित्रण राहुल ने किया वो काबिले तारीफ है। अब ये कोई गुरुद्वारे का प्रसाद रूपी हलवा तो है नहीं कि सब में बराबर-बराबर बंटेगा और न ये कम्युनिस्टों का हलवा है,जहां सर्वहारा की बात होती है। ये विशुद्ध पूंजीवादी हलवा है। जिस तक सबकी पहुंच नहीं हो सकती। राहुल गांधी द्वारा दिखाई तस्वीर दरअसल भारतीय समाज की उस विद्रूपता को दर्शाती है, जहां संसाधनों पर सबका बराबर हक नहीं रहा। एक भी ओबीसी और दलित व्यक्ति उस तस्वीर में नहीं था। भारतीय समाज की वृहद तस्वीर भी कुछ ऐसी ही है। संसाधनों पर पहला हक वाले मनमोहन जी के बयान में अल्पसंख्यक यानी मुस्लिम डालकर बीजेपी ने अपने पक्ष में खूब भुनाया, लेकिन यहां तो पूरे देश की 40 प्रतिशत संपदा मात्र एक प्रतिशत लोगों के पास सीमित हो गई है।



**तजिंदर सिंह**
जमशेदपुर, झारखंड

देश मे संसाधनों का ऐसा बंटवारा पहले कभी नहीं रहा। इनकम टैक्स में मामूली छूट, कैपिटल गेन पर टैक्स, इंडेक्सिंग को समाप्त करना जैसे बदलाव मध्यम वर्ग की पीठ पर छुरे के समान ही है। जहां शिक्षा में बजट पर लगातार कमी की जा रही है,वहीं सरकारी खर्च पर गया के विष्णु पाद मंदिर और बौद्ध गया में विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर कॉरिडोर बनाने की घोषणा जरूर हो गई।

ये इतना बताने के लिए काफी है कि सरकार की प्राथमिकता किस में है। सरकार चाहती है कि लोग कांवड़ ढोते रहे और हलुए की बात भूल जाएं। ये न उनके पूर्वजों को मिला था न इनको मिलेगा। इनकी औकात हलुए की जगह पांच किलो अनाज की ही है।

**-फेसबुक वॉल से**

# पुल-पुलिया और पहाड़ों के दरकने का मतलब

आज जब दुनिया के देश भूकंप रोधी, परमाणु बम रोधी,सुनामी रोधी इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं,उस समय हमारा देश बरसात से अपने इंफ्रास्ट्रक्चर और जन-धन हानि को भी रोक नहीं पा रहा। क्या भारत में इन रचनाओं की निर्माण क्वालिटी अच्छी नहीं थी? क्या भारत में इन रचनाओं की डिजाइन ठीक नहीं थी? क्या इन रचनाओं के रखरखाव पर भारत के प्रशासन ने उचित ध्यान नहीं दिया? क्या भारत में वर्षा जल की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है? या फिर भारत में जानबूझकर इन समस्याओं को प्राथमिकता नहीं दी जा रही। प्रश्न यह भी उठता है कि हम कब तक प्रतिवर्ष विकास कार्यों में उपयोग आ सकने वाले धन को आपदा प्रबंधन के नाम पर खर्च करते रहेंगे? इस तरह हम कैसे विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को तय सीमा में हासिल करेंगे? इतना ही नहीं हम वर्षा जल संग्रहण इकाइयों में जनसंख्या की मांग के अनुपात में वृद्धि करके वर्षा जल को विषम परिस्थितियों के लिए संग्रहित भी नहीं कर पा रहे हैं और न ही वर्षाजल के जमीन के अंदर जाने की राह को सुगम बना पा रहे हैं तभी तो हम सबके देखते-देखते ही वर्षा जल गांव-शहर के गली-मौहल्लों, बस्तियों, मैदानी क्षेत्रों से बाहर निकल कर नदी-नालों से होता हुआ समुद्र में जा मिल जाता है और भू-जल स्तर में अपेक्षित सुधार भी नहीं हो रहा है। यह स्थिति तब है जब प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में हमारे देश की एक बड़ी आबादी पानी की कमी की किल्लत झेलती है। अनायास प्रश्न उठता है कि भारत में इतने बड़े-बड़े नामी गिरामी प्रबंध संस्थान उपलब्ध हैं,तकनीकी संस्थान उपलब्ध हैं और इनमें पढ़ाने वाले श्रेष्ठ शिक्षक तथा इनसे पढ़कर निकले प्रतिभावान विधार्थी उपलब्ध हैं, अच्छे योजनाकार, रणनीतिकार उपलब्ध हैं फिर क्या कारण है कि वर्षा जल का उचित



**डॉ .मनमोहन प्रकाश**
स्वतंत्र पत्रकार

> क्या भारत में इन रचनाओं की डिजाइन ठीक नहीं थी? क्या इन रचनाओं के रखरखाव पर भारत के प्रशासन ने उचित ध्यान नहीं दिया? क्या भारत में वर्षा जल की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है? या फिर भारत में जानबूझकर इन समस्याओं को प्राथमिकता नहीं दी जा रही।

प्रबंधन नहीं हो रहा है,अतिवर्षा या बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम नहीं कर पा रहे हैं,रोक नहीं पा रहे हैं। हां हमारी एनडीआरएफ की टीम जरूर अपनी जान जोखिम में डालकर अतिवर्षा के बाद की परिस्थितियों से निपटते हुए राहत और बचाव कार्य को सही अंजाम दे रही है, जनता को राहत पहुंचा रही है। कुछ राज्य तो ऐसे भी हैं,जो पिछले कई वर्षों से बाढ़ का दंश झेल रहे हैं और बहुत बड़ी धनराशि को बाढ़ के बाद की स्थितियों से निपटने में खर्च करने के लिए मजबूर हैं। कुछ नदियां भी चिन्हित है,जिनमें लगभग हर साल बाढ़ आती है। प्रदेश/देश की जनता उन दिनों के इंतजार में हैं जब बाढ़ से मुक्ति मिलेगी और जनता को अन्य मौसम की तरह गर्मी में भी भरपूर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी। उस दिन का भी देश को इंतजार है जब देश के नागरिक जल के महत्व को समझते हुए, स्वप्रेरणा से जल का उपयोग करते समय अपनी बुद्धि विवेक का उपयोग करते हुए जल का अपव्यय करने से बचेंगे और अन्य को भी जल के प्रति मितव्ययिता भाव रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

# समाजवादी पार्टी के ब्राह्मण

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पद के लिए माताप्रसाद पांडेय को नामित किया। अभी तक अखिलेश स्वयं इस पद पर थे, किंतु उनके लोकसभा सदस्य बन जाने से यह पद रिक्त था। सपा जाति और परिवारवादी पार्टी है।

यादव बिरादरी इसका वोट बैंक है और मुस्लिम उस प्रत्याशी को प्रायः वोट देते हैं, जो भाजपा को हरा सके। चूंकि प्रदेश में बसपा शून्य पर पहुंच चुकी है और कांग्रेस समाजवादी पार्टी की बैसाखियों पर ही प्रदेश में आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है,अतः संप्रति यहां मुस्लिम सपा-कांग्रेस धुरी का ही समर्थक है। अखिलेश अपनी बिरादरी का ही नेता प्रतिपक्ष बनाते,किंतु चाचा शिवपाल पर वे दांव नहीं लगा सकते, क्योंकि उसमें रिस्क है। वे अतीत में बगावत कर चुके हैं और अपनी अलग पार्टी भी बनाई थी। उनकी वह परियोजना विफल हो गई और फिर सपा में वापस आ गए। अब उन्हें मन मारकर अखिलेश के अधीन ही रहना है। वैसे माता प्रसाद को महत्व देने का यह मतलब कदापि नहीं है कि सपा में ब्राह्मणों का सम्मान है। वे 'पोस्टर ब्वाय' की तरह ही होंगे, जैसे भाजपा में मुसलमान। कभी सिकंदर बख्त तो कभी मुख्तार अब्बास नकवी,इस समय कोई नहीं। असलियत यह है कि न तो सपा का दिखावटी ब्राह्मण उस पार्टी में ब्राह्मण वोट खींच पाता है और न भाजपाई मुस्लिम नेता उस पाले में मुसलमान ला पाता है। जनता असलियत जानती है।



**रघोत्तम शुक्ला**
सेवानिवृत्त पीसीएस

स्पीकर और मंत्री रहे हृदयनारायण दीक्षित बहुत दिन सपा में रहे। अच्छे वोटों से अपनी पुरधा विधानसभा सीट जीतते रहे,किंतु मुलायमसिंह ने उन्हें कभी कोई पद नहीं दिया। वे सपा से बगावत करके मायावती के साथ बने और स्पीकर भाजपा में आने के बाद। यानी माता प्रसाद पांडेय के पदारूढ़ होने से न तो सपा में ब्राह्मणों का कोई वर्चस्व हो पाएगा और न ब्राह्मण वोट सपा की तरफ जाएगा। यह बस एक दिखावटी काम रहेगा,जैसे विगत में सपा द्वारा परशुराम प्रेम प्रदर्शित करना निरर्थक रहा था। नेता अपने को उच्चतर बुद्धि वाला मान भले ही लें, होते नहीं है। जनता सब असलियत समझती है। क्या अखिलेश यह घोषित करेंगे कि 2027 में यूपी विधानसभा में सपा का बहुमत आने पर माताप्रसाद पांडेय को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। ऐसा वे कभी नहीं करेंगे। तब वे स्वयं या अपनी पत्नी डिंपल यादव को ही इस पद पर आरूढ़ करेंगे। हाथी के दांत खाने के और तथा दिखाने के और होते हैं।

# सोने के दामों में गिरावट

देश में बजट के आने के बाद से सोने के दामों में हो रही गिरावट की खबर इन दिनों अखबारों की सुर्खियां बनी हुई है। 17 जुलाई के 74700 रुपये के उच्चतम दाम से गिरकर सोने का भाव बजट के बाद 67700 रुपये पर पहुंच गया। इस बार के बजट में सीमा शुल्क में आश्चर्यजनक कटौती से बाजार में एक ही दिन में सोने की कीमतों में पांच प्रतिशत से अधिक गिरावट देखने को मिली थी।



**संजीव मेहरोत्रा**
बरेली

साल की शुरुआत में सोने की कीमतों में भारी तेजी आई थी। इस वर्ष में सोने की कीमतों में 14.7 प्रतिशत की तेजी आई थी,लेकिन वित्त मंत्री की कस्टम ड्यूटी को 10 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दिए जाने से सोने के भाव गिरे हैं। यह अभी और कितने नीचे जाएंगे यह तो आने वाला समय ही बता सकता है। सोने की कीमत घटने का सबसे बड़ा असर भारतीय परिवारों पर पड़ा है। एक आंकड़े के अनुसार दुनियाभर के सोने का लगभग 11 प्रतिशत सोना भारतीयों परिवारों के पास ही है। भारतीय परिवारों में शादी-विवाह में सोने का प्रचनल अभी भी है। विवाह के सीजन में विशेष खरीदारी का चलन आज भी देखा जा सकता है। ऐसे में छोटे तबके और कर्मचारी वर्ग को थोड़ी राहत महसूस हो रही होगी। बशर्ते कि सोने के दाम दुबारा न बढ़ने शुरू हो जाए।

## एक नजर

### चोरों के डर से जागकर पहरा दे रहे ग्रामीण

**हसनपुर, अमृत विचार :** चोरों के खौफ से ग्रामीण रातों में जाकर अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए पहरा दे रहे हैं। ग्रामीण दहशत में हैं। कोतवाली क्षेत्र के कई गांवों में ग्रामीण इस समय अपनी जान माल की सुरक्षा करने के लिए रातों में जाकर पहरा दे रहे हैं। शनिवार रात चोरों ने गांव मछरई में तीन घरों में लाखों रुपये की चोरी की थी। रविवार रात भी चोरों ने गांव बावनखेड़ी में तीन घरों से लाखों की चोरी कर ली थी। सोमवार देर शाम गांव बसीकला में बदमाशों ने युवक को घायल करने के बाद उसके घर से जेवर मंगवा लिए। लगातार चोरी की वारदात होने के कारण ग्रामीण दहशत में हैं।

### गर्मी से बेहाल रहे लोग

**अमरोहा, अमृत विचार :** इस माह के अंतिम सप्ताह में बारिश नहीं होने से गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। तेज धूप के बीच घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है। मंगलवार को सुबह से ही सूरज के तल्ख तेवर के साथ तेज धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। कई क्षेत्रों में बिजली नहीं आने से लोगों की परेशानी बढ़ गई। लोग पसीने में तर हो गए। देर शाम तक गर्मी से राहत नहीं मिली।

# पात्रों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ : दिवाकर

## सांसद कंवर सिंह तंवर के फार्म हाउस में हुई भाकियू शंकर की पंचायत में किसानों ने समस्याओं पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर के फार्म हाउस झनकपुरी में किसान पंचायत हुई। इसमें सरकारी योजनाओं में चल रहे भृष्टाचार व पात्र लोगों को लाभकारी योजनाओं का लाभ न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार अच्छा काम कर रही है, लेकिन सरकारी विभागों में व्याप्त भृष्टाचार के चलते जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है। राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा-विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में भृष्टाचार किया जा रहा है। सरकार द्वारा इसे बंद कर पात्रों को लाभ दिलाए।

उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट तीन लाख निर्धारित की गई थी। इसे बढ़ाकर 10 लाख किया जाए। केंद्र सरकार ने बैंकों को मर्ज किया है। इस कारण किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है। सरकार छोटे दुकानदारों को बिना गारंटी, दस्तावेज के 20 लाख रुपये का लोन दे रही है। लेकिन किसानों को लोन देने के नाम पर उसकी करोड़ों रुपयों की जमीन को बंधक बनाया जाता है। किसान हित में कृषि मशीनरी व किसान क्रेडिट कार्डों पर जीएसटी को समाप्त किया जाना चाहिए। अमरोहा में अभी तक विकास प्राधिकरण व जिला सहकारी बैंक बोर्ड का गठन नहीं किया गया है। पवित्र गंगा धाम तिगरी से लेकर बृजघाट तक गंगा तट को हरिद्वार की तर्ज पर गंगा रिवर फ्रंट बनाते हुए इसे एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल के रूप में विकसित कराया जाए।

इस दौरान एक मांग पत्र सांसद के जनसंपर्क अधिकारी कपिल कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चौधरी धर्मवीर सिंह, राकेश रतनपुर, विक्रम सिंह पंवार, नेमपाल सिंह, जविंदर सिंह, सुरेंद्र फौजी, जयवीर सिंह पंवार, अनिल पंवार, इंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



फार्म हाउस में हुई किसानों की पंचायत में मौजूद भाकियू के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



सांथलपुर गांव में हुई पंचायत में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

### भाकियू की पंचायात में किसानों की समस्याएं उठाईं

**आदमपुर, अमृत विचार :** सांथलपुर गांव में मंगलवार को भाकियू संयुक्त मोर्चा की पंचायत हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि जिलाधिकारी से बात करके छुट्टा गोवंश को पकड़वाने की अपील की। कहा कि किसानों के ट्रांसफार्मर फुंके पड़े हैं, उन्हें जल्द बदला जाए। यूपी ग्रामीण प्रथमा बैंक के कई मामले मैनेजर को मौके पर बुलाकर निपटाए गए। सांथलपुर गांव की 20 किसानों की कार्यकारिणी बनाई गई। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव चौधरी चंद्रपाल सिंह, रामोतार सिंह, विजयवीर सिंह, कामिल चौधरी, पंचम सिंह, कालीचरण सिंह,कलवा,पवन किशोर शर्मा, पूर्व प्रधान कमल सिंह, राजीव त्यागी, भूरे चौधरी, सद्दाम हुसैन, याकूब आदि मौजूद रहे।

# बकाया भुगतान न मिलने पर भड़के किसान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर धरना देकर प्रदर्शन किया। जिला गन्ना अधिकारी को भी धरनास्थल पर बैठा लिया। चीनी मिलों से भुगतान न करने पर रोष व्यक्त कर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह की अध्यक्षता में किसानों ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। किसान नेता ने कहा कि 19 जुलाई को जिलाधिकारी के साथ हुई वार्ता के बाद भी किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया गया। जिले की चीनी मिलों ने गन्ने का बकाया भुगतान अभी तक नहीं किया है। कहा कि चीनी मिल किसानों को कीटनाशक अधिक दामों पर दे रही हैं। विद्युत निगम की विजिलेंस टीम किसानों के घरों पर रात्रि में सीडी लगाकर छापेमारी कर रही है। अगर यह कार्रवाई नहीं रोकी गई, तो किसानों को इसका विरोध करना पड़ेगा। बिजली कटौती करके किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसान नेताओं ने कहा कि नौ अगस्त को कलेक्ट्रेट पर धरना दिया जाएगा और ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी। जिला गन्ना अधिकारी ने 19 जुलाई को हुई जिलाधिकारी के साथ बैठक में आश्वासन दिलाया था कि 30 जुलाई तक किसानों को गन्ने का बकाया भुगतान कर दिया जाएगा। किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी दानवीर सिंह, चौधरी रामपाल सिंह, जिला अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह, मोहन सिंह बेनीवाल आदि रहे।



कलेक्ट्रेट में धरना देते किसान। ● अमृत विचार

● **समस्या का समाधान नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन**

## रहरा में फंदे पर लटककर महिला ने की आत्महत्या

**रहरा, अमृत विचार :** घरेलू कलह के चलते एक महिला ने फंदे पर लटककर आत्महत्या ली। परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

मामला रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी 50 वर्षीय महिला का अपने बेटे से दो दिन पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इस बीच गुस्साई महिला रविवार शाम घर से गायब हो गई। परिजनों ने उसे तलाश भी किया, लेकिन महिला नहीं मिली। मंगलवार सुबह गांव निवासी किसान खेत पर काम करने गए थे। इसी बीच उन्होंने महिला को उसकी साड़ी के बने फंदा पर पेड़ के सहारे लटका देखा। इसके बाद ग्रामीण ने शोर मचा दिया। परिजन व ग्रामीण मौके पहुंच गए। फंदे से शव उतारा और पुलिस को बिना सूचना दिए ही अंतिम संस्कार कर दिया।

# आपूर्ति न मिलने पर किसानों ने बिजली घर में दिया धरना

संवाददाता, ढबारसी

● **अवर अभियंता ने जल्द समाधान कराने का दिया आश्वासन**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के किसानों को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं मिलने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने ढबारसी बिजली घर पर धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने धरनास्थल पर अवर अभियंता को बैठा लिया और आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त किया। तीन घंटे तक धरना चला।

धरनास्थल पर संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कुलदीप शर्मा ने कहा कि बिजली आपूर्ति समय से न मिलने के कारण किसानों में आक्रोश है। विद्युत निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के कारण बिजली आपूर्ति नहीं दी जा रही है। किसानों को तीसरे दिन भी तीन से चार घंटे बिजली मिल पा रही है। उन्होंने बिजली कर्मचारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि सुविधा शुल्क लेकर कुछ फीडरों से विद्युत आपूर्ति की जाती है। बिजली न मिलने से धान फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। इससे फसल सूख रही है। इसे लेकर किसान परेशान हैं। बिजलीघर पर तैनात कर्मचारियों के फोन स्विच ऑफ रहते हैं। बिजलीघर पर धरने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अवर अभियंता सूर्यकांत भारद्वाज ने किसानों को समस्याओं का जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान हरीश, चौधरी काविन्द्र सिंह, जिला अध्यक्ष संभल, रतन सिंह प्रधान, रामपाल, दिलीप शाह, नानक कश्यप, किरणपाल, रविंद्र यादव, फरमान अली आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल की सजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** मंडी धनौरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग का अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी को न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 37000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। क्षेत्र के एक गांव निवास व्यक्ति की नाबालिग बेटी का अपहरण करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पैरवी की। मंगलवार को कोर्ट ने मामले में अंतिम सुनवाई कर दोषी को 20 साल की सजा सुनाई।

### गैंगस्टर के दोषी को पांच वर्ष की सजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना पुलिस ने जीशान के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी। इस मामले में न्यायालय ने दोषी को पांच वर्ष सात माह 19 दिन की सजा सुनाई है। 5000 रुपये का अर्थ दंड से भी लगाया। नौगांवा सादात थाना पुलिस ने गजरौला के गांव कसेरवा निवासी जीशान के खिलाफ गई गुंडा एक्ट की कार्रवाई में न्यायालय में पैरवी करते हुए उसे सजा दिलाने में न्यायालय का सहयोग किया। पुलिस की पैरवी को देखते हुए न्यायालय ने दोषी को सजा सुनाई। बताया कि दोषी इस समय जेल में है।

### खून जांच की फर्जी रिपोर्ट बनाने पर दंपति का हंगामा

**गजरौला, अमृत विचार :** खून जांच की फर्जी रिपोर्ट बनाने का आरोप लगाते हुए दंपति ने लैब के बाहर हंगामा किया। शुगर की जांच में भी फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। दंपति ने सीएमओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शहर में मोहल्ला बस्ती निवासी मंजू व उसके पति सुभाषचंद ने मंगलवार को एक पैथोलॉजी लैब में शुगर की जांच कराई। आरोप है कि लैब संचालक ने जांच रिपोर्ट में फर्जीवाड़ा कर दिया। मंजू की शुगर की जांच पॉजिटिव आई। जबकि उसके पति की जांच को निगेटिव दिखा दिया। सुभाषचंद को काफी समय से शुगर है। वह इसकी दवा भी खा रहे हैं। महिला ने अपनी जांच दूसरी लैब पर कराई। जहां उसकी जांच निगेटिव आई। इस बात को लेकर महिला व उसके पति ने जांच में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। लोगों ने दंपति को शांत कराया।



समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता का सम्मान करते अध्यापक।

### समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी को दी विदाई

**रहरा, अमृत विचार :** चंदनपुर खादर में स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विदाई समारोह में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्यों ने खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता की विदाई दी। नवांगतुक खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार का स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता का डेढ़ वर्ष का कार्यकाल बहुत ही शानदार रहा है। उन्होंने विभागीय योजनाओं को क्रियान्वित करने के साथ शिक्षकों के संग अच्छा कार्य किया। ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने कहा कि निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यकाल अच्छा रहा। उन्होंने अपने कार्यकाल में ब्लॉक को बेसिक शिक्षा विभाग में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अनेक कार्य किए हैं। ब्लॉक को निपुण घोषित कराने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस दौरान अनिल कुमार, वैभव गुप्ता, जयवीर सिंह, गौरव नागर, देवेंद्र शर्मा, डॉ. विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### छेड़खानी का विरोध करने पर मां-बेटी को पीटा

**अमरोहा, अमृत विचार :** छेड़खानी का विरोध करने पर युवक ने मां–बेटी को मारा पीटा और घर में घुसकर शीशे का समान तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने पड़ोसी युवक पर आरोप लगाया कि सोमवार रात उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से बाजार जा रही थी। तभी युवक ने उसके साथ अश्लील छेड़खानी की। इसका विरोध किया, तो युवक ने मां–बेटी के साथ मारपीट की और घर में घुसकर तोड़फोड़ की। इस मामले में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सवारियों को लेकर टेंपो चालकों ने किया हंगामा

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** अलीगढ़ मार्ग पर रहरा में सवारियों को लेकर डग्गामार टेंपो चालकों ने घंटों तक हंगामा किया। सवारी बैठाने को लेकर मारपीट होने की स्थिति बन गई। आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। क्षेत्र में डग्गामार टेंपो व वाहनों का संचालन बढ़ रहा है। थाना प्रभारी रमेंश सहरावत बताया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान हाईवे पर टेंपो चालकों ने यातायात प्रभावित कर दिया। इससे परिवहन विभाग की सहमति पर कार्रवाई की जाएगी।



हंगामा करते चालक।

### चारा काटने के विवाद में मां-बेटे को पीटा, घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव लोहारी भूड़ निवासी आशा देवी पत्नी अशोक ने पशुओं के लिए अपने खेत में चारा बो रखा है। इसे गांव के ही कुछ लोग काटना चाहते थे। आशा अपने पुत्र कांवेद्र के साथ सोमवार शाम खेत में चारा काट रही थी, तभी गांव के लोग वहां आ गए और चारा काटने से मना करने लगे। इस बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोपियों ने मां–बेटे पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इससे दो घायल हो गए। घायल कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया।

## युवक की टांगों में चाकू मारकर किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** बदमाशों ने खेत से आ रहे युवक की टांगों में चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। घर से जेवर न लाने पर जान से मारने की धमकी दे दी। युवक घर से ले जाकर उन्हें आभूषण दे आया।

मनौटा पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बसीकला में बदमाश बेखौफ हैं। गांव निवासी शाहबाद पुत्र मासूम अली सोमवार शाम अपने खेत से घर आ रहा था। इस दौरान उसे जंगल में छह बदमाश मिल गए। वे उसे पकड़कर पीटने लगे। बदमाशों ने उसकी टांगों में चाकू मार कर उसे घायल कर दिया। उससे घर से सामान लाने के लिए कहा और ऐसा न करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इससे युवक सहम गया। बताया कि युवक घर पहुंचा और किसी को कुछ बिना बताए बदमाशों को घर में रखे जेवर लाकर दे दिए। परिवार के लोगों ने शाहबाद की टांगों में लगी चोटों के निशान देखे तो इससे पूछताछ की।

# बढ़ने लगे शिवभक्त, क्षेत्र में माहौल हुआ शिवमय

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में अब हरिद्वार से कावंड़ और गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों की संख्या बढ़ने लगी है। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या से नगर का माहौल शिवमय हो गया और हर ओर बम-बम भोले के जयकारे गूंजने लगे हैं। शिव भक्त भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए अपनी मंजिल की ओर चल रहे हैं।

सड़कों पर केसरिया वस्त्र धारण कर कांवड़िये मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। बम-बम भोले और महादेव के जयकारे वातावरण में गूंज रहे हैं। भजनों पर भोले थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में बम-लहरी गूंज रही है। हर कोई भोले की भक्ति में लीन है। मानों, यहां की सड़कों पर आस्था लहरा रही है। दो अगस्त को सावन मास की शिवरात्रि है। इसलिए हरिद्वार और बृजघाट से कांवड़िये जल लेकर शिवालयों की ओर बढ़ रहे हैं। मंगलवार को गजरौला एवं रहरा मार्ग पूरी तरह से कांवड़ियों के कब्जे में रहा। महिलाएं भी भगवान भोले की भक्ति में शामिल हो रही हैं।

मंजिल की ओर बढ़ने वाले शिवभक्तों के लिए सड़क किनारों पर स्वागत शिविर भी सज गए हैं। पुलिस भी अलर्ट है और सुरक्षा के साथ कांवड़ियों को मंजिल की ओर रवाना करने में जुटी है।



हसनपुर में कांवड़ लेकर जाते भोले के भक्त। ● अमृत विचार



गजरौला में कांवड़ लेकर जाते कांवड़िये। ● अमृत विचार

### हाईवे पर गूंज रहे हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे

**गजरौला, अमृत विचार :** सावन में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये हरिद्वार व बृजघाट से जल भरकर अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। कांवड़ियों के जत्थों के साथ चल रहे डीजे पर भगवान शिव के भजन बज रहे हैं। सावन माह की शिवरात्रि दो अगस्त को है। भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार व बृजघाट से जल भरकर लौट रहे हैं। सुंदर व आकर्षक कांवड़ मन को लुभा रही हैं। हर कोई भगवान शिव की भक्ति में डूबा हुआ है। हर–हर महादेव और बम–बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस जगह–जगह तैनात है। इंदिरा चौक से वाहनों को डायवर्ट करके भेजा जा रहा है। हाइवे की एक लेन पर कांवड़ियों का आवागमन हो रहा है जबकि दूसरी लेन में हल्के वाहन चल रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह लगातार हाईवे व धनौरा मार्ग का भ्रमण करके कांवड़ियों के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इसके अलावा सुरक्षा में तैनात पुलिस बल सतर्क है।

**समस्या** उपभोक्ता बोले– 48 घंटे में 5–6 घंटे ही मिल रही है विद्युत आपूर्ति, जिम्मेदारी बरत रहे लापरवाही

# नगर में बिजली आपूर्ति बाधित, गर्मी में लोग बेहाल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के बिजली घर की क्षमता वृद्धि के लिए 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा गया था। इसको लेकर विद्युत निगम के अधिकारियों ने सोमवार सुबह नौ बजे से रात्रि 9 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद करने की बात कही गई थी, लेकिन 48 घंटे बाद भी नगर में विद्युत आपूर्ति नहीं आई। उपभोक्ताओं के अनुसार 48 घंटे में मात्र 5-6 घंटे ही विद्युत आपूर्ति मिल पाई है। भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति न मिलने के कारण घरों में रहना दुश्वार हो गया है। विद्युत उपकरण शोपीस बन गए हैं।

नगर के कुछ मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से न मिलने के कारण पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। हालांकि पेयजल की समस्या के निस्तारण के लिए पालिका प्रशासन ने जनरेटर का इंतजाम कर सप्लाई दी। विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि टेक्निकल इंजीनियरों की देखरेख में 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा गया है। जल्द ही नगर में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से मिलेगी। उधर, विद्युत निगम ने बिजली समस्याओं की जानकारी के लिए सोशल मीडिया पर पावर हाउस हसनपुर के नाम से एक ग्रुप बना रखा है। इसमें नगर के काफी उपभोक्ता जुड़े हुए हैं, लेकिन ग्रुप में उपभोक्ता द्वारा जानकारी करने के बाद भी विद्युत निगम का कोई अधिकारी जानकारी उपलब्ध नहीं कराता है।



"हसनपुर नगर में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। पिछले सप्ताह सोमवार को एक आंदोलन हुआ था। इसके बाद बिजली के हालात कुछ सुधारे। लेकिन ट्रांसफार्मर बदलने के कारण 30 घंटे बिजली बंद रही। इसमें लोग परेशान हो गए। लोग विभाग के विरुद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।"

**– मुकेश गुप्ता, प्रदेश महासचिव व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान**



"हसनपुर में विद्युत निगम के अधिकारी और कर्मचारी संवेदनहीनता, संवादहीनता और प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। जनता के अधिकारों का निरंतर हनन किया जा रहा है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री को राष्ट्रीय लोकदल की ओर से पत्र लिखा जाएगा।"

**– मुजाहिद चौधरी एडवोकेट, क्षेत्रीय महासचिव, राष्ट्रीय लोकदल रूहेलखंड क्षेत्र**



"नगर में विद्युत आपूर्ति पूरी तरीके ठप हो गई है। अधिकारी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति न मिलने से बच्चों का बहुत बुरा हाल है। जहां सरकार सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति देने की बात कहती है। अधिकारियों की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है।"

**– पंडित रविशंकर शर्मा, एडवोकेट**



"हसनपुर नगर की विद्युत आपूर्ति ठप है। कभी रोस्टिंग तो कभी फाल्ट के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति के विषय में जानकारी करते हैं तो वह फोन नहीं उठाते हैं जिससे नगर के उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है।"

**-पं. राजीव शर्मा, पूर्व महासचिव तहसील बार एसोसिएशन**

# 10 गांवों को जोड़ने वाला मार्ग जर्जर

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं से भारापुर माफी को जाने वाला मुख्य मार्ग एक वर्ष से जर्जर है। सड़क बनवाने के लिए ग्रामीण ग्राम प्रधान व प्रशासन से मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद अधिकारी उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मार्ग पर आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है। गांव स्थित स्कूल के छात्र भी परेशान हैं। आये दिन स्कूली बच्चे जर्जर सड़क पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

लोगों का कहना है कि सड़क की जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। गांव के ही शिक्षक सुभाष ने बताया कि एक वर्ष से सड़क जर्जर हालत में है। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रिश्तेदारों ने गांव भी आना छोड़ दिया है। वे कहते है कि ऐसी जर्जर सड़क से हालत खराब हो जाती है। जब गांव की सड़क सही हो जाएगी तो वह उनके यहां आएंगे। गांव के ही शिवम ने बताया कि स्कूल आने जाने के लिए इस सड़क से निकलना पड़ता है। लेकिन सड़क पर गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। जर्जर सड़क पर हुए गड्ढों में बारिश का पानी भर जाता है। यह मुख्य मार्ग भारापुर माफी, खेड़की, ढकिया भूड़ समेत 10 गांवों को जोड़ता है।



ऐसी है भारापुर माफी के मुख्य मार्ग की हालत। ● अमृत विचार

**अनदेखी**

● **स्कूली बच्चे क्षतिग्रस्त सड़क पर गिरकर हो रहे हैं चोटिल**

● **लोग बोले- शिकायत के बाद भी नहीं सुन रहे जिम्मेदार**

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period
Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

खोया-पाया
मेरा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा प्राथमिक स्तर का अनुक्रमांक 1211105832 तथा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा उच्च प्राथमिक स्तर का अनुक्रमांक 1222311729 के प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गये है। अरूनिका सिंह पत्नी श्री दीपक सिंह निवासी विनोद कुमार देव विहार कालोनी निकट के.जी.के. होम्योपैथिक कालेज लाइनपार मुरादाबाद।

खोया-पाया
मेरा वर्ष 2001 का बी टी सी प्रमाण पत्र क्रमांक संख्या 53064 व अनुक्रमांक नंबर 3349 वास्तव में कहीं खो गया है । सुनीता रानी ।

## एक नजर

### एमएबीबीए व बीएएमएस की परीक्षा 9 केंद्रों पर होगी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएबीबीएस, बीएएमएस, बीडीएस, बीएससी पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की मुख्य व पूरक परीक्षा और एमएससी बायोटेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए हैं। परीक्षा के लिए एलएलएम विभाग विश्वविद्यालय परिसर, एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, राजेंद्र प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मीरगंज, ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज पीलीभीत, राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूं, जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर, केजीके कॉलेज मुरादाबाद, वर्धमान कॉलेज बिजनौर, रमाबाई आंबेडकर महाविद्यालय गजरौला में केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 18 कॉलेजों के छात्रों की परीक्षा होगी। 6 अगस्त से परीक्षा शुरू होगी।

### दो बाइक चोर किशोर गिरफ्तार, 8 बाइक बरामद

**बरेली, अमृत विचार :** थाना प्रेमनगर पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले दो किशोरों को पकड़ा है। उनके पास से चोरी की आठ बाइक बरामद की हैं। पुलिस ने दोनों को बाल सुधार गृह भेज दिया है। 27 जुलाई को दातागंज के लक्ष्मीनगर के ओमेंद्र पाठक, 28 जुलाई को प्रेमनगर के अरुण, संजीव साहनी और 29 जुलाई को तुलाशेरपुर इज्जतनगर के गौरव कुमार की बाइक चोरी हुईं थीं। पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो किशोरों को पकड़ा है और उनके पास से आठ बाइक बरामद की हैं। आरोपी महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी की बाइक को पांच से 10 हजार रुपये में बाइक बेच देते थे।

### बरेली कॉलेज में छात्र के साथ मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में मंगलवार को डीएसडब्ल्यू कार्यालय के पास बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र के साथ एक छात्र संगठनों के सदस्यों ने मारपीट की। संगठन का आरोप था कि वह एक छात्रा का पीछा करता है, जबकि छात्र ने इससे इन्कार किया। छात्र एनसीसी भी कर रहा है। छात्र की पिटाई पर दूसरे संगठन ने विरोध किया। इसके बाद मामला चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे के पास पहुंचा। उन्होंने छात्रा को भी बुलाया लेकिन छात्रा ने पीछा करने की बात से इन्कार कर दिया। हालांकि बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# लापता महिला की हत्या कर खेत में फेंका शव

## दुष्कर्म की आशंका, मायके वालों ने पति और उसके साथियों पर लगाया आरोप, फोन पर बात करते हुए घर से चली गई थी बाहर

संवाददाता, विजय नगला/ बिनावर (बदायूं)

**अमृत विचार :** महिला मायके से लापता हो गई। मंगलवार को उसका शव घर के पास खेत में मिला। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे। दोनों पैर बंधे हुए थे। जिससे महिला के साथ दुष्कर्म की आशंका व्यक्त की जा रही है।

थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। उसके भाई के अनुसार घर में एक कार्यक्रम के लिए 25 जुलाई को मायके बुलाया गया था। पति महिला को मायके में छोड़कर गया था। जिसके बाद 28 जुलाई की रात महिला के मोबाइल नंबर पर उसके पति का फोन आया था और बात करते हुए घर के बाहर चली गई थी। महिला काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो मायका पक्ष को लगा था कि पति उसे बुलाकर साथ ले गया होगा। अगले दिन पता चला कि महिला ससुराल में नहीं है। उसके


परिजनों से जानकारी करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह व अन्य।

> महिला का शव एक खेत में मिला था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। महिला के पति की तलाश की जा रही है।
> **- आलोक मिश्रा, सीओ सिटी**

पति से जानकारी की तो उसने कहा कि वह भी पत्नी की तलाश कर रहा है। अगले दिन सुबह कुछ ग्रामीण खेत पर काम करने जा रहे थे। उन्होंने महिला के घर के पास जमुना प्रसाद के बाजरे के खेत किनारे मेड़ पर महिला का शव देखा। जो लापता महिला का था। उसके दोनों पैर बंधे हुए थे। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित कुमार श्रीवास्तव ने मौका मुआयना किया और परिजनों से बात की। परिजनों ने बताया कि महिला का पति और उसके दोस्त संदिग्ध हैं। पति ने महिला को घर से बाहर बुलाया होगा और अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की होगी। महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त मिलने के चलते दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है।

## पत्नी को छत से फेंका, फिर ईंट से कूंचा सिर

संवाददाता, कुंवरगांव (बदायूं)

**अमृत विचार :** पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद में पुलिस ने सोमवार को समझौता कराके थाने से दंपति को घर भेजा। उसी रात दोनों में ऐसी तकरार हुई कि पति ने पत्नी को छत से फेंक दिया। बाद में चेहरे को ईंट से कूंच दिया जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।


नाजिमा।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बनगढ़ निवासी शमीम दिल्ली में नौकरी करता था। पहली पत्नी की मौत के बाद उसने थाना वजीरगंज के पुसगवां निवासी रियाज की तलाकशुदा बेटी नाजिमा से दूसरी शादी की। कुछ दिनों बाद से दोनों में विवाद होने लगा। आरोप है कि शमीम एक लाख रुपये मांग रहा था। उत्पीड़न से परेशान हो नाजिमा ने 12 जुलाई को एसएसपी और आइजीआरएस पर शिकायत की थी। पुलिस ने सोमवार को शमीम और नाजिमा को थाने बुलाया और लिखित में समझौता करा दिया। पति-पत्नी गांव चले गए। सोमवार रात उनमें किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। गुस्साये शमीम ने नाजिमा को छत से फेंक दिया। इसके बाद नीचे आया और पत्नी को जिंदा देख पीटना शुरू कर दिया। ईंट से उसके चेहरे पर कई वार किए। शोर सुनकर ग्रामीण आए तो भाग खड़ा हुआ। ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने मौका मुआयना कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। नाजिमा को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर आने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## सार संक्षेप

### बिजली के जर्जर तार बदलवाए जाएं : भाकियू

**बिलारी, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन दिया। मंगलवार को भाकियू पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि किसानों का चीनी मिल पर 40 करोड़ रुपये बकाया है। इसे शीघ्र दिलाया जाए, बिजली के जर्जर तार बदले जाएं, ग्रामीण क्षेत्रों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिले, छुट्टा पशुओं को पकड़वाया जाए, किसानों की खतौनी में अंश व नाम के संशोधनों को तहसील में शिविर लगाकर सुधरवाया जाए। कहा कि यदि दो अगस्त तक समस्या का समाधान नहीं होता है तो तीन अगस्त से प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस बीच ज्ञापन देने वालों में मनोज चौधरी, दीपक चौधरी, शुभम राठी, रणवीर यादव, मजीद खान, प्रेमपाल सिंह, राजू चौहान, राजबहादुर सिंह, अंतराम सिंह, रागिब चौधरी, माजिद हुसैन, अनीश अहमद आदि रहे।

### युवती को ले जाने के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव से एक युवती को बहलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। युवती के पिता ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि 25 जनवरी की शाम छह बजे सरफराज पुत्र सत्तार निवासी हसनपुर अमरोहा उसकी बेटी को फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया। पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



एसडीएम को गुलदस्ता भेंट करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाजपाइयों ने एसडीएम को क्षेत्र की समस्याएं बताईं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी मनी अरोड़ा का स्वागत किया। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को मण्डल ठाकुरद्वारा देहात की विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी। भाजपा के प्रतिनिधिमण्डल में मण्डल अध्यक्ष अखिलेश विश्नोई, मण्डल मंत्री शरद कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष इंतजार हुसैन, विधानसभा क्षेत्र संयोजक जितेंद्र सिंह, सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे ।

### खेत में काम कर रहे पिता-पुत्र को पीटकर किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नगलिया जट में खेत में काम करने के दौरान पिता-पुत्र को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ितों की तहरीर पर दो नामजद व एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बिलारी के गांव नगलिया जट निवासी विनोद पुत्र महेंद्र सिंह का बेटा प्रशांत 29 जुलाई को अपने खेत में पानी चल रहा था। तभी गांव का चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू व खाबरी अव्वल का सूर्या व एक अज्ञात व्यक्ति ट्यूबवेल पर पहुंचे। उन्होंने प्रशांत से गाली गलौज और मारपीट की। शोर सुनकर जब महेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। बाद में सभी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# मेरिट में शामिल छात्रों ने पहले नहीं लिया प्रवेश, अब लगवा रहे सिफारिश

- बरेली कॉलेज में प्रवेश सेल के पास कई विद्यार्थियों की सिफारिशें पहुंचीं
- मेरिट में शामिल छात्रों के प्रवेश न लेने पर दूसरी मेरिट जारी कर लिए गए प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीए और बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष में प्रवेश पूरे हो गए हैं। बीए की चार और बीएससी जीव विज्ञान की पांच मेरिट निकाली गईं। इसके बाद भी कई विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए मंत्री और विधायकों की सिफारिशें पहुंच रही हैं। इन विद्यार्थियों का कहना है कि उनका मेरिट में नाम था लेकिन किसी वजह से प्रवेश नहीं ले सके, जबकि किसी भी मेरिट में शामिल छात्र के निर्धारित समय में प्रवेश न लेने पर दूसरी मेरिट जारी कर प्रवेश लिए जाते हैं। कॉलेज की प्रवेश सेल ने मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए एक दिन का अतिरिक्त समय भी दिया था। इसके अलावा शुल्क जमा न होने की समस्या के लिए सेमिनार कक्ष में समाधान भी किया गया। वहीं स्नातक में कॉलेज में अब सिर्फ बीएससी गणित और बीकॉम की सीटें रिक्त रह गई हैं। इनमें द्वितीय चरण में पंजीकरण कराने वाले छात्रों के प्रवेश हो रहे हैं।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष में बीए और बीएससी जीव विज्ञान में मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए गए हैं। एक मेरिट में प्रवेश के लिए निर्धारित समय दिया गया। इसके बाद सीटें रिक्त रहीं तो दूसरी मेरिट जारी की गई। अब सीटें फुल हो गई हैं। वहीं परास्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। एलएलबी में प्रवेश के लिए भी पंजीकरण शुरू हो गए हैं।

## कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश पंजीकरण की तिथि बढ़ी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परिसर में संचालित बीटेक समेत कई डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। इन पाठ्यक्रमों में अभी सीटें रिक्त रह गई हैं।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक बीटेक प्रथम वर्ष तृतीय चरण और द्वितीय वर्ष द्वितीय चरण (लेटरल एंट्री), फ्रेंच, जर्मन, मेंडरिन, स्पेनिश के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों और इंग्लिश फॉर बिजनेस सर्टिफिकेट इन कम्युनिकेटिव स्किल आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश पंजीकरण अब 8 अगस्त तक होंगे। सभी पाठ्यक्रमों में 10 मई से प्रवेश पंजीकरण शुरू हुए थे। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मल्टीलिंगुअल स्टडीज, मानविकी विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता त्यागी ने बताया कि डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में 8 अगस्त तक पंजीकरण होंगे।

# पल्लेदार का फंदे पर लटका मिला शव, चार पर रिपोर्ट

- परिजनों ने सड़क पर शव रख कर किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र के खुर्रम गौंटिया में 40 साल के पल्लेदार का शव प्लॉट में पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटका मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए ईसाइयों की पुलिया के पास सड़क पर शव रखकर हंगामा किया। पुलिस ने भाई की तहरीर पर पल्लेदार की पत्नी समेत चार लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदा लगाने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

खुर्रम गौंटिया निवासी हरिमोहन राजपूत (40) ने 12 साल पहले मोहल्ले की रहने वाली हेमा से प्रेम विवाह किया था। दोनों में आए दिन विवाद होता रहता था। भारत राजपूत ने बताया कि हरिमोहन की पत्नी हेमा, हेमा के भाई सुमित यादव, राजीव यादव और दो अज्ञात लोगों ने उनके भाई को प्रताड़ित किया। सभी ने हेमा यादव के दुपट्टे से उनके भाई हरिओम के गले में फंदा डालकर उसकी हत्या कर दी और घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर एक प्लाट में शव पेड़ से लटका दिया। मंगलवार सुबह 7 बजे शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद नाराज लोगों ने ईसाइयों की पुलिया के पास शव सड़क पर रखकर हंगामा किया। लोग पल्लेदार की पत्नी और उसके भाई की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। पुलिस ने मौके पर लोगों को समझाकर शांत किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बनभूलपुरा हिंसा के आरोपियों ने उप कारागार में में रची साजिश

- दो लोगों के बीच विवाद को साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दो लोगों के बीच हुए विवाद को उप कारागार में साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई। बनभूलपुरा हिंसा के आरोपियों व एक युवक के बीच हुई तीखी नोकझोंक के बाद से साजिश रची गई और इसका शिकार एक बंदी रक्षक हुआ। हिंसा के आरोपियों के आरोप पर जेल प्रशासन ने बंदी रक्षक से स्पष्टीकरण मांगा है।

जेल प्रशासन के मुताबिक सोमवार को बनभूलपुरा हिंसा के कुछ आरोपी व एक अन्य मामले का आरोपी जेल परिसर में खड़े थे। बनभूलपुरा हिंसा का आरोपी दीवार पर हाथ रखकर खड़ा था। तभी पड़ोस में खड़े दूसरे मामले के आरोपी ने यह कह दिया कि बदबू आ रही है, हाथ नीचे कर लो। इसी बात पर दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हो गई। जानकारी मिलते ही बंदी रक्षक मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे तक गहमागहमी का माहौल रहा और डांट-डपट कर सभी को अलग कर दिया गया। मामला जेल अधीक्षक तक पहुंचा तो मामले को साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई। बनभूलपुरा हिंसा के आरोपियों ने आरोप लगाया कि जेल के नाई ने उनकी दाढ़ी काट दी। जबकि उससे दाढ़ी काटने को नहीं कहा था। वहीं खड़े अन्य मामले के आरोपी ने दाढ़ी जल्दी बनाने को लेकर उससे बदसलूकी की और बंदी रक्षक ने उनसे अभद्र भाषा में बात की। हालांकि जब मामले में सभी लोगों से अलग-अलग पूछताछ की गई तो मामला साफ हो गया।

# सीएम राहत कोष चेक प्रकरण के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष से मिले पांच हजार रुपये आर्थिक सहायता चेक में तीन हजार की दलाली मांगने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने प्रकरण से जुड़े मुख्य आरोपी सहित उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है और कई अहम सबूत भी एकत्रित किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

मंगलवार को खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके और सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला था कि आर्थिक सहायता के पात्र व्यक्ति भगवान दास से जावेद नाम के युवक ने तीन हजार रुपये की कमीशन मांगी और 20 हजार का चेक भी दिलाने का वादा किया था। जिसका ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने राजस्व उपनिरीक्षक प्रकाश रावत की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया और मामले की जांच शुरू कर दी।

प्रकरण में मिले सबूतों व सीडीआर के बाद पता चला कि वार्ड-छह जगतपुरा आवास विकास निवासी जावेद और गोल मढैया ट्रांजिट कैंप निवासी सुरजीत शर्मा दोनों मिलकर ट्रेवल्स व ट्रांसपोर्ट में कमीशन खोरी का काम करते हैं और लंबे समय से दोस्त भी हैं। इसी दौरान दोनों ने मिलकर आर्थिक सहायता चेक में कमीशन लेने का धंधा शुरू कर दिया। जांच में पता चला कि सुरजीत शर्मा भोले भाले व निरक्षर लोगों को चिह्नित करता और जावेद से मिलाकर कमीशनखोरी करते।

### तहसील के इर्द-गिर्द घूमते थे आरोपी

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** खुलासे के दौरान पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी जावेद और सुरजीत शर्मा अक्सर तहसील के इर्द-गिर्द ही घूमते रहते थे। जब कोई गरीब व्यक्ति आर्थिक सहायता चेक संबंधी तहसील कार्यालय आता तो सुरजीत बातों में उलझा कर कमीशन तय करता और जावेद से मिलाता था। बताया जा रहा है कि जावेद की तहसील में अच्छी खासी जान पहचान है। फिर दोनों फार्म भरकर लाभार्थी को देते थे और लाभार्थी को अपने जाल में फंसाया करते थे।

### स्वीकृत चेक की नहीं होती जानकारी

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** जब आवेदक या लाभार्थी तहसील के इर्द-गिर्द चक्कर लगाते थे तो उस वक्त दोनों आरोपी आवेदक की पत्रावलियां पढ़ कर यह तो आइडिया लगा लेते थे कि आवेदन द्वारा कितनी आर्थिक सहायता मांगी है, लेकिन यह आइडिया नहीं लगा पाते थे कि सीएम विवेकाधीन राहत कोष से कितने धनराशि का चेक स्वीकृत हुआ है। लाभार्थी प्रकरण में जावेद को अंदाजा था कि 50 हजार की धनराशि स्वीकृत हुई होगी। तभी तीन हजार कमीशन मांगा, लेकिन जब पांच हजार का चेक मिला तो बीस हजार रुपये का चेक और आने का प्रलोभन दिया गया।

### पुलिस गुंडा एक्ट की कार्रवाई करेगी

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** जिस प्रकार जावेद व सुरजीत शर्मा ने सीएम राहत कोष के लाभार्थी से तीन हजार की कमीशन मांगी और पुलिस ने गिरफ्तारी की। उसके बाद पुलिस आरोपियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर सकती है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि प्रकरण में तीन से चार लोगों से कमीशन मांगने की बात सामने आई है। यदि पीड़ित सामने आते हैं और शिकायती पत्र देते हैं तो पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई करेगी।

**तैयारी** उपभोक्ताओं के 2जी और 3जी सिम को किया जा रहा निशुल्क अपग्रेड

# बीएसएनएल ने शुरू की 4 जी की टेस्टिंग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** निजी टेलीकॉम कंपनियों के रिचार्ज महंगे होने के बाद भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के उपभोक्ता लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसको देखते हुए बीएसएनएल ने भी उपभोक्ताओं को 4 जी की सेवा देने की तैयारी जोरशोर से शुरू कर दी है। इसके लिए 4 जी की टेस्टिंग की जा रही है। इसके अलावा उपभोक्ताओं के 2 जी और 3 जी सिम को निशुल्क 4जी में अपग्रेड किया जा रहा है।

ऊधमसिंह नगर जनपद में 2जी और 4जी के करीब 70 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं को पिछले लम्बे से 4 जी सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा था, लेकिन अब बीएसएनएल ने उपभोक्ताओं को बेहतर कनेक्टिविटी और नेटवर्क देने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए बीएसएनएल की तकनीकी टीम ने बेहतर नेटवर्किंग के लिए 4 जी की टेस्टिंग शुरू कर दी है।

इसके अलावा उपभोक्ताओं के 2 जी और 3 जी सिम को निशुल्क 4जी में अपग्रेड किया जा रहा है। उपभोक्ताओं से बीएसएनएल कार्यालय पहुंचकर अपग्रेड कराने की अपील की जा रही है। इसके अलावा उपभोक्ताओं से संपर्क कर सिम को 4जी में अपग्रेड कराने के लिए सूचना भी दी जा रही है।

बीएसएनएल अधिकारियों की कोशिश है कि 15 अगस्त तक सभी सिम धारकों को 4जी में अपग्रेड कर दिया जाए। ताकि सभी को बेहतर कनेक्टिविटी के साथ नेटवर्क की सुविधा मिल सके।

### जहां कनेक्टिविटी नहीं वहां टावर लगाने की तैयारी

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** बीएसएनएल अधिकारियों के अनुसार निजी टेलीकॉम कंपनियों के रिचार्ज महंगे होने के बाद उपभोक्ताओं ने एक बार फिर से बीएसएनएल पर भरोसा जताया है। इसके साथ ही लगातार बीएसएनएल उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इसके देखते ही कंपनी ने भी ऐसे स्थानों पर टावर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। जहां लोगों को बेहतर नेटवर्क नहीं मिल पा रहा है।

> जनपद के 2 जी और 3 जी उपभोक्ताओं को बेहतर कनेक्टिविटी और नेटवर्क देने के लिए उनके सिम को निशुल्क 4जी में अपग्रेड किया जा रहा है। इसके लिए उपभोक्ताओं के मोबाइल में मैसेज के साथ कॉल भी की जा रही है। ताकि 15 अगस्त तक अपग्रेड की प्रक्रिया पूरी हो सके। इसके अलावा जनपद में उपभोक्ताओं को 4 जी का लाभ देने के लिए टेस्टिंग भी की जा रही है।
> **-अरुण छावड़ा, एसडीओ, रुद्रपुर कार्यालय**

## टेंपो में सवार लोगों पर किया हमला

**काशीपुर, अमृत विचार :** धान लगाकर घर लौट रहे टेंपो सवार महिला व पुरूषों को रास्ते में रोककर छह लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने टेंपो भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

कचनालगाजी निवासी रामबाबू उर्फ अमित ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती 27 जुलाई की शाम पीरूमदारा में धान लगाकर अपने टेंपो से घर आ रहा था। तभी एसआरएफ पुलिया के पास हैप्पी व हरमन ने रास्ते में रोककर मारपीट की। इसके बाद दोनों पक्षों का मामला शांत हो गया। उसके बाद जब वह अपने घर जा रहे थे, तभी चक्की के सामने हैप्पी, हरमन, दीपू, अभय, टौनी व बलबीर आदि ने दोबारा रोककर उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें टेंपो में बैठी रेखा देवी का हाथ टूट गया, जबकि नरोतम के सिर पर गहरी चोट आईं। वहीं पीड़ित के सिर पर भी गहरी चोट है।

### तेंदुए ने दिनदहाड़े युवक पर किया हमला

**रानीखेत, अमृत विचार :** नगर से सटे ग्राम सभा खनिया में आज तेंदुए ने एक ग्रामीम पर हमलाकर घायल कर दिया। ग्रामीण ने भी गुलदार से मुकाबला किया और बामुश्किल अपनी जान बचाई। आज मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे ग्राम सभा खनिया में तेंदुए ने पम्प ऑपरेटर धीरज कुमार पर हमलाकर दिया। अपने बचाव में धीरज कुमार ने भी तेंदुए से मुकाबला किया और बमुश्किल जान बचाकर भागा। घायल धीरज के पैर में घाव हैं। वन क्षेत्र अधिकारी तापेश मिश्रा ने बताया कि धीरज कुमार जो पंप ऑपरेटर है उसका दोपहर समय गुलदार से आमना-सामना हो गया। और वह घबराकर नीचे की ओर गिर गया। जिससे उसके पांव में चोट आ गई। सूचना मिलने पर वन दरोगा राजन व क्षेत्रीय लोग युवक को नागरिक चिकित्सालय ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोग विभाग में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने का आवेदन कर सकते हैं। उच्च स्तर पर आदेश मिलने पर क्षेत्र में पिंजरा लगा दिया जाएगा। सुरक्षा के तहत ट्रैप कैमरे वह गश्त लगा दिया जाएगा।

### रामपुर की महिला की बिगड़ी हालत, मौत

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** रामपुर यूपी कोतवाली इलाके की रहने वाली एक महिला की अचानक हालत बिगड़ने पर रुद्रपुर जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से मोहम्मदपुर अहमदाबाद रामपुर यूपी व हाल निवासी ग्राम भगवानपुर कोलडिया निवासी पिकअप चालक पिंटू कुमार परिवार सहित किराए पर रहता है। बताया जा रहा है कि सोमवार की देर शाम को 28 वर्षीय पत्नी विमला देवी ने दोनों बच्चों के साथ खाना खाया और सोने चली गई। तभी अचानक उसकी हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में विवाहिता को रुद्रपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई रिंकू ने बहन की सास पर जहर देने का आरोप लगाया है। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि प्रथम दृष्टया जहर खाने से महिला की मौत की आशंका है। बावजूद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि होगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
BIU College of Pharmacy BIUCOP Bareilly Towards Professional Excellence

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
Faculty of Paramedical Sciences FOPS Bareilly Towards Professional Excellence

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# निदेशक पर्यटन सहित सृजित होंगे सौ नए पद

## कैबिनेट का फैसला: पर्यटक अधिकारी की जगह अब होंगे जिला पर्यटन अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कैबिनेट सहयोगियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार।** तेजी से बढ़ रही पर्यटन की संभावनाओं के मद्देनजर राज्य सरकार ने विभाग के संगठनात्मक ढांचे के पुर्नगठन का फैसला किया है। इससे जुड़े पर्यटन विभाग के प्रस्ताव को मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई। अब हर जिले में पर्यटन कार्यालय होगा और सभी जगह जिला पर्यटन अधिकारी या अपर जिला पर्यटन अधिकारी तैनात किए जाएंगे। निदेशक पर्यटन सहित कुल 100 पद सृजित होंगे।

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम के अनुसार निदेशक पर्यटन का एक पद सृजित होगा। इस पर विशेष सचिव स्तर के पीसीएस या आईएएस अधिकारी की तैनाती होगी। निदेशक पर्यटन (ईको टूरिज्म) का एक पद होगा, जिस पर उप वन संरक्षक स्तर के आईएफएस अधिकारी तैनात होंगे। अपर निदेशक का एक पद पदोन्नति से भरा जाएगा। जिला पर्यटन अधिकारी के 59 पद सृजित किए जाएंगे । इनमेंसे 50 फीसदी को सीधी भर्ती और बाकी को पदोन्नति से भरा जाएगा। वहीं, अपर जिला पर्यटन अधिकारी के 38 पद होंगे, जो पदोन्नति से भरे जाएंगे। इसके अलावा पर्यटन अधिकारी के एकल पद को उच्चीकृत कर लेवल-7 से लेवल-8 में लाया जाएगा। इसी तरह जिलों में तैनात पर्यटन सूचना अधिकारी के पद को भी उच्चीकृत कर लेवल-4 से लेवल-5 में लाया जाएगा। इसके अलावा पर्यटक अधिकारी के 17, सहायक पर्यटक अधिकारी के 13, महानिदेशक पर्यटन के वैयक्तिक सहायक, डॉक्यूमेंटेशन सहायक, फोटोग्राफर, कलाकार, प्रोजेक्ट ऑपरेटर, दफ्तरी के 1-1 सहित कुल 36 पदों को समाप्त किए जाने की स्वीकृति दी गई है। प्रदेश के पर्यटन कार्यालयों में 76 कंप्यूटर ऑपरेटर व 103 चतुर्थ श्रेणी को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखा जाएगा।

**लखनऊ में अशोक लीलैंड की फैक्टरी को लेटर आफ कम्फर्ट :** लखनऊ में बन रही अशोक लीलैंड की फैक्टरी को लेटर आफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा। इसके तहत कैपिटल सब्सिडी, स्टेट जीएसटी, विद्युत शुल्क में प्रतिपूर्ति और स्किल डेवलपमेंट पर प्रतिपूर्ति दी जाएगी। ये राशि लगभग 117 करोड़ रुपये है।

**1120 बसों की होगी खरीद :** कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को परिवहन निगम के बेड़े को सुदृढ़ीकरण के लिए 500 करोड़ रुपया व्यय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत बस फ्लीट में एक हजार डीजल बसें और 120 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी।

### नौ इकाइयों को 1000 करोड़ की सब्सिडी

कैबिनेट ने औद्योगिक विकास के लिए नौ इकाइयों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन भत्ते और सब्सिडी को मंजूरी दे दी। ये राशि लगभग 1000 करोड़ रुपये की है। इसके अतिरिक्त नोएडा में फूड पार्क बना रहे पातंजलि ग्रुप को दो साल का अतिरिक्त समय दिया गया है।वर्ष 2012 की औद्योगिक नीति के तहत 8 इकाइयों को प्रोत्साहन भत्ता देय था। उन्हें कुल 877 करोड़ रुपये दिए जाएंगे, जिसे कैबिनेट ने ही झंडी दे दी।

### पातंजलि को फूड पार्क के लिए अतिरिक्त समय

नोएडा में फूड पार्क बनाने के लिए पातंजलि को दो वर्ष का अतिरिक्त समय दिया गया है। फूड पार्क बनाने की समयसीमा 2023 में खत्म हो गई थी। कंपनी ने कहा था कि कोविड काल के कारण समय से फूडपार्क नहीं बन पाया। इस पर अतिरिक्त समय दिया गया है।

# वैवाहिक रिश्तों के लिए मनगढ़ंत दस्तावेजों को अनुमति नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- जाली विवाह प्रमाण पत्र जारी करने वाली संस्थाओं पर हाईकोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करने वाले संगठनों और सोसायटी के संबंध में तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि कई मामलों में देखा गया है कि वैध विवाह का दावा करने के लिए कुछ व्यक्तियों द्वारा विवाह पंजीकरण कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाता है। कई मामलों में न विवाह प्रमाण पत्र जारी करने वाला मौजूद होता है और न ही विवाह प्रमाण पत्र कानून के अनुसार विवाह रजिस्ट्रार के कार्यालय द्वारा जारी किया जाता है।





कोर्ट ने यह भी देखा कि ऐसी अधिकांश फर्जी समिति और संगठन नोएडा या गौतमबुद्ध नगर में ही स्थित है। कोर्ट ने आगे यह भी माना कि स्थानीय पुलिस और नागरिक प्रशासन के समर्थन के बिना ऐसी गतिविधियां जारी नहीं रह सकती हैं। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि वयस्क होने के बाद प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनसाथी का चुनाव करने का अधिकार है, लेकिन वैवाहिक गठबंधन में प्रवेश करने या लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के लिए वैधानिक प्रावधानों तथा संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत सुरक्षा प्राप्त करने के लिए कोर्ट के समक्ष जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह प्रशासन का कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करें कि लागू कानून और वैधानिक प्रावधानों का शक्ति से पालन किया जाए और विवाह संस्था की सद्भावना और पवित्रता को बनाए रखने के लिए विवाह पंजीकरण नियमों को सख्ती से लागू किया जाए। इस संदर्भ में कोर्ट ने सहायक महानिरीक्षक पंजीयन (स्टांप एवं पंजीयन) गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर को विवाह पंजीकरण नियमों, सरकारी आदेशों या ऐसी किसी भी सामग्री के साथ सुनवाई की अगली तारीख पर कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया। अगली सुनवाई 6 अगस्त तय की गई है।

## सार-संक्षेप

### राजभवन में पुस्तक 'हमारा राजभवन' का विमोचन

**लखनऊ,अमृत विचार।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन के नवाचारों पर आधारित पुस्तक 'हमारा राजभवन' का विमोचन किया। मंगलवार को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने अपने कार्य अनुभव व कार्य शैली को साझा किया। गुजरात में बतौर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व राजस्व मंत्री के रूप में अपने सफल अनुभवों को भी साझा किया। कार्यक्रम में आमंत्रित विश्वविद्यालय के कुलपतियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के निस्तारण की दृष्टि होनी चाहिए। इसके लिए कुलपति प अधिकारी विश्वविद्यालय का निरंतर भ्रमण कर विद्यार्थियों से मिलें और उनका फीडबैक लें। उनकी समस्याओं को निस्तारित करें।

### स्कूल में प्रार्थना के बाद कसरत के दौरान 12 बच्चे बेहोश

**एटा।** जिले के एक स्कूल में प्रार्थना के बाद दो बार कसरत और योगासन के लिए मजबूर किए जाने के कारण 12 बच्चे बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना एटा जिले के मलावन थाना क्षेत्र के हरचंदपुर में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में हुई। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के अनुसार, 'स्कूल में सुबह प्रार्थना के बाद कसरत करने के दौरान कुछ बच्चे बेहोश हो गए। प्रधानाचार्या संध्या शरण ने उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं।' सिंह ने बताया कि ऐसा आरोप है कि बच्चों से उमस भरी गर्मी में जबरन दो बार कसरत और योगासन कराया गया, जिससे यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि आरोप की पड़ताल की जा रही है और बच्चों की जांच के लिए एक मेडिकल टीम स्कूल भेजी गई है।

### ट्रक के नीचे घुसी मोटरसाइकिल, दंपति की मौत

**मथुरा।** जैंत क्षेत्र में मंगलवार को दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक से आगे निकलने की कोशिश में एक मोटरसाइकिल उसके नीचे जा घुसी और उसपर सवार दम्पति की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) त्रिगुण बिसेन ने बताया कि यह हादसा जैंत थाना क्षेत्र में चौमुहां कस्बे के निकट सर्वोदय इण्टर कॉलेज के पास हुआ। उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे अलीगढ़ के करहला-अकराबाद निवासी विनीत कुमार मोटरसाइकिल से पत्नी के साथ दिल्ली की ओर जा रहा था और तभी एक ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में उसकी मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे जा घुसी, जिससे उन दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बिसेन ने बताया कि इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने ट्रक को घेर लिया और चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### दो गुटों में फायरिंग में एक व्यक्ति की मृत्यु, एक घायल

**प्रयागराज।** गंगानगर के बहरिया थानाक्षेत्र में एक दुकान पर कब्जा को लेकर मंगलवार को दो गुटों के बीच हुई फायरिंग में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। डीसीपी अभिषेक भारती ने बताया कि दोपहर थाने को सूचना मिली कि एक दुकान पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच फायरिंग हुई, जिसमें मुलायम यादव नामक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि जितेन्द्र नामक युवक के पैर में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि उस दुकान को लेकर पिछले एक महीने से दोनों पक्षों में विवाद था। उनके अनुसार पुलिस छह संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, वैसे अभी तक किसी पक्ष से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उनका कहना है कि तहरीर प्राप्त होते की प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### बीएनएस: रिफ्रेशर कोर्स पर से मांगी जानकारी

**विधि संवाददाता, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा संभाग के पुलिस आयुक्त को भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) के संबंध में आयुक्तालय के भीतर जांच अधिकारियों को करवाए जाने वाले रिफ्रेशर कोर्स का विवरण देने वाला एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। उक्त हलफनामा न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म के एक मामले में सात आरोपियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने हेतु दाखिल आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए मांगा।

# सड़क हादसे में कैबिनेट मंत्री नंदी के बेटा और बहू घायल

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज



घायल अभिषेक और कनिष्का।

**अमृत विचार।** एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जबकि उस पर सवार कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी के बेटा बहू घायल हो गए। वहां से गुजर रहे सूचना विभाग के लेखाकार ने एंबुलेस की मदद से दोनों को चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया।

लखनऊ के गोमतीनगर निवासी अभिषेक (30) पुत्र नंदगोपाल नंदी अपनी पत्नी कनिष्का (28) के साथ आगरा से कार द्वारा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए लखनऊ जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के 194 किलोमीटर पर पहुंची तो बारिश के कारण अनियंत्रित हो गई। कार डिवाइडर से टकराकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के समय वहां से गुजर रहे कन्नौज सूचना विभाग में तैनात लेखाकार सारिक खां ने अपनी कार रोककर घायलों को निकाल कर यूपीडा को सूचना देते हुए एंबुलेस के माध्यम से चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया जहां से उन्हें लखनऊ पीजीआई रेफर कर दिया गया। इससे पहले हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ल, एएसपी संसार सिंह भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह, ईएमओ डॉ. सादाब व कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह इमरजेंसी पहुंच घायलों का उपचार कराया। कोतवाल ने बताया कि मंत्री नंदी के बेटा बहू थे जिनका प्राथमिक उपचार कराकर उन्हे लखनऊ भेजा गया है।

# संघमित्रा मौर्य ने किया आत्मसमर्पण मिली जमानत

**लखनऊ, अमृत विचार:** बिना तलाक लिए धोखाधड़ी कर दूसरी शादी करने की आरोपी स्वामी प्रसाद मौर्या की पुत्री व पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को एमपी/एमएलए कोर्ट, लखनऊ के स्पेशल एसीजेएम आलोक वर्मा ने आगामी 12 अगस्त तक के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। संघमित्रा मौर्या ने विशेष अदालत के समक्ष लगभग 1 बजे दिन में आत्मसमर्पण किया। जिस पर अदालत में उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेने के उपरांत उनके अधिवक्ता अरविंद कुशवाहा को जमानत अर्जी पर सुना। अधिवक्ता अरविंद कुशवाहा ने तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि उसे झूठा फंसाया गया है तथा उस पर लगाए गए आरोप रंजिशन एवं अवैध धन उगाही के हैं। यह भी कहा गया गया कि महिला होने के कारण उसे जमानत पर रिहा किया जाए। स्पेशल एसीजेएम आलोक वर्मा ने अपने आदेश में कहा है कि अभियुक्ता के विरुद्ध गत 5 जुलाई को धारा 82 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत आदेश जारी किए गए थे।

# रोडवेज बसों में मिलेगी कूरियर सेवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिवहन निगम बहुत जल्द कोरियर और पार्सल सेवा शुरू करने जा रहा है। इसके लिए मेसर्स एवीजी लॉजिस्टिक लिमिटेड दिल्ली के बीच पांच वर्षों के लिए अनुबंध किया गया है। आगामी नौ सितंबर तक सभी आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा किया जाएगा। यह सेवा न केवल साधारण बसों में बल्कि वातानुकूलित बसों में भी उपलब्ध होगी।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि रोडवेज की करीब 11,000 बसें आमजन को पार्सल सुविधा उपलब्ध कराएंगी। इसमें मुख्य रूप से आगरा, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, इटावा व कानपुर रीजन में झांसी को भी शामिल किया गया है। सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एवं स्टेशन प्रभारी बसों के चालकों व परिचालकों से इस सेवा को सुनिश्चित कराएंगे। तय किए गए बस स्टेशन पर गाड़ी रोक कर कोरियर पार्सल सेवा के प्रतिनिधि से पार्सल बुक कराएंगे। कहा कि यातायात अधीक्षक व निरीक्षक द्वारा मार्ग में यात्री टिकटों के निरीक्षण के साथ लगेज का भी परीक्षण किया जाएगा। अवैध पार्सल की बुकिंग पर दोषी कार्मिकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### पार्सल के लिए बसों में रहेगा आरक्षित स्थान

फर्म द्वारा पार्सल रखने के लिए बसों में आरक्षित स्थान एवं वजन के लिए अतिरिक्त जगह निर्धारित की जाएगी। निगम के यात्रियों के सामान के लिए अतिरिक्त स्थान बस में होगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि बस स्टेशनों पर जो भी सामान बुक किया जाए वह कोरियर सर्विस के माध्यम से ही जाएगा।

### 1120 नई बसें, इनमें 120 इलेक्ट्रिक

बजट से रोडवेज के बस बेड़े में 1120 नई बसें शामिल होंगी। इनमें 120 इलेक्ट्रिक बसें होंगी।एक हजार करोड़ के बजट में 500 करोड़ सिर्फ बसों के लिए है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि बेड़े में शामिल होने वाली बसें बीएस-6 मॉडल की होंगी। करीब 120 इलेक्ट्रिक बसें भी रोडवेज की नई फ्लीट में होंगी।

### गला घोटू के टीकाकरण में बरेली- बदायूं टॉप फाइव में

**लखनऊ, अमृत विचार :** अप्रैल से जून तक चला पशु पालन विभाग का गलाघोटू टीकाकरण (एचएस) अभियान 99 प्रतिशत पूरा हो गया है। सहारनपुर को छोड़कर 74 जिलों में शत प्रतिशत टीकाकरण किया गया। सीएम डैशबोर्ड में लखनऊ को पहला स्थान मिला है। बदायूं, आगरा, अलीगढ़, बुलंदशहर और बरेली टॉप फाइव में आए हैं। 10 में 10 अंक हासिल करने पर 74 जिलों को ए-प्लस ग्रेड मिला है। विभाग ने 2,15 करोड़ पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा था।

# अंग्रेजी पढ़ने में ओपी राजभर की हो गई फजीहत

**लखनऊ, अमृत विचार।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर विधानसभा में फजीहत करा बैठे। मदरसा शिक्षकों पर महबूब अली के सवाल का जवाब देते हुए अंग्रेजी वाला शासनादेश पढ़ने में फंसने लगे।

इस पर समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल यादव समेत अन्य विधायक हंसने लगे। इस पर स्पीकर ने भी ओपी राजभर से जीओ पढ़ने के बजाय प्रश्न पूछने वाले महबूब अली को जवाब देने का निर्देश दिया।

# भू-माफिया ने बेच डाली 12 करोड़ की सरकारी जमीन

**नागरिक सुविधा दिवस**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- मंडलायुक्त की बनाई गई जांच कमेटी भी भू-माफिया से मिल गई

**अमृत विचार :** रायबरेली रोड स्थित कल्ली पश्चिम के मजरा बाबू खेड़ा में लेखपाल की मिलीभगत से भू-माफिया ने प्लाटिंग कर 12 करोड़ रुपये कीमत की सरकारी भूमि बेच डाली। भाकियू भानू गुट के प्रदेश प्रभारी ने डेढ़ वर्ष में एलडीए में 13 बार शिकायत की, लेकिन भूमि कब्जा मुक्त नहीं हो पाई। मंडलायुक्त की ओर से बनाई गई जांच कमेटी भी भू-माफिया से मिल गई। मंगलवार को फिर प्रदेश प्रभारी ने समाधान दिस में शिकायत की। उन्होंने दो दिन में भूमि कब्जा मुक्त न होने पर किसानों के साथ सरोजनीनगर तहसील में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की चेतावनी दी है।

भारतीय किसान यूनियन (भानू) के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने किसानों के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में आयोजित नागरिक सुविधा दिवस में पहुंचे। उन्होंने अध्यक्षता कर रहीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब को बताया कि भू-माफिया ने कई बीघा राजस्व की सुरक्षित भूमि पर कब्जा किया। एक से डेढ़ वर्ष में छह बीघा भूमि प्लाटिंग कर करीब 12 करोड़ रुपये में बेच दी। इसकी शिकायत पिछले महीने समाधान दिवस में की गई थी। जांच के लिए मंडलायुक्त स्तर से पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी। किसान नेता का आरोप है कि कमेटी ने भूमाफिया के कब्जे वाले पांच गाटे छोड़कर अन्य गाटों की जांच कर अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूरी की। प्रदेश प्रभारी ने बताया कि भू-माफिया पर कार्रवाई के लिए डेढ़ वर्ष में एलडीए के 13 बार चक्कर लगा चुके हैं। अब दो दिन में सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया तो किसानों के साथ सरोजनी नगर तहसील में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ जाएंगे। मंडलायुक्त ने जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### 37 में नौ शिकायतों का मौके पर निस्तारण

नागरिक सुविधा दिवस में 37 शिकायतें आईं। इसमें एलडीए की 27, नगर निगम चार, जिला प्रशासन तीन, विद्युत एक, स्मारक समिति एक, पुलिस विभाग की एक शिकायत रही। नौ शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया गया।

## वर्ग पहेली-147

**बाएं से दाएं**

3.1. चटकीला, तेज, शोख़ 2. जिसमें चमक-दमक हो, शोख़, ख़ुशरंग 3. फुरतीला।

5.1. जो नियंत्रण या काबू में न हो 2. जिसपर नियंत्रण न हो, अनियंत्रित 3. निरंकुश।

6. चेप लगाकर चिपकाना या सटाना।

**ऊपर से नीचे**

1. मालिक होने या स्वामित्व मिलने के कारण किसी चीज़ पर हक या अधिकार।

2. जो कुछ शेष हो

4.1. किसी पत्तीदार शाक को नाखूनों की सहायता से तोड़ना 2. फल-फूल तोड़ना 3. किसी दबी हुई बात का सामने आना 4. टोकना, रोकना 5. छेड़छाड़ करना।

5.1. जिसके पंख न हो, पंखहीन 2. सामर्थ्यहीन, असमर्थ।

7.1. बहुमूल्य पत्थर 2. मोती, जवाहिर, रत्न 3. लिंग या योनि का अग्रभाग 4. घड़ा 5. कलाई।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 | ■ | 2 |
| ■ | 3 | | | | |
| 4 | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 5 | | | ■ |
| ■ | 6 | | | ■ | 7 |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -146 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 धा | तु | 2 वि | ज् | ञा | न |
| ■ | ■ | प | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 3 थ | री | ■ | ■ | 4 क |
| 5 ग | ल | त | 6 ब | या | नी |
| ■ | ज | ■ | फ | ■ | ज़ |
| 7 खो | ■ | ■ | र | ■ | ■ |
| ड़ | ■ | 8 ख़ा | ना | दा | र |

## सुडोकू -60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 9 | | | | | |
| 2 | | 4 | | 8 | | | 5 | |
| 8 | | 1 | 5 | | | | 6 | 4 |
| | 2 | 3 | | | 7 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 5 | | 3 | | | 1 | 4 | |
| 9 | 6 | | | | 5 | 3 | | 7 |
| | 8 | | | 1 | | 4 | | 5 |
| | | | | | 2 | | 9 | |

### सुडोकू -59 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 2 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 9 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 4 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 |
| 9 | 6 | 3 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 15 .55 तक तत्पश्चात द्वादशी।

## आज का पंचांग





**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 10 .12 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष:** आज दांपत्य संबंधों में खर्चों के कारण थोड़ी खिट-पिट हो सकती है। ऐसा कोई कार्य न करें,जिससे आपका अपमान हो। कारोबार में आपको उत्तम धन लाभ होगा। भविष्य को लेकर आप काफी सचेत रहेंगे। शाम को कुछ महत्वपूर्ण कार्य अटक सकते हैं।

**वृष:** आज अध्यापन कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। छात्रों को मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा। आपकी जीवनशैली व्यवस्थित रहेगी। विदेशों में जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है।

**मिथुन:** आज मन की बातें दूसरों से शेयर न करें। आपकी बातों का लोग बुरा मान सकते हैं। अपने मित्रों पर अविश्वास न करें। आपको कुछ थकान महसूस हो सकती है। इसलिए आराम पर्याप्त मात्रा में लें। नींद पूरी न लेने के कारण अपच की समस्या हो सकती है।

**कर्क:** आज परिवार के सदस्यों से राय लेना आपके लिए हितकर रहेगा। रिलेशनशिप में प्रगाढ़ता आएगी। आय के नए स्तोत्र निर्मित होंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। पैतृक व्यवसाय में उत्तम धन लाभ होगा।

**सिंह:** आज मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से धन लाभ हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। आप अपने सभी काम समय पर पूरा कर लेंगे। आयात-निर्यात से आपको लाभ प्राप्त होगा। नौकरी में आपकी आय बढ़ेगी।

**कन्या:** आज विद्यार्थियों को पढ़ाई में उत्तम सफलता मिलेगी। उच्च अधिकारियों के साथ तनाव दूर होगा। किंतु धन की कमी के कारण जरूरी काम रुक सकते हैं। संभावना बन सकती हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला:** आज दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। आपको भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। अपने लक्ष्य से विचलित हो सकते हैं। इसीलिए सिर्फ अपने काम पर ही ध्यान बनाए रखें।

**वृश्चिक:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। दांपत्य संबंधों में ताजगी आएगी। परिवार का बेहतरीन सहयोग मिलेगा। घर में मित्रगण का आगमन हो सकता है। आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी। किसी मांगलिक उत्सव की योजना बनाएंगे।

**धनु:** आज संतान की समस्याओं का समाधान होगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। व्यवसाय के लिए आप ऋण ले सकते हैं। प्रेम संबंधों में नई ऊर्जा का संचार होगा। उच्च अधिकारी आपसे संतुष्ट रहेंगे।

**मकर:** आज आपको नई विद्या सीखने को मिलेगी। संतान को लेकर तनाव दूर होगा। उच्च शिक्षा में बेहतरीन सफलता मिलेगी। कोई काम कल पर न टालें। मित्रों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी समस्या होगी।

**कुंभ:** आज घर की आवश्यकताओं के बोझ में दबे रहेंगे। अपना मत प्रकट करने में सावधानी रखें। माता का स्वास्थ्य कुछ कमजोर हो सकता है। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। करियर को लेकर दिन काफी अच्छा रहेगा।

**मीन:** आज संपत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
अलीबाबा मरजीना — सुबह : 09 .00
15 अगस्त — शाम : 06 .00

**&pictures**
प्रलय द डिस्ट्रॉयर — सुबह : 10 .48
102 नॉट आउट — रात : 08 .00

**Sony Pix**
ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 09 .58
द मैकेनिक — रात : 09 .00

**Zee Cinema**
काली का करिश्मा — सुबह : 11 .23
आरआरआर — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
ठग्स — दोपहर : 12 .21
भगवंत केसरी — रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की वाले शादी के लिए देखने आ रहे थे।
पापा- बेटा लड़की वाले आ रहे हैं, उनके सामने थोड़ी लंबी-लंबी फेंकना।
लड़की वालों के आते ही
बेटा- पापा जरा चाबी देना, वो ट्रेन धूप में खड़ी है, अंदर कर देता हूं।
पापा बेहोश...

डॉक्टर मरीज से- अगर तुम मेरी दवा से ठीक हो गए तो मुझे क्या इनाम दोगे?
मरीज- साहब मैं तो बहुत गरीब आदमी हूं कब्र खोदता हूं।
आपकी फ्री में खोद दूंगा।

## एक नजर

### ओमेक्स, चेयरमैन, एमडी पर दो साल का प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को रियल एस्टेट कंपनी ओमैक्स और उसके चेयरमैन रोहतास गोयल, एमडी मोहित गोयल एवं तीन अन्य को कंपनी के वित्तीय विवरणों में अनियमितता बरतने के मामले में दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। जिन अन्य लोगों को प्रतिभूति बाजारों में भाग लेने से रोका गया है उनमें सुधांशु एस बिस्वाल, अरुण कुमार पांडे और विमल गुप्ता शामिल हैं। इन पांच लोगों को दो साल के लिए सूचीबद्ध कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय पद लेने से प्रतिबंधित किया है।

### सोना 550 रुपये हुआ मजबूत, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की मजबूत मांग और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बाद सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 550 रुपये की तेजी के साथ 71,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं चांदी का भाव स्थानीय बाजार में स्थिर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स में चांदी 0.27 प्रतिशत बढ़कर 27.94 डॉलर प्रति औंस हो गई।

## मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 955 फ्लैग– 1090 बोल्ड– 1130 डीएमओ– 850
**रामपुर :** शिवालिक–965 फ्लैग–1085 डीएमओ–830 बोल्ड–1120

# दुनिया के निवेशक भारत की ओर देख रहे : मोदी

## उद्योग जगत से बोले प्रधानमंत्री, इस अवसर का लाभ उठाकर 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करें

नई दिल्ली, एजेंसी



● विकसित भारत की ओर यात्रा विषय पर सीआईआई के बजट-पश्चात सम्मेलन को किया संबोधित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया भर के निवेशक उत्सुकता से भारत की ओर देख रहे हैं तथा घरेलू उद्योग को आगे आकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाना चाहिए और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

विकसित भारत की ओर यात्रा विषय पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के बजट-पश्चात सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नहीं है और वह राष्ट्र प्रथम दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सभी निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि भारत आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहा है और वह दिन दूर नहीं जब देश विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की यह उपलब्धि उनके तीसरे कार्यकाल में हासिल कर ली जाएगी।

उन्होंने बजट में घोषित विभिन्न उपायों, खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बढ़ावा देने वाले उपायों का जिक्र किया, जो रोजगार के करोड़ों अवसर उत्पन्न करता है। मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत और आपकी ओर देख रही है। सरकार की नीतियां, प्रतिबद्धता और निवेश वैश्विक विकास की नींव बन रहे हैं। दुनिया भर के निवेशक भारत आने को इच्छुक हैं। विश्व नेता भारत को लेकर सकारात्मक हैं। यह भारतीय उद्योग के लिए स्वर्णिम अवसर है और हमें इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि घरेलू उद्योग को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सरकार के साथ काम करना चाहिए और साथ ही इसे उभरते क्षेत्रों में वैश्विक खिलाड़ी भी बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा और प्रतिबद्धता स्पष्ट है। चाहे वह राष्ट्र प्रथम हो या 5000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना, आत्मनिर्भर भारत कसित भारत हम पूरी लगन के साथ काम कर रहे हैं।

### देश तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर

प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को विश्व के लिये आदर्श बताते हुए कहा कि भारत महामारी के बाद तेजी से पुन: उच्च आर्थिक वृद्धि की राह पर लौट आया है तथा उनके वायदे के अनुसार, उनके तीसरे कार्यकाल में विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है। उनके तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बनेगा और भारत सधे हुये कदमों से इस ओर बढ़ रहा है और निकट भविष्य में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बन जायेगा। सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी ने प्रधानमंत्री के स्वागत में कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था का कायाकल्प हुआ है और भारत को विश्व में एक नई जगह मिली है और भारत आज दुनिया की सबसे तीव्र गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प में उद्योग जगत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए, इस बजट में रोजगार प्रोत्साहन जैसी योजनाएं लाने के बारे में उद्योग जगत के सुझावों को शामिल किये जाने के प्रति प्रधानमंत्री का आभार जताया।

# बाजार में तीसरे दिन भी तेजी सेंसेक्स, निफ्टी शिखर पर

मुंबई, एजेंसी



● सूचकांक बढ़त के साथ खुला और 459.43 अंक की लगाई छलांग, मुनाफा वसूली हावी होने से गंवाई बढ़त

स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 100 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी रिकार्ड ऊंचाई पर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 99.56 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 81,455.40 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान एक समय 459.43 अंक यानी 0.56 प्रतिशत उछलकर 81,815.27 अंक तक चला गया था। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली हावी होने से यह अपनी बढ़त गंवा बैठा। एनएसई का निफ्टी भी 21.20 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ सर्वकालिक उच्चस्तर 24,857.30 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार स्थिर रहा। इसका कारण उच्चस्तर पर मुनाफावसूली है। हालांकि, अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंगलैंड की इस सप्ताह मौद्रिक नीति समीक्षा में रुख उदार अपनाने की संभावना से बाजार को समर्थन मिल रहा है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन पहली बार 5,500 अरब डॉलर (460 लाख करोड़) पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स के शेयर में तीन प्रतिशत की बढ़त रही। एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टाइटन, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया तथा टाटा स्टील भी लाभ में रहे।

# 25 लाख से अधिक के एनपीए खातों में इरादतन चूक की जांच करें बैंक

मुंबई, एजेंसी

● इरादतन और बड़े चूककर्ताओं से निपटने के लिए आरबीआई ने जारी किया निर्देश

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को इरादतन चूककर्ताओं और बड़े चूककर्ताओं से निपटने पर एक निर्देश जारी किया है। इसके तहत बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को 25 लाख रुपये और उससे अधिक की बकाया राशि वाले सभी गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) खातों में इरादतन चूक की जांच करनी होगी। बैंक विशेष प्रक्रिया का पालन कर किसी व्यक्ति की पहचान और उसे इरादतन चूककर्ता के रूप में वर्गीकृत करेंगे।

निर्देश के अनुसार इरादतन चूक के सबूतों की जांच एक पहचान समिति करेगी। इरादतन चूककर्ता का अर्थ है एक ऐसा कर्जदार या गारंटर जिसने जानबूझकर कर्ज नहीं चुकाया है और उसकी बकाया राशि 25 लाख से अधिक है। आरबीआई ने कहा कि बैंक 25 लाख रुपये और उससे अधिक की बकाया राशि वाले सभी एनपीए खातों में इरादतन चूक की जांच करेंगे। ऋणदाताओं को इस संबंध में एक गैर-भेदभावपूर्ण बोर्ड से मंजूरी प्राप्त नीति तैयार करनी चाहिए।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि का लक्ष्य एयरटेल के लिए बड़ा मौका

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल ने कहा है कि 2047 तक 35,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर भारत के कदम एयरटेल को वृद्धि के अवसर तथा नए रास्ते उपलब्ध कराएंगे। 5जी भारत के डिजिटल परिदृश्य की जीवंत वृद्धि को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

एयरटेल इस क्षेत्र में अग्रणी रहने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति-निर्माताओं तथा विभिन्न हितधारकों के साथ काम कर रही है। भारत द्वारा डिजिटलीकरण पर जोर दिए जाने से सार्वजनिक सेवाओं तथा वस्तुओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के मामले में यह अन्य देशों से अलग है दूरसंचार उद्योग का महत्व और अधिक बढ़ने की संभावना है। एयरटेल प्रमुख ने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था आज जीडीपी में 11% का योगदान देती है, जो निजी क्षेत्र सहित हितधारकों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# सीबीएएम पर यूरोपीय संघ के दिए गए सुझाव पर करेंगे विचार: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि यूरोपीय संघ ने सुझाव दिया है कि भारत यूरोपीय संघ को कार्बन कर का भुगतान करने के बजाय अपना तंत्र विकसित कर सकता है। मंत्रालय इस पर विचार करेगा और भारतीय उद्योग तथा लोगों के हित में फैसला लेगा।

उन्होंने कहा कि भारत कर या कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) पर यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ बात कर रहा है। मंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि सीबीएएम से यूरोपीय संघ को बहुत नुकसान होगा, क्योंकि बुनिया दी ढांचा, जीवन-यापन की लागत, औद्योगिक और उपभोक्ता उत्पाद महंगे हो जाएंगे। इससे यूरोपीय संघ की अर्थव्यवस्था को भी और अधिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

### चीनी निवेश को लेकर रुख बदलने का कोई विचार नहीं

पीयूष गोयल ने कहा कि चीन कंपनियों के भारत में प्रत्य विदेशी निवेश (एफडीआई) के प्रस्तावों प्रति में भारत अपने दृष्टोण में कोई पुनर्विचार नहीं कर रहा है। गोयल ने चीन से एफडीआई के समर्थन की सिफारिश के संदर्भ में कहा कि आर्थिक सर्वे एक ऐसी रिपोर्ट है जिसमें हर बार कुछ कुछ नए विचार सुझाए गए होते हैं। सरकार के लिए आर्थिक सर्वे कोई प्रतिबद्धता नहीं और सरकार देश में चीन के निवेश को समर्थन को लेकर इस समय सरकार कोई पुनर्विचार नहीं कर रही है।



## एक नजर

### 11 साल पुराने मामले में सभी पुलिस अधिकारी बरी

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर के बहुचर्चित मंथली वसूली प्रकरण में 11 साल छह माह बाद मंगलवार को अदालत का फैसला आया जिसमें सभी 15 आरोपियों को दोषमुक्त कर बरी किया गया। अजमेर स्थित भ्रष्टाचार निरोधक न्यायालय ने फैसले में अजमेर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल, नौ थानाधिकारी, दो एएसआई तथा अन्यों को दोष सिद्ध न होने पर उन्हें दोषमुक्त करार दिया। मामला दो जनवरी 2013 का है। अजमेर के सभी थानों से दलाल रामदेव ठठेरा के जरिये मंथली वसूलते थे।

### चलती बस में महिला का किया यौन उत्पीड़न

**हैदराबाद।** तेलंगाना के उस्मानिया में मंगलवार को निजी ट्रैवल बस में महिला यात्री का यौन उत्पीड़न के मामले में बस चालक को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस के मुताबिक निर्मल से आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले के पामुरू जा रही बस में सवार महिला ने डायल 100 के माध्यम से पुलिस को कॉल किया और बताया कि बस चालक ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसका यौन उत्पीड़न किया।

### नवाब को चिकित्सा आधार पर मिली जमानत दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन के मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को मंगलवार को चिकित्सा आधार पर जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने मलिक की ओर से पेश वकील की दलीलों पर गौर किया कि वह विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि मलिक को चिकित्सा आधार पर दी गई जमानत बंबई हाईकोर्ट के समक्ष जमानत याचिका के निपटारे तक वैध होगी।

# हलवा रस्म की आलोचना कर्मियों का अपमान

## वित्त मंत्री ने राहुल गांधी पर किया पलटवार, बोलीं- अच्छे काम से पहले मुंह मीठा करने की है परंपरा

नई दिल्ली, एजेंसी



● हलवा रस्म को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने चर्चा के दौरान किया था कटाक्ष

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि हलवा समारोह बजट की तैयारी का महत्वपूर्ण पड़ाव है और इसकी आलोचना कर्मचारियों का अपमान करना है। सीतारमण ने लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हलवा समारोह उस समय से चल रहा है जब से वित्त मंत्रालय का प्रीटिंग प्रेस मिंटो रोड में हुआ करता था। हमारे देश में अच्छा काम करने से पहले मुंह मीठा करने की परंपरा है। इसकी आलोचना बजट की तैयारियों से जुड़े कर्मचारियों का मजाक उड़ाना और अपमान करना है।

राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया था कि 20 अधिकारियों ने देश का बजट बनाया है, लेकिन इनमें से सिर्फ एक अल्पसंख्यक एवं एक ओबीसी हैं और उनमें एक भी दलित एवं आदिवासी नहीं है। साथ ही राहुल ने बजट से पहले की हलवा रस्म का जिक्र करते हुए कहा था कि इस सरकार में दो-तीन प्रतिशत लोग हलवा तैयार कर रहे हैं और उतने ही लोग खा रहे हैं तथा शेष हिंदुस्तान को यह नहीं मिल रहा है।

सीतारमण ने इस आरोप के जवाब में कहा कि हलवा समारोह के बाद इससे जुड़े कर्मचारी बजट जारी नहीं होने तक बाहर नहीं आते हैं। पहले उन्हें नौ दिन और आठ रात अलग-थलग गुजारनी पड़ती थीं, लेकिन अब उन्हें पांच रात और चार दिन सबसे दूर रहना होता है। वे बजट के बाद ही बाहर आते हैं।

### उपेक्षा का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण

वित मंत्री ने कहा कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों के हितों पर ध्यान देते हुए समग्र विकास को महत्व दिया गया है। दुर्भाग्य से विपक्षी दलों के लोग भ्रम फैला रहे हैं। वह राज्यों की उपेक्षा का आरोप लगा कर राजनीति कर रहे हैं। बजट पर चार दिन चली चर्चा के बाद उन्होंने कहा कि बजट में सभी तरह की चुनौतियों से निपटने के प्रावधान किए गए हैं। बजट व्यय में 48.21 लाख करोड़ का प्रावधान है जो पिछले साल से 7.3 प्रतिशत अधिक है।

### महंगाई पर विपक्ष का रिकॉर्ड

सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में जो रिकॉर्ड बनाया है वह कोई तोड़ नहीं सकता है। वाजपेयी सरकार में महंगाई दर 3.8% थी जो 2004–14 के समय 10 साल में औसतन 8.1% रही। 2008 में राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा हुई लेकिन ऑक्सफोर्ड शिक्षित नेता को पता नहीं था कि पैकेज को कैसे और कब वापस लिया जाए। नतीजा घाटा बढा, ब्याज बढा, निवेश प्रभावित हुआ और 2012–14 में खुदरा मुद्रास्फीति 9% ऊपर रही।

# सुबह तक तबाह हो चुका था पूरा इलाका

**वायनाड भूस्खलन**

● बुजुर्ग दंपति ने पड़ोसियों से साथ चलने को कहा, नहीं गए

● हादसे में बाल-बाल बचे पीड़ितों ने सुनाई दर्दभरी दास्तान

वायनाड (केरल), एजेंसी

भूस्खलन से मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए अभियान जारी है। इस हादसे में बाल-बाल बचे लोग अपने बीते कुछ क्षणों को याद करते हुए सिहर उठते हैं।

भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में बुजुर्ग दंपती ने आपदा के दौरान अपनी कोशिशों का जिक्र किया। बताया कि उनका घर भूस्खलन से नष्ट हो गया। क्षेत्र में कीचड़ भरा पानी बहता देख रात 11 बजे ही वह घर छोड़कर चले गए। पास की पहाड़ी पर जाने से पहले पड़ोसियों को बचाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने साथ आने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि पड़ोसियों से साथ आने का आग्रह किया था। जब वापस लौटे, तो पूरा इलाका तबाह हो चुका था। एक महिला ने बताया कि उसके रिश्तेदार ने उसे फोन किया और कहा कि वे बच्चे को लेकर घर से भाग रहे हैं।







राहत व बचाव कार्य में जुटे भारतीय तट रक्षक दल व सेना के जवान।

### उत्तर भारत के चार पर्यटक फंसे, दो लापता

**वायनाड।** वायनाड उत्तर भारत से आए चार पर्यटक मंगलवार को भूस्खलन की चपेट में आ गए। बेंगलुरु हवाई अड्डे से पर्यटक कोयंबटूर और कूर्ग घूमने गए कुछ दिन पहले वायनाड आए थे। दो पर्यटक अब लापता हैं तथा दो अस्पताल में हैं, जिनमें से एक आईसीयू में है। वे घातक भूस्खलन की चपेट आने से घायल हो गए थे। निजी टैक्सी कंपनी के अनुसार, दो पर्यटक लापता हैं और उनका पता नहीं चल पाया है, जबकि दो अन्य महिलाओं को बचा लिया गया है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### लोग अस्पताल में ढूंढ रहे हैं अपने प्रियजनों को

स्वास्थ्य केंद्र में शवों की कतार के बीच लोग अपने प्रियजनों को ढूंढते रहे। परिजनों के शव देखकर कुछ लोग रो रहे थे, वहीं अपने का शव ना पाकर उनके सकुशल होने की आस में दिखें। जिले के मेप्पाडी गांव के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। स्वास्थ्य केंद्र पहुंची युवती ने रुंधे गले से बताया कि भूस्खलन के बाद उसके परिवार के पांच सदस्य लापता हैं, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। वह अस्पताल आई है कि उसके परिजनों को यहां भर्ती नहीं कराया है।

### हवाई मार्ग से पहुंचीं मशीनें, राहत टीमें तैनात

**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड जिले में मंगलवार तड़के हुए भूस्खलन के बाद सहायता और मदद पहुंचाने के लिए भारी मशीनों और खोजी कुत्तों की टीमों को हवाई मार्ग से पहुंचाई गई। भारतीय तटरक्षक बल ने अपनी आपदा राहत टीमें भेजी हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने तुरंत कार्रवाई की और बचाव कार्य शुरू करने के लिए 300 सैन्य कर्मियों को भेजा। दिन भर में बचाव व राहत प्रयासों में सहायता के लिए सेना, नौसेना की टीमों और वायु सेना के हेलीकॉप्टरों की अतिरिक्त टुकड़ियां भेजी गईं। सभी संभव प्रयास जारी हैं। अतिरिक्त सैनिक, भारी मशीनें, खोजी कुत्तों की टीम और अन्य आवश्यक राहत सामग्री को त्रिवेंद्रम, बेंगलुरु और दिल्ली से सेवा विमानों द्वारा पहुंचाया जा रहा है।

# पेंशन विसंगतियों के समाधान में देरी पर सुप्रीम कोर्टने केंद्र को फटकारा

नई दिल्ली, एजेंसी



● समाधान के लिए केंद्र को 14 नवंबर तक का दिया अंतिम अवसर

● पीठ ने सुनवाई के लिए 25 नवंबर की तारीख की तय

उच्चतम न्यायालय ने 'वन रैंक, वन पेंशन' (ओआरओपी) योजना के तहत सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों (कैप्टन) को देय पेंशन पर वर्षों तक कोई निर्णय न लेने के लिए मंगलवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई और उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन के संबंध में विसंगतियों को हल करने के लिए केंद्र को 14 नवंबर तक अंतिम अवसर प्रदान किया। पीठ ने कहा कि दो लाख की जुर्माना राशि सेना के कल्याण कोष में जमा कराई जाएगी। वह सेवानिवृत्त कैप्टन की पेंशन में 10 प्रतिशत वृद्धि का निर्देश देगी। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 नवंबर की तारीख तय की। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण की कोच्चि पीठ ने छह विसंगतियों को रेखांकित किया है, जिनमें सुधार की जरूरत है।

## देश में जाति जनगणना करवाकर रहेंगे : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को सदन में कहा कि उन्हें अर्जुन की तरह सिर्फ मछली की आंख ही दिखाई दे रही है और वह देश में जाति आधारित जनगणना करवाकर रहेंगे। उन्होंने सदन में बजट 2024-25 पर चर्चा के दौरान भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर की टिप्पणी के बाद यह कहा।



ठाकुर ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कुछ टिप्पणी की जिस पर कांग्रेस और सहयोगी दलों के सदस्य हंगामा करने लगे। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कहा कि अगर कुछ आपत्तिजनक है तो उसे रिकॉर्ड से हटा दिया जाएगा। गांधी ने कहा कि आप लोग मेरा जितना अपमान करना चाहते है, आप ख़ुशी से करिए आप रोज़ करिए। मगर एक बात मत भूलिए, कि जाति जनगणना हम करवाकर रहेंगे।

## तेलंगाना में सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला के साथ दुष्कर्म

**हैदराबाद।** तेलंगाना के एक होटल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार हयातनगर की रहने की महिला सोमवार शाम अपने बचपन के दोस्त गौतम रेड्डी के साथ सागर रिंग रोड स्थित एक होटल में गई थी। गौतम रेड्डी और उसने रेस्तरां के बार में एक साथ शराब पी और फिर होटल के एक कमरे में चले गए। कुछ देर बाद महिला को होश आया और कमरे में गौतम के साथ एक और व्यक्ति को पाकर वह चिल्लाने लगी। चीख सुनकर होटल के कर्मचारी कमरे में पहुंचे लेकिन गौतम और दूसरा व्यक्ति भाग निकले। होटल के कर्मचारियों ने महिला के परिवार के सदस्यों और पुलिस को स्थिति के बारे में सूचित किया। उन्होंने पीड़िता को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# एनएचआरसी ने राज्य सरकार, निगम आयुक्त को नोटिस भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

**कोचिंग सेंटर घटना**

● मानवाधिकार आयोग ने दो सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट मांगी

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के संबंध में दिल्ली सरकार, पुलिस आयुक्त और नगर निगम आयुक्त को नोटिस भेजे हैं। बयान में कहा गया कि एनएचआरसी ने उनसे दो सप्ताह के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

एनएचआरसी के बयान के अनुसार, दिल्ली के मुख्य सचिव से शहर में मानदंडों का उल्लंघन करके संचालित हो रहे ऐसे संस्थानों और कोचिंग सेंटर की सटीक संख्या का पता लगाने के लिए विस्तृत सर्वेक्षण कराने के लिए कहा गया है। रिपोर्ट में ऐसे संस्थानों के हर विवरण का उल्लेख होना चाहिए, जिसमें उनके खिलाफ लंबित शिकायतें और संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्रवाई भी शामिल है।

एनएचआरसी ने कहा कि उसने मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा कि प्राधिकारियों से जलभराव की कई शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसने दिल्ली के पटेल नगर इलाके में सिविल सेवा के एक अन्य अभ्यर्थी की मौत पर भी संज्ञान लिया है।

### कार चालक की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** तीन विद्यार्थियों की मौत के सिलसिले में गिरफ्तार एसयूवी कार चालक की जमानत याचिका पर न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार ने मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मनुज कथूरिया शनिवार को एसयूवी से उस सड़क पर गुजरे, जहां बारिश का पानी भरा था। वाहन गुजरने के बाद पानी के दबाव से तीन मंजिला इमारत के गेट टूट गए और बेसमेंट में पानी भर गया। कथूरिया के वकील ने उनकी जमानत का अनुरोध करते हुए कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि क्या होने वाला है। वह इस घटना को अंजाम देने का इरादा नहीं रखते थे। अतिरिक्त लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने विरोध करते हुए कहा कि कथूरिया लापरवाही में योगदान के दोषी नहीं हैं।

## केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई के आरोप पत्र पर 12 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत 12 अगस्त को यह तय करेगी कि कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की ओर से मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सुनवाई मंगलवार को 12 अगस्त के लिए सूचीबद्ध कर दी। आबकारी नीति घोटाले में जांच करते हुए सीबीआई ने केजरीवाल और अन्य के खिलाफ मामले में अपना अंतिम आरोपपत्र दायर किया।

## एलओपी का मतलब लीडर ऑफ प्रोपैगेंडा नहीं होता : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें पता होना चाहिए कि एलओपी (विपक्ष के नेता) का मतलब लीडर ऑफ प्रोपैगेंडा (दुष्प्रचार के नेता) नहीं होता है। राहुल गांधी को रील का नेता नहीं बनना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि रीयल नेता बनने के लिए सच बोलना पड़ता है। ठाकुर ने कहा कि जो एक्सीडेंटल हिंदू हैं, उनका महाभारत का ज्ञान भी एक्सीडेंटल है। उन्होंने कहा कि एक नेता ने कमल पर कटाक्ष किया है। न जाने उन्हें क्या दिक्कत है। उन्होंने कमल को बुरा दिखाने का प्रयास किया। जनता ने हमें तीसरी बार सत्ता में बैठाया है।





# पेरिस ओलंपिक 2024



## पांचवें दिन भारत के मुकाबले

**निशानेबाजी :** 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन पुरुष क्वालीफिकेशन : ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले – दोपहर 12 :30 बजे से
**ट्रैप महिला क्वालीफिकेशन :** श्रेयसी सिंह और राजेश्वरी कुमारी – दोपहर 12 :30 बजे
**बैडमिंटन :** महिला एकल ( ग्रुप चरण ) : पीवी सिंधू बनाम क्रिस्टिन कुउबा ( एस्टोनिया ) – दोपहर 12 :50 बजे
**पुरुष एकल ( ग्रुप चरण ) :** लक्ष्य सेन बनाम जोनाटन क्रिस्टी ( इंडोनेशिया ) – दोपहर 1 :40 बजे
**पुरुष एकल ( ग्रुप चरण ) :** एचएस प्रणय बनाम डुक फाट ले ( वियतनाम ) – रात 11 बजे
**टेबल टेनिस :** महिला एकल ( अंतिम 32 दौर ) : श्रीजा अकुला बनाम जियान जेंग ( सिंगापुर ) – दोपहर 2 :20 बजे
**मुक्केबाजी :** महिला 75 किग्रा ( अंतिम 16 दौर ) : लवलीना बोरगोहेन बनाम सुन्निवा हॉफस्टेड ( नॉर्वे ) – दोपहर 3 :50 बजे
**पुरुषों 71 किग्रा ( अंतिम 16 दौर ) :** निशांत देव बनाम जोस गेब्रियल रोड्रिग्ज टेनोरियो ( इक्वाडोर ) – रात 12 :18 बजे।
**तीरंदाजी :** महिला एकल : अंतिम 64 चरण : दीपिका कुमारी – दोपहर 3 :56 बजे
**पुरुष एकल :** अंतिम 64 चरण : तरुणदीप राय – रात 9 :15 बजे
**घुड़सवारी :** व्यक्तिगत ड्रेसेज ग्रां प्री दूसरा दिन : अनुश अग्रवाला – दोपहर 1 :30 बजे

## खेल डायरी



### रोइंगः बलराज पंवार पदक की दौड़ से बाहर

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में भारत के एकमात्र रोवर बलराज पंवार मंगलवार को पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल–4 में पांचवें स्थान पर रहे। आज यहां हुये मुकाबले में सेना के जवान पंवार 7 :05 .10 का समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इसी के साथ ही वह मौजूदा ग्रीष्मकालीन खेलों में पदक की दौड़ से बाहर हो गए। हालांकि, पंवार सेमीफाइनल सी/डी में बुधवार को रेस लगाएंगे। उनका लक्ष्य ओलंपिक रोइंग में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करना होगा।

### स्पेन को 2-1 से हराकर मिस्र क्वार्टर फाइनल में

**सेंट एटीने ( फ्रांस )।** इब्राहिम आदिल के दो गोल की मदद से मिस्र ने मंगलवार को यहां स्पेन को 2–1 से हराकर ग्रुप सी में शीर्ष पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक की पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इब्राहिम ने दोनों हाफ में एक–एक गोल किया जबकि स्पेन के लिए एकमात्र गोल मैच के अंतिम लम्हों में सेमु ओमोरोडियोन ने किया। ग्रुप के एक अन्य मैच में डोमीनिकन गणराज्य ने उज्बेकिस्तान से 1–1 से ड्रॉ खेला। उज्बेकिस्तान की टीम पहले ही बाहर हो चुकी थी जबकि ड्रॉ के साथ डोमीनिकन गणराज्य का सफर भी थम गया। प्रत्येक चार ग्रुप से शीर्ष दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी।

### जोकोविच ने मॉन्ट्रियल ओपन से नाम वापस लिया



**मॉन्ट्रियल।** नोवाक जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक में राफेल नडाल पर जीत के बाद अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेले जाने वाले मॉन्ट्रियल ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। जोकोविच ने ओलंपिक पुरुष एकल के दूसरे दौर में सोमवार को यहां नडाल को सीधे सेटों में हराया। जोकोविच की छह अगस्त से शुरू होने वाले नेशनल बैंक ओपन एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता में भाग लेने की योजना थी लेकिन आयोजकों ने बताया कि उन्होंने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। सर्बिया के इस टेनिस खिलाड़ी ने रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं लेकिन वह अभी तक ओलंपिक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाए हैं।

### लियानागे, करूणारत्ने की एकदिवसीय टीम में वापसी

**कोलंबो।** सीनियर ऑलराउंडर चमिका करूणारत्ने के साथ युवा बल्लेबाज जनिथ लियानागे और निशान मदुष्का को दो अगस्त से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मंगलवार को 16 सदस्यीय श्रीलंकाई टीम में शामिल किया गया। खेल और युवा मामलों के मंत्री हरिन फर्नांडो ने टीम को मंजूरी दी। श्रृंखला के मुकाबले दो, चार और सात अगस्त को यहां प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। लियानागे ने राष्ट्रीय टीम के लिए नौ वनडे और मदुष्का ने आठ टेस्ट मैच खेले हैं।

# मनु-सरबजोत ने कांस्य जीतकर दी दोगुनी खुशी

## 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम को सफलता, मनु के पास 25 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में तीसरा पदक जीतने का है मौका

शेटराउ, एजेंसी

- दक्षिण कोरिया के ली वोन्हो और ओ ये जिन को 16-10 से हराया
- मनु ने इससे पहले महिला एकल स्पर्धा में जीता था कांस्य पदक



मनु भाकर ने सरबजोत सिंह के साथ पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में दक्षिण कोरिया को हराकर इतिहास रच दिया। भारतीय जोड़ी ने कोरिया के ली वोन्हो और ओ ये जिन को 16-10 से हराकर देश को इस ओलंपिक में दूसरा पदक दिलाया। इससे पहले मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य जीता था।

मनु को अभी 25 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी उतरना है और उनके पास तीसरा पदक जीतने का भी मौका है। सरबजोत 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत वर्ग में क्वालीफिकेशन में 577 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में जगह नहीं बना सके थे। मनु और सरबजोत ने क्वालीफिकेशन दौर में 580 स्कोर करके कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी ।

मनु ने जीत के बाद कहा, मैं बहुत ही गर्व महसूस कर रही हूं। सभी को शुभकामनाओं के लिये धन्यवाद। उन्होंने कहा, हम विरोधी टीम के प्रदर्शन पर नियंत्रण नहीं कर सकते लेकिन अपना प्रदर्शन तो अपने साथ में है। मैंने और मेरे जोड़ीदार ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके अंत तक जुझारूपन नहीं छोड़ा। ब्रिटिश मूल के भारतीय खिलाड़ी नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 ओलंपिक में 200 मीटर फर्राटा और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीते थे लेकिन वह उपलब्धि आजादी से पहले की थी।

अंबाला के निशानेबाज सरबजोत पर व्यक्तिगत वर्ग में नाकाम रहने के बाद अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव था। उन्होंने कहा, मुझे अच्छा लग रहा है। मुकाबला काफी कठिन था और काफी दबाव था। तोक्यो ओलंपिक में मनु पिस्टल में खराबी आने के कारण फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी थी लेकिन यहां दो पदक जीतकर उन्होंने हर जख्म पर मरहम लगा दिया। भारत की शुरूआत खराब रही जब सरबजोत का पहला शॉट 8.6 रहा लेकिन मनु ने 10.2 बनाया। कोरियाई जोड़ी ने कुल 20.5 स्कोर करके 2-0 की बढ़त बना ली। मिश्रित टीम वर्ग में पहले 16 अंक तक पहुंचने वाली टीम विजयी रहती है। पहला सेट हारने के बाद मनु ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए सिर्फ तीन बार 10 से कम स्कोर किया। इसके बाद से कोरियाई टीम के लिये वापसी करना मुश्किल हो गया था।

### तोंडइमन 21वें स्थान पर रहे, महिलाएं पिछड़ीं

**शेटराउ ( फ्रांस )।** भारतीय निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडइमन ने यहां पुरुष ट्रैप स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर के अंतिम दो राउंड में परफेक्ट 25 का निशाना लगाया लेकिन इसके बावजूद 21वें स्थान पर रहे। तोंडइमन पांच राउंड में 125 शॉट में से कुल 118 का स्कोर ही बना सके। सैंतीस साल के तोंडइमन ने पांच राउंड में 22, 25, 21, 25 और 25 अंक बनाये, जिनमें से दो राउंड शेटराउ शूटिंग सेंटर में क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन हुए। महिला ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी और श्रेयसी सिंह पूरी तरह से निशाने से चूक गईं। राजेश्वरी ने पहले दिन क्वालीफिकेशन के तीन राउंड में 75 में से 68 शॉट लगाए और 30 प्रतियोगियों में 21वें स्थान पर रहीं जबकि श्रेयसी 22वें स्थान पर रहीं। फाइनल के लिए शीर्ष छह निशानेबाज तय होने से पहले दोनों बुधवार को क्वालीफिकेशन के दो और राउंड खेलेंगी।

#### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| जापान | 7 | 2 | 4 | 13 |
| चीन | 6 | 6 | 2 | 14 |
| फ्रांस | 5 | 8 | 4 | 17 |
| ऑस्ट्रेलिया | 5 | 4 | 0 | 9 |
| द. कोरिया | 5 | 3 | 3 | 11 |
| अमेरिका | 3 | 8 | 9 | 20 |
| ब्रिटेन | 3 | 5 | 3 | 11 |
| इटली | 2 | 3 | 3 | 8 |
| कनाडा | 2 | 1 | 2 | 5 |
| हांगकांग | 2 | 0 | 1 | 3 |
| जर्मनी | 2 | 0 | 0 | 2 |
| कजाखिस्तान | 1 | 0 | 2 | 3 |
| भारत | 0 | 0 | 2 | 2 |

## अश्विनी-तनीषा का अभियान खत्म

**पेरिस।** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो को मंगलवार को महिला युगल स्पर्धा के ग्रुप सी में सेतियाना मोपासा और एंजेला यू की ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। जिससे व्यक्तिगत स्पर्धा में भारतीय जोड़ी के अभियान का तीसरी हार के साथ निराशाजनक अंत हुआ। अश्विनी और तनीषा की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को मापुसा और यू की दुनिया की 26वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 15-21, 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। ग्रुप सी से किम सो यिओंग और कोंग ही योंग की दक्षिण कोरियाई जोड़ी तथा नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापान की चौथी वरीय जोड़ी ने शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।



## पंघाल-जैस्मीन का ओलंपिक अभियान समाप्त

**पेरिस।** भारत के अनुभवी मुक्केबाज अमित पंघाल मंगलवार को यहां पेरिस ओलंपिक की मुक्केबाजी स्पर्धा में पुरुष 51 किग्रा वर्ग में और पदार्पण करने वाली महिला मुक्केबाज जैस्मीन लम्बोरिया 57 किग्रा वर्ग में हारकर बाहर हो गये। पंघाल का पेरिस ओलंपिक अभियान राउंड 16 में अफ्रीकी खेलों के चैंपियन और तीसरे वरीय जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा से 1–4 से हारकर समाप्त हुआ जबकि जैस्मीन फिलीपींस की तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन नेस्टी पेटेसियो से 0–5 से हारकर बाहर हो गईं। भिवानी की 22 साल की जैस्मीन को भारतीय मुक्केबाजों में सबसे मुश्किल ड्रॉ मिला। यह युवा मुक्केबाज ओलंपिक के अंतिम क्वालीफायर से तुरंत पहले 60 किग्रा वजन वर्ग से खिसककर 57 किग्रा वर्ग में आई थी। लंबी कद काठी की यह युवा मुक्केबाज सटीक पंच नहीं लगा सकीं।

# सात्विक-चिराग ग्रुप सी में शीर्ष पर

पेरिस, एजेंसी



एशियाई खेलों की चैंपियन और पदक की दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष युगल स्पर्धा में मुहम्मद रियान अर्दिआंतो और फजर अल्फियान की इंडोनेशिया की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर ग्रुप सी में शीर्ष स्थान हासिल किया।

दुनिया की पांचवें नंबर की सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने अर्दियांतो और अल्फियान की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी को 40 मिनट में 21-13, 21-13 से हराया। ये दोनों जोड़ियां पहले ही अंतिम आठ में जगह बना चुकी थीं और इस मुकाबले से ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का फैसला हुआ। भारतीय जोड़ी ने ग्रुप में अपने सभी मैच जीते। अर्दियांतो और अल्फियान के खिलाफ छह मैचों में सात्विक और चिराग की यह चौथी जीत है। सात्विक और चिराग ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल टीम है।

# भारतीय हॉकी टीम का अजेय अभियान जारी

पेरिस, एजेंसी

- कप्तान हरमनप्रीत के दो गोल से आयरलैंड को 2-0 से हराया
- भारतीय टीम अब दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी



गोल करने के बाद जश्न मनाते भारतीय हॉकी खिलाड़ी। • एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए आयरलैंड को 2-0 से हराया। पहले दो मैचों में कई गलतियां करने वाली भारतीय टीम ने पूल बी के तीसरे मैच में मंगलवार को हाफटाइम तक आयरलैंड पर पूरा दबाव बनाये रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 11वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर पहला और 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल किया। भारत अब दो अगस्त को आस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

पिछले मैच में औसत प्रदर्शन करने वाले अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह ने आज बेहतरीन खेल दिखाया और कई अच्छे मूव बनाये । भारत ने पहली बार पहले क्वार्टर में गोल करके बढत बनाई जबकि पिछले दो मैचों में पहला गोल विरोधी टीम ने किया था। इस जीत के बावजूद पेनल्टी कॉर्नर गंवाने की भारत की कमजोरी तीसरे क्वार्टर में फिर उजागर हुई। पहले दो मैचों में 13 पेनल्टी कॉर्नर गंवाने वाली भारतीय टीम ने हाफटाइम तक एक भी पेनल्टी कॉर्नर नहीं गंवाया लेकिन तीसरे क्वार्टर में आठ पेनल्टी कॉर्नर गंवाये जिसने गोलकीपर श्रीजेश को व्यस्त रखा। आयरलैंड को इस मैच में दस और भारत को नौ पेनल्टी कॉर्नर और एक स्ट्रोक मिला। अगले दोनों मैच भारत को मौजूदा चैम्पियन बेल्जियम और आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीमों से खेलने हैं और उससे पहले कोच फुल्टोन को इस कमजोर कड़ी को कसना होगा। पिछले साल भारतीय टीम से जुड़े फुल्टोन आयरलैंड टीम के पूर्व कोच रहे हैं। इसके अलावा 19वें मिनट के बाद भारतीय टीम भी कोई गोल नहीं कर सकी। पेनल्टी कॉर्नर और फील्ड गोल नहीं कर पाने का खामियाजा आगे कठिन मैचों में भुगतना पड़ सकता है।

# तीरंदाजी: भजन की जीत अंकिता को मिली निराशा

पेरिस, एजेंसी

- पोलैंड की वियोलेटा मैसजोर पर 6-0 की शानदार जीत दर्ज की

भारतीय तीरंदाज भजन कौर ओलंपिक के महिला एकल वर्ग में मंगलवार को यहां पोलैंड की वियोलेटा मैसजोर पर 6-0 की शानदार जीत के साथ अंतिम 16 चरण में पहुंचने में सफल रही। भजन ने अंतिम 32 दौर में मैसजोर को हराने के साथ अंकित भकत की हार का बदला चुकता किया। पोलैंड की इस तीरंदाज ने इससे पहले अंतिम 64 चरण के मैच में अंकिता को 6-4 से हराया था। भजन ने शुरुआती मैच में इंडोनेशिया की साइफा नूरफीफा कमाल को 7-3 से शिकस्त देने के बाद वियोलेटा के खिलाफ लय जारी रखते हुए एकतरफा जीत दर्ज की।

भजन ने वियोलेट के खिलाफ पहले सेट और तीसरे सेट में 10 अंक वाले एक-एक और दूसरे सेट में दो निशाने लगाकर अपना दबदबा बनाया। उन्होंने 28-23, 29-26, 28-22 से आसान जीत दर्ज की। पहला सेट गंवाने के बाद अंकिता ने दूसरे और तीसरे सेट को जीत कर अच्छी वापसी की थी लेकिन पोलैंड की निशानेबाज ने आखिरी दो सेट में शानदार एकाग्रता दिखाते हुए जीत दर्ज की। इससे पहले भारत की पुरुष और महिला टीमों को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

# सुपर ओवर में भारत ने श्रीलंका को दी मात

पल्लेकल, एजेंसी

- शुभमन गिल 37 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए
- भारत ने टी20 शृंखला में श्रीलंका 3-0 से सूपड़ा साफ कर दिया




शुभमन गिल

भारत ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को जीत के लिए 138 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंका की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। इससे मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में मैच जाने पर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम दो विकेट पर दो रन ही बना सकी। भारतीय टीम ने सुपर ओवर की पहली ही गेंद पर मैच के साथ 3-0 से श्रृंखला में श्रीलंका का सूपड़ा भी साफ कर दिया।

मंगलवार को श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में यशस्वी जयसवाल ( 10 ) का विकेट गवां दिया। अगले ओवर में संजू सैमसन ( शून्य ) चौथे ओवर में रिंकू सिंह ( एक ) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। हालांकि इस दौरान शुभमन गिल एक छोर थामे रहे। बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गिल के साथ पारी संभालने का प्रयास किया, छठें ओवर में असिथा फर्नांडो ने सूर्यकुमार यादव ( 8 ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शिवम दुबे ( 13 ) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद गिल और रियान पराग के बीच छठें विकेट लिये 54 रनों की साझेदारी हुई। छठे विकेट के रूप में शुभमन गिल 37 गेंदों में ( 39 ) रन बनाकर आउट हुये। वहीं रियान पराग ने 18 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुये 26 रनों की पारी खेली। वॉशिंगटन सुंदर 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुये। रवि विश्नोई ( 8 ) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया।

### मंधाना, रेणुका रैंकिंग में चौथे और पांचवें स्थान पर

**दुबई।** भारत की स्मृति मंधाना आईसीसी टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान चढकर चौथे स्थान पर पहुंच गई जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर गेंदबाजों में पांचवें स्थान पर है। सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान मंधाना ने श्रीलंका के खिलाफ महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में 60 रन बनाये। उन्हें एक पायदान का फायदा मिला और उनके 743 रेटिंग अंक हैं। गेंदबाजों में रेणुका 722 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जिन्होंने टूर्नामेंट में सात विकेट लिये थे। इंग्लैंड की सोफी एस्सेलेटोन शीर्ष पर हैं जबकि दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर है। बल्लेबाजों में आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और ताहलिया मैकग्रा पहले दो स्थान पर हैं।

## मोट का इंग्लैंड के कोच पद से इस्तीफा

**लंदन।** टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने में विफलता के बाद मैथ्यू मोट ने मंगलवार को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों के कोच के पद से इस्तीफा दे दिया। उनकी जगह पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्कस ट्रेस्कोथिक को अंतरिम आधार पर नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड को टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में अंततः चैंपियन बने भारत ने हराकर बाहर कर दिया था जबकि टीम पिछले साल अपने 50 ओवर के विश्व कप खिताब का बचाव करने में भी असफल रही थी। मोट का कार्यकाल इंग्लैंड के 2022 में ऑस्ट्रेलिया में अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के साथ शुरू हुआ। इंग्लैंड ने फाइनल में पाकिस्तान को हराया था। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, इंग्लैंड क्रिकेट से जुड़े सभी लोगों और व्यक्तिगत रूप से मेरी ओर से, मैं मैथ्यू को उनकी नियुक्ति के बाद से टीम के लिए किए गए सभी कार्यों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

# मोहसिन एसीसी के अध्यक्ष बनने को तैयार

लाहौर, एजेंसी



- एशियाई क्रिकेट परिषद की बैठक में अध्यक्ष पद के मामले को लेकर चर्चा की गई थी
- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष दो साल के लिए अगले अध्यक्ष होंगे

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ( पीसीबी ) के निवर्तमान अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद ( एसीसी ) की रोटेशन नीति के अंतर्गत इस साल के अंत में इसके अगले अध्यक्ष बनने को तैयार हैं। हाल में एसीसी की बैठक में अध्यक्ष पद के मामले पर चर्चा की गई थी जिसमें नकवी अगले प्रमुख बनने की दौड़ में हैं।

एक सूत्र ने कहा, जब एसीसी इस साल के अंत में बैठक करेगी तो यह पुष्टि करेगी कि नकवी दो साल के कार्यकाल के लिए अगले अध्यक्ष होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) सचिव जय शाह निवर्तमान एसीसी अध्यक्ष हैं और उन्हें इस साल जनवरी में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एक साल का विस्तार मिला था।

सूत्र ने कहा, जब जय शाह पद से हटेंगे तो पीसीबी प्रमुख कार्यभार संभालेंगे। एसीसी ने हाल में एशिया कप 2025 के मेजबानी अधिकार भारत को दिये थे जिसमें यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जायेगा जबकि 2027 चरण वनडे प्रारूप में बांग्लादेश में खेला जायेगा।

## आडवाणी, ध्रुव लेंगे चैंपियनशिप में भाग

**मुंबई।** कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी तथा मौजूदा एशियाई और राष्ट्रीय बिलियड्र्स चैंपियन ध्रुव सितवाला तीन अगस्त से यहां शुरू होने वाली वेस्टर्न इंडिया बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन तीन श्रेणियों सीनियर बिलियड्र्स, सीनियर स्नूकर और जूनियर स्नूकर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मौजूदा राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियन सौरव कोठारी, आदित्य मेहता, लक्ष्मण रावत, रूपेश शाह, ध्वज हरिया, आलोक कुमार, सिद्धार्थ पारिख और एस श्रीकृष्णा भी हिस्सा लेंगे। सीनियर स्नूकर चैंपियन को दो लाख रुपये और उपविजेता को 1.2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। सीनियर बिलियड्र्स विजेता को एक लाख रुपये और उपविजेता को 50,000 रुपये जबकि जूनियर वर्ग में विजेता और उपविजेता को क्रमशः 40,000 और 20,000 रुपये की इनामी राशि मिलेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली ( उत्तर प्रदेश ) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद ( उत्तर प्रदेश ) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286( कार्यालय ), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 ( नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा )।

## एक नजर

### मोरक्को में 2,476 कैदियों को मिला क्षमादान

**रबात।** मोरक्को के सुल्तान मोहम्मद षष्ठम ने मंगलवार को यहां सिंहासन दिवस पर 2,476 कैदियों को क्षमादान दे दिया। मोरक्को के न्याय मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अवकाश सिंहासन दिवस पर 2,278 ऐसे कैदियों को माफी दी गई, जिनकी जेल की सजा में कमी आई, जबकि 182 अन्य की जेल की सजा या जुर्माना या दोनों रद कर दिये गये। इसके अलावा, पुनर्वास कार्यक्रम पूरा कर चुके चरमपंथ और आतंकवाद के दोषी 16 कैदियों को भी माफ़ी दे दी गयी।

### चाकूबाजी की घटना में एक और बच्ची की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उत्तर-पश्चिमी इंग्लैंड के साउथपोर्ट में बच्चों की डांस क्लास में हुई चाकूबाजी की घटना में नौ साल की एक बच्ची की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। इससे पहले, छह और सात साल की दो बच्चियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। पांच अन्य जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। उधर, मर्सीसाइड पुलिस के जासूसों ने मामले में 17 वर्षीय संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की।

### अमेरिका के बारस्टो में 4.9 तीव्रता का भूकंप

**बारस्टो।** अमेरिका में लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित रेगिस्तानी इलाके में सोमवार को 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, इससे जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने कहा कि दोपहर करीब एक बजे आए भूकंप का केंद्र बारस्टो से 13 .7 मील (22 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में था।

### तुर्की ने 13 आतंकवादियों को मार गिराया

**अंकारा।** तुर्की बलों ने उत्तरी इराक में चलाए गए एक अभियान में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 13 सदस्यों को मार गिराने का दावा किया है। यह जानकारी तुर्की रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को दी। बयान में कहा गया है यह अभियान इराक के गारा और हफ्तानिन क्षेत्रों में चलाया गया। सही समय की हालांकि जानकारी नहीं दी गई। मंत्रालय ने कहा हम अपने महान देश को आतंकवाद के संकट से बचाने के लिए बड़ी दृढ़ता के साथ अपना संघर्ष जारी रखे हुए हैं और जारी रखेंगे।

### यूएन के कर्मचारियों को ले जा रहे वाहन पर हमला

**डेरा इस्माइल खान।** अफगानिस्तान की सीमा से सटे उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र विकास एजेंसी के लिए काम करने वाले स्थानीय कर्मचारियों को ले जा रहे एक बुलेटप्रूफ वाहन पर अज्ञात बंदूकधारियों ने मंगलवार को गोलीबारी की, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल सलाम ने बताया कि खैबर के डेरा इस्माइल खान जिले में संयुक्त राष्ट्र परियोजना सेवा कार्यालय के वाहन पर हमला हुआ।

## ईरान में राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में 80 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**तेहरान।** ईरान में मंगलवार को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के शपथ ग्रहण समारोह में लगभग 80 देशों के उच्चपदस्थ अतिथि शामिल होंगे। ईरान की संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति आयोग के सदस्य अलादीन बोरौजेर्डी ने यह जानकारी दी।



- संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति आयोग के सदस्य अलादीन बोरौजेर्डी ने दी जानकारी

इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन करेंगे। मेहर समाचार एजेंसी ने बोरौजेर्डी के हवाले से कहा राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह में लगभग 80 देशों की संसदों के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें विभिन्न संसदों के 11 अध्यक्ष, चार उपाध्यक्ष, छह प्रधानमंत्री, दो राष्ट्रपति और कई मंत्री शामिल होंगे। उद्घाटन समारोह को 600 ईरानी और विदेशी पत्रकारों द्वारा कवर किया जाएगा।

# भूस्खलन की वजह जानेंगे तो नहीं करेंगे ये गलती

भूस्खलन की घटनाएं किसी त्रासदी से कम नहीं होती है। यह घटना सामान्य तौर पर प्राकृतिक कारणों से घट सकती है, लेकिन वर्तमान में मनवीय जनजीवन के पसरते पांव भी भूस्खलन की मुख्य वजह बन चुके हैं। भूस्खलन की सर्वाधिक घटनाएं पहाड़ी क्षेत्रों में घटती हैं। आए दिन पहाड़ों के दरकने और सड़कें खिसकने की घटनाएं देखी जाती हैं। केरल के वायनाड में भूस्खलन से कई जाने चली गईं। वहीं पिछले दिनों नागालैंड के दीमापुर और कोहिमा के बीच चुमौकेदिमा में राष्ट्रीय राजमार्ग 29 पर विशाल चट्टानें दो कारों पर खिसक गईं, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह पिछले हफ्ते जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में भूस्खलन की घटना से 270 किलोमीटर लंबा जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया। बरसात का मौसम आते ही देश के पहाड़ी हिस्सों में भूस्खलन आम है। आखिर कैसे इस संकट से बचा जा सकता है, जानते हैं इस रिपोर्ट में



### क्या होता है भूस्खलन

पहाड़ी क्षेत्रों से चट्टानों का गिरना, जमीन का खिसकना, कीचड़ का तेज बहाव या मलबे का विनाशकारी प्रवाह आदि को भूस्खलन नाम दिया गया है। भूस्खलन केवल जमीन के खिसकना नहीं है। मलबे के बहाव को आमतौर पर मडस्लाइड भी कहा जाता है लेकिन यह भी एक प्रकार का भूस्खलन है। भूस्खलन पांच तरह के देखे गए हैं। कभी चट्टान गिर जाती है, कभी चट्टान पलट जाती है तो कभी चट्टान ऊपर से नीचे की ओर खिसकती है। भूस्खलन अक्सर भूकंप, बाढ़ और ज्वालामुखी फटने के साथ भी आते हैं।

### हिमालय क्षेत्र के 40 फीसद हिस्सा संवेदनशील

कुमाऊं हिमालय क्षेत्र का करीब 40 फीसदी हिस्सा इन्हीं वजहों से भूस्खलन के लिए काफी संवेदनशील माना जाता है। भारी बारिश से पहाड़ी क्षेत्र में भूस्खलन की बड़ी घटनाएं आम हैं। पिछले दिनों हिमालय क्षेत्र में जितने भी भूस्खलन हुए हैं, वे सभी के सभी भारी बारिश के चलते हुए हैं। वनों की कटाई के अलावा भूकंप और मूसलाधार बारिश के चलते भी बड़े भूस्खलन देखने को मिलते हैं।

### यह है भूस्खलन की मुख्य वजह

भूस्खलन की कई वजहें होती हैं। इनमें प्राकृतिक घटनाएं तो शामिल हैं लेकिन प्रकृति के साथ मानवीय हस्तक्षेप को भी बड़ी वजह माना जाता है। खासतौर पर तीन वजहों से विनाशकारी भूस्खलन आते हैं। इनमें सबसे पहला है – वनों की अंधाधुंध कटाई। इसे सबसे बड़ा इंसानी हस्तक्षेप माना गया है। यह भूस्खलन के प्रमुख कारणों में से एक है। वनों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता है। पहाड़ों पर चट्टानों की पकड़ ढीली हो जाती है। पेड़ों की जड़ें मिट्टी और चट्टानों को बांधने में मदद करती हैं।

### पर्यावरण संरक्षण से हादसे टाले जा सकते हैं

भूस्खलन का सबसे बड़ा सबक पर्यावरण संरक्षण है। प्रकृति से खिलबाड़ पर्यावरण के लिए विनाशकारी साबित हो रहा है। वनों की कटाई, पहाड़ों में हस्तक्षेप, नदियों का संरक्षण, अंधाधुंध औद्योगिकरण आदि क्षेत्रों की ओर विशेष सतर्कता रखने की जरूरत है। विकास जरूरी है लेकिन प्रकृति के विनाश की बुनियाद पर कतई नहीं।

# वेनेजुएला में भारी हिंसा, चुनाव में धांधली का आरोप, 20 कर्मी घायल

## तीसरी बार राष्ट्रपति बने मादुरो का विरोध, कई जगह आगजनी व तोड़फोड़

वेनेजुएला, एजेंसी

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की जीत के बाद बड़े पैमाने पर प्रदर्शन शुरू हो गया है। विपक्षी नेताओं का आरोप है कि रिजल्ट में धांधली हुई है जिसके बाद जनता सड़कों पर उतर आई है। प्रदर्शनकारियों से झड़प में 20 सैन्य कर्मी घायल हो गए।

विपक्ष के उम्मीदवार एडमुंडो गोंजालेज ने घोषणा की कि उनके प्रचार अभियान दल के पास जरूरत पड़ने पर यह दिखाने के लिए सबूत हैं कि राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता है लेकिन चुनावी प्राधिकारियों ने राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को जीत दे दी है। हजारों की भीड़ देश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन कर रही है। कई जगहों पर आगजनी भी देखने को मिली है। हजारों लोग राजधानी कराकस में राष्ट्रपति भवन के पास पहुंच गए हैं, लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर रबर की गोलियां दागीं और आंसू गैस छोड़े। राजधानी से 400 किमी दूर कुमाना में कई लोगों ने मादुरो की पार्टी ऑफिस पर कब्जा करने की कोशिश की।



वेनेजुएला में पथराव करते प्रदर्शनकारी।



सड़क पर फूंका गया वाहन। ● एजेंसी

### सैन्यकर्मी को लगी गोली

**कराकस।** वेनेजुएला में हिंसा के दौरान 20 से अधिक सैन्यकर्मी घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ को गोली लगी है। जिनमें से कुछ को गोली लगी है। उन्होंने देश के नागरिकों और राजनीतिक ताकतों से शांत रहने का आह्वान किया।

### पारदर्शी रिजल्ट हो जारी

अमेरिका ने मादुरो की जीत पर कहा उन्हें चुनाव रिजल्ट पर यकीन नहीं है। एंटनी ब्लिंकन ने क्वाड की बैठक में यह बात कही थी। संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय यूनियन समेत कई देशों ने वेनेजुएला में पारदर्शी तरीके से रिजल्ट जारी करने की मांग की है।

### तख्तापलट की कोशिश

राष्ट्रपति मादुरो ने दावा किया कि वेनेजुएला में तख्तापलट की कोशिश की जा रही है। चुनाव बाद ऐसा होगा इसका अंदाजा था, लेकिन वे उनके मंसूबों को कामयाब होने नहीं देंगे। वेनेजुएला कई सालों से आर्थिक संकट झेल रहा है।

## इमरान ने 12 मामलों में जमानत के लिए अदालत का किया रुख

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने पिछले साल 9 मई को हुए दंगों से जुड़े 12 मामलों में जमानत के लिए यहां एक आतंकवाद रोधी अदालत का रुख किया है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून में मंगलवार को आई एक खबर के अनुसार, खान के वकील सलमान सफदर के नेतृत्व में कानूनी टीम ने याचिकाएं दायर की हैं। इस समय सभी मामलों में न्यायिक हिरासत में बंद खान ने दावा किया कि उनसे कोई बरामदगी नहीं हुई है। उन्होंने दलील दी कि ये मामले दुर्भावना से प्रेरित हैं और राजनीतिक प्रतिशोध में ऐसा किया गया है। याचिकाओं में अदालत से इन मामलों में जमानत देने का अनुरोध किया गया है। हाल में, लाहौर उच्च न्यायालय ने नौ मई की घटना से जुड़े कई मामलों में खान की न्यायिक हिरासत को अमान्य घोषित करके उन्हें बड़ी राहत दी थी।



## तालिबान ने विदेशों में अफगान मिशन को किया अस्वीकार

- यूरोप में राजनयिकों की ओर से जारी पासपोर्ट, वीजा को नहीं देगा मान्यता

**इस्लामाबाद।** तालिबान ने विदेश में स्थित कई अफगान राजनयिक मिशन को मंगलवार को अस्वीकृत करते हुए कहा कि वह अफगानिस्तान में पश्चिमी देशों द्वारा समर्थित पूर्व प्रशासन से जुड़े राजनयिकों की ओर से जारी पासपोर्ट, वीजा और अन्य दस्तावेजों को मान्यता नहीं देगा। इस कदम को तालिबान की राजनयिक मिशन पर नियंत्रण हासिल करने की नई कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। यूरोपीय एंबेसी की कई सोवाओं को भी बंद कर दिया गया।

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक बयान में कहा कि लंदन, बर्लिन, बेल्जियम, बॉन, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, फ्रांस, इटली, यूनान, पोलैंड, ऑस्ट्रेलिया, स्वीडन, कनाडा और नॉर्वे स्थित मिशन द्वारा जारी किए गए दस्तावेज अब मान्य नहीं हैं और मंत्रालय उन दस्तावेजों की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। इस घोषणा से प्रभावित होने वाले दस्तावेजों में पासपोर्ट, वीजा स्टिकर, विलेख और अन्य दस्तावेज शामिल हैं। मंत्रालय ने लिखा है कि इन देशों के लोगों को तालिबान की इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान (आईईए) सरकार द्वारा नियंत्रित दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों से संपर्क करना होगा। उसने कहा विदेश में रहने वाले सभी अफगान नागरिक और विदेशी, वाणिज्य दूतावास सेवाओं का लाभ उठाने के लिए उपर्युक्त मिशन के अलावा अन्य देशों में आईईए राजनीतिक और वाणिज्य दूतावास मिशन जा सकते हैं।

### ईरान ने अमेरिकी खुफिया बयानों को किया खारिज

**तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने अमेरिका में आगामी चुनावों में अपने कथित हस्तक्षेप के संबंध में अमेरिकी खुफिया बयानों को खारिज कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को बताया कि अमेरिका के राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के कार्यालय ने निराधार दावे किए थे कि रूस, चीन और ईरान कथित तौर पर अमेरिकी मतदाताओं और आगामी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने के लिए विपणन, संचार और अन्य साधनों का उपयोग करते हैं।

## लापता सैन्य हेलिकॉप्टर का मलबा और दो पायलटों के शव मिले

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में पिछले 17 दिनों लापता एक सैन्य हेलिकॉप्टर का मलबा सोमवार को कार्डमम पर्वत में देखा गया। हेलीकॉप्टर के दोनों पायलटों की मौत की पुष्टि की गई। एक रक्षा प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता जनरल छम सोचेत ने कहा कि 30 जुलाई 2024 को सुबह 10:30 बजे रॉयल कंबोडियन सशस्त्र बल (आरसीएएफ) की खोज टीम को दुर्घटनास्थल से लगभग 210 मीटर दूर यव याई पर्वत की तलहटी में पायलट सन फाल्ला का शव मिला। सहायक पायलट खेंग छैयुथ का शव सोमवार को स्थानीय समयानुसार शाम करीब पांच बजे मिला था। प्रवक्ता ने कहा मैं दो पायलटों की मौत की खबर से स्तब्ध और दुखी हूं।

## पुंछ में संदिग्धों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया

जम्मूए एजेंसी

- एक गांव में दो संदिग्ध आतंकवादियों की सूचना पर सुरक्षा बलों ने की घेराबंदी



जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक सुदूर गांव में दो संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है। सुरक्षा बल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि काले रंग के कपड़े पहने, हथियारबंद दो संदिग्धों को सोमवार देर रात देहरा की गली के पास सलामपुरा गांव में घूमते देखा गया।

सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से संयुक्त अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों को निचले पंगाई इलाके की ओर बढ़ते देखा गया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान जारी है, लेकिन फिलहाल संदिग्धों का पता नहीं लग सका है। सुरक्षा बलों ने पुंछ के सुरनकोट इलाके के सनाई, जंगल, पट्टन और आसपास के गांवों तथा किश्तवाड़ जिले के द्राबशल्ला इलाके में छानबीन की।

## विदेशी नेताओं के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल का ताइवान ने किया स्वागत

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने मंगलवार को विदेशी सांसदों के अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल का यहां स्वागत किया। लाई ने कहा कि यह लोकतंत्रों के एकजुट होने के महत्व को दर्शाता है जबकि चीन ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों पर यह यात्रा न करने का दबाव डाला था। लाई ने कहा यह ताइवान को अन्य देशों के समर्थन और महत्व को दर्शाता है। यह दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों को एक महत्वपूर्ण संदेश भी देता है। लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए एकजुटता की आवश्यकता है और हमें मिलकर लोकतंत्र की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने ताइपे में चीन पर अंतर-संसदीय गठबंधन द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

## भारतीय छात्रा ने टीम इंडिया के लिए जीता रजत पदक

लंदन, एजेंसी

- प्रतियोगिता में भारतीय दल ने रजत पद के अलावा, दो कांस्य पदक भी हासिल किए



यहां रहने वाली 17 वर्षीय भारतीय मूल की स्कूली छात्रा ने नीदरलैंड में यूरोपियन गर्ल्स ओलंपियाड इन इंफॉर्मेटिक्स (ईजीओआई) प्रतियोगिता में टीम इंडिया के लिए रजत पदक जीता है। इस प्रतियोगिता में भारतीय दल ने रजत पद के अलावा, दो कांस्य पदक और एक सम्माननीय उल्लेख के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

डुलविच के एलेन्स स्कूल की छात्रा आन्या गोयल के सामने कंप्यूटर विज्ञान में रुचि रखने वाली छात्राओं की इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 50 देशों की शीर्ष कोडर की चुनौती थी। प्रतियोगिता सप्ताहांत में वेल्डहोवन में संपन्न हुई। गणित में रुचि रखने वाले छात्रों ने टीमों के लिए निर्धारित चुनौतियों की एक श्रृंखला को हल करने के लिए नवोन्मेषी समाधान निकाले। गोयल ने कहा मुझे बहुत गर्व है कि मैंने भारत के लिए रजत पदक जीता है जब प्रतिस्पर्धी प्रोग्रामिंग दुनिया भर में, विशेषकर भारत में लोकप्रिय खेलों में से एक के रूप में उभर रही है।

## हैती में प्रधानमंत्री को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए चलाई गोली

**हैती।** हैती के प्रधानमंत्री गैरी कोनिले को पोर्ट-ऑ-प्रिंस स्थित एक अस्पताल से बाहर निकलते समय सुरक्षा मुहैया कराने के लिए सुरक्षा अधिकारियों को गोलियां चलानी पड़ीं। प्रधानमंत्री के कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक बयान में बताया कि कोनिले राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख नॉर्मिल रामेउ और कुछ पत्रकारों के साथ हैती के सबसे बड़े अस्पताल गए थे, तभी इमारत के बाहर गोलियों की आवाज सुनी गई। प्रधानमंत्री ने एक साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग पूरी की थी, तभी गोलियों की आवाज सुनाई दी। इसमें कहा गया है कि उनके और उनके साथ मौजूद दल के बाहर निकलते ही सुरक्षाकर्मियों ने कुछ गोलियां चलाईं। प्रधानमंत्री और उनकी टीम अस्पताल से सुरक्षित बाहर निकल गए।

## बॉलीवुड हलचल

### सफलता के जश्न के लिए अमिताभ ने की खास तैयारी



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी की सफलता का जश्न मनाने के खास प्लानिंग की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। यह फिल्म ताबड़तोड़ कमाई के साथ हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। फिल्म कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड ग्रास 1100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। अमिताभ ने फिल्म की ब्लॉकबस्टर होने का जश्न मनाने के लिए कुछ खास प्लानिंग की है। अमिताभ ने अपने हालिया ब्लॉग में खुलासा किया कि फैंस के लिए फिल्म के खास शो आयोजित किए जाने की संभावना है।

### जल्द रिलीज होगी सनी की फिल्म कोटेशन गैंग



**मुंबई।** बॉलीवड अभिनेत्री सनी लियोनी की फिल्म कोटेशन गैंग, 30 अगस्त को रिलीज होगी। वह इन दिनों अपनी आने इस फिल्म को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। पहले यह फिल्म जुलाई में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म 30 अगस्त को रिलीज होगी। यह फिल्म तीन भाषा हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी। सनी लियोनी ने इंस्टाग्राम पर नई रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है, साथ ही उन्होंने फिल्म में अपने इंटेंस अवतार को दिखाने वाला एक नया मोशन पोस्टर भी शेयर किया है। सनी लियोनी ने लिखा मुझे अनाउंस करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कोटेशन गैंग 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। अपने यादगार सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म में सनी लियोनी के अलावा जैकी श्रॉफ, प्रियामणि, सारा अर्जुन, अशरफ मल्लिसरी, जया प्रकाश, अक्षय, प्रदीप कुमार, विष्णु वारियर, सोनल खिलवानी, कियारा, सतिंदर और शेरिन की भी अहम भूमिका है।

### 61 वर्ष की हुईं मंदाकिनी

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री मंदाकिनी 61 वर्ष की हो गई हैं। मंदाकिनी का जन्म 30 जुलाई 1963 को एंग्लो-इंडियन परिवार में मेरठ में हुआ था। उनके पिता जोसफ बिट्रिश नागरिक थे जबकि मां मुस्लिम थीं। मंदाकिनी के बचपन का नाम यास्मीन जोसेफ था। मंदाकिनी ने अपने करियर कीशुरूआत वर्ष 1985 में प्रदर्शित बंगाली फिल्म अंतारेर भालोबाशा से की थी। वर्ष 1985 में ही मंदाकिनी ने फिल्म मेरा साथी से बॉलीवुड में भी कदम रख दिया। हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर बुरी तरह से नकार दी गई थी।

**खगोल विज्ञान** | जेमिनी वेधशाला व हबल स्पेस टेलीस्कोप से इसके रहस्यों को समझने का प्रयास

# गोलाकार कलस्टर खोलेगा ब्रह्मांड के अतीत का रहस्य

संववाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने एक गोलाकार क्लस्टर एनजीसी 6558 का अध्ययन किया है। घने तारों की निकटता वाला यह कलस्टर ब्रह्मांड के अतीत, निर्माण व विकास की जानकारी जुटाने में मददगार साबित हो सकती है। जेमिनी वेधशाला व हबल स्पेस टेलीस्कोप से इसके रहस्यों को समझने का प्रयास किया गया है।



गोलाकार क्लस्टर एनजीसी 6558 की तस्वीर। ● अमृत विचार

सही मायनों में ब्रह्मांड के अस्तित में आने को लेकर हमारी समझ आज भी आधी अधूरी है। मगर यह जानकारी इतनी महत्वपूर्ण है कि इस संदर्भ में वास्तविक जानकारी मिल जाय तो संभव है कि विकास की राह में मानव अंतरिक्ष से बहुत कुछ हासिल कर सकता है। जिसके चलते वैज्ञानिक पिछले कई दशकों से ब्रह्मांड की थाह पाने में प्रयासरत हैं। इस दिशा में खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने एनजीसी 6558 गैलेक्टिक गोलाकार क्लस्टर (तारों का गोलाकार समूह) की जांच की है। यह गोलाकार क्लस्टर समूह आकाशगंगाओं की परिक्रमा करने वाले घनिष्ट तारों का संग्रह हैं। खगोलशास्त्री इन्हें सितारों और आकाशगंगाओं के विकास पर अध्ययन करने में सक्षम प्राकृतिक प्रयोगशालाओं के रूप में देखते हैं। माना जाता है कि गोलाकार क्लस्टर प्रारंभिक आकाशगंगाओं के निर्माण के इतिहास और विकास को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकते हैं। एनजीसी 6558 जीसीएल 89 या ईएसओ 456-एससी62 के रूप में भी जाना जाता है, जो पृथ्वी से लगभग 24,100 प्रकाश वर्ष दूर धनु राशि में स्थित है। माना जाता है कि यह आकाशगंगा की सबसे पुरानी वस्तुओं में से एक हो सकती है।

### 13.62 अरब वर्ष पुराना है यह कलस्टर

एनजीसी 6558 कलस्टर की आयु 13 .62 अरब वर्ष है और रासायनिक संवर्धन की तुलना में अन्य कलस्टरों से 10 गुना तेज है। ब्राज़ील स्थित साओ पाउलो विश्वविद्यालय के स्टेफ़ानो सूज़ा के नेतृत्व में कई देशों के खगोलविदों के समूह ने इस क्लस्टर की निकट अवरक्त और ऑप्टिकल फोटोमेट्री को उजागर किया है। ब्रह्मांड के विकास को लेकर भविष्य में किए जाने अध्ययनों में यह शोध मददगार साबित होगा।